

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 पुतिन ने तेज की मिसाइलों की बारिश, युद्धपोत हटा रहे.....

ट्रंप ने पूर्व सहयोगी पीटर नवारो को ट्रेड एडवाइजर किया नियुक्त..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 232 | पटना, शुक्रवार, 06 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.0°C

न्यूनतम तापमान 21.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# पीएम मोदी और भूटान नरेश की बैठक, भारत-नेपाल द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के आर्थिक विकास के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने गुरुवार को नई दिल्ली में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बैठक के दौरान पड़ोसी देश को उसकी 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए भारत के डेवलपमेंट सपोर्ट को दोगुना करने पर प्रकाश डाला। भूटान नरेश के साथ अपनी बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत में भूटान के महाराज और महारानी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। भूटान की प्रगति और क्षेत्रीय विकास के लिए महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के दृष्टिकोण की मैं सराहना करता हूं। हम भारत और भूटान के बीच अद्वितीय और स्थायी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी और भूटान नरेश ने द्विपक्षीय रिश्तों की शानदार स्थिति पर संतोष व्यक्त किया, जिसमें डेवलपमेंट सपोर्ट, स्वच्छ ऊर्जा



साझेदारी, व्यापार और निवेश, अंतरिक्ष-टेक्नोलॉजी सहयोग और लोगों के बीच संबंध शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के मुताबिक नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संपर्क बढ़ाने में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसमें बताया गया कि भूटान नरेश ने भूटान के प्रति दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री और भारत की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, बैठक में भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को रेखांकित किया गया, जो आपसी विश्वास, सहयोग और गहन समझ की भावना को दशार्ता है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का आधार है। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान की रानी जेटसन पेमा वांगचुक का स्वागत करते हुए, पीएम मोदी ने मार्च 2024 में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान भूटान की सरकार और लोगों की असाधारण गर्मजोशी से भरी मेजबानी को भी याद किया। चर्चा के बाद प्रधानमंत्री ने नेपाल के महाराजा और महारानी के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन किया।

# फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

## एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की ली शपथ



प्रात: किरण

मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में दिग्गज भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को शपथ ली। मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस के साथ शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में फडणवीस के नाम पर बुधवार को मुहर लगाई गई थी। इसके बाद, फडणवीस, शिंदे और पवार ने 4 दिसंबर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर महायुति सरकार बनाने का दावा पेश किया था। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की थी। उसने 288 में से 235 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह परिणाम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी को बड़ा झटका लगा, जिसमें कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिली थीं। गठबंधन सहयोगी शिवसेना यूबीटी ने 20 सीटें जीतीं, जबकि एनसीपी शरद पवार गुट को सिर्फ 10 सीटें मिली थीं।

### सीएम नीतीश ने फडणवीस को दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर देवेंद्र फडणवीस को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में महाराष्ट्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी सहित एनडीए नेताओं का जुटान

मुंबई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह, राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उद्योग तथा फिल्म जगत की कई दिग्गज शामिल हुए। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित राजग शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और रामदास आठवले भी इस कार्यक्रम में मंच पर मौजूद थे। उद्योगपति मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला तथा अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर, माधुरी दीक्षित-नेने, संजय दत्त और क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर भी समारोह में उपस्थित थे।

### रणनीतिक कौशल के बलबूते हुई फडणवीस की ताजपोशी

मुबंई। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर महाराष्ट्र की राजनीति में अपना लोहा मनवाने वाले भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह इससे पहले भी दो बार इस पद पर रह चुके हैं। बीस नवंबर के विधानसभा चुनाव में भाजपा के निर्णायक प्रदर्शन के बाद फडणवीस को बुधवार को प्रदेश भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ उनके तीसरी बार राज्य की बागडोर संभालने की राह तैयार हो गई। फडणवीस की राजनीतिक यात्रा उल्लेखनीय रही है। इस दौरान उन्होंने एक गुमनाम पार्षद से लेकर नागपुर का सबसे युवा महापौर बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा के भीतर एक प्रमुख नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। उल्लेखनीय बात यह है कि वह शिवसेना के मनोहर जोशी के

# हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार : 11 मंत्रियों ने ली शपथ

## राज्यपाल ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को दिलाई शपथ



प्रात: किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का गुरुवार को कैबिनेट विस्तार हुआ जिसमें 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन में आयोजित समारोह में सभी नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन मंत्रियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा से दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, हफीजुल हसन, सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र महतो और चमरा लिंडा शामिल हैं। कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर और शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय जनता दल से संजय प्रसाद यादव को कैबिनेट में जगह दी गई है। इन मंत्रियों से पहले राज्यपाल ने झामुमो के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई गई। राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

### कैबिनेट में छह नए और पांच पुराने चेहरे :

नवगठित कैबिनेट में छह नए और पांच पुराने चेहरे हैं। नए मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव शामिल हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में इस बार आठ महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इनमें से दो को कैबिनेट में जगह मिली है। कैबिनेट में राज्य के पांचों प्रमंडलों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। संथाल परगना से सर्वाधिक चार मंत्री बनाए गए हैं। कोल्हान, दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से दो-दो और पलामू प्रमंडल से एक विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। सरकार ने मंत्रिमंडल में विभिन्न समुदायों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। अनुसूचित जनजाति से चार, अनुसूचित जाति से एक, ओबीसी से तीन, अल्पसंख्यक समुदाय से दो और सवर्ण समुदाय से एक विधायक को प्रतिनिधित्व दिया गया है। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में सोरेन के नेतृत्व वाले चार दलों के गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा माले को दो सीटें मिली थीं।

भाकपा माले ने मंत्रिमंडल से बाहर रहने का फैसला किया था। हेमंत सोरेन की पिछली सरकार के सात मंत्री इस बार कैबिनेट में नहीं दिखेंगे। पूर्व की सरकारों में सबसे बुजुर्ग मंत्री रहे रामेश्वर उरांव को इस बार जगह नहीं मिल पाई। चार पूर्व मंत्री बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर और वैद्यनाथ राम चुनाव हार गए। सत्यानंद भोक्ता इस बार चुनाव नहीं लड़ पाए, जबकि चंपई सोरेन पहले ही सत्तारूढ़ गठबंधन को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए थे।

### स्टीफन मरांडी झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरूवार को स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री गंगवार ने राज भवन के अशोक उद्यान में आयोजित आज एक सादे समारोह में श्री मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्हें विधानसभा की सदस्यता की भी शपथ दिलाई गई ।श्री मरांडी झारखंड विधानसभा के वरिष्ठतम सदस्य हैं और 1980 में पहली बार विधायक चुने गए थे।

# सीएम नीतीश ने एशिया कप विजेता जूनियर भारतीय हॉकी टीम को दी बधाई



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम को जूनियर एशिया कप फाइनल में जीतने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के विरुद्ध जीत हासिल की है। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देश को गर्व है। सभी युवा खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

# गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा : गडकरी



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि राजमार्गों के निर्माण में कमी को लेकर सरकार गंभीर है और इसमें गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश का सबसे लंबा राजमार्ग है। इस एक्सप्रेस वे से लोग दिल्ली से 12 घंटे में मुंबई पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सड़कें धंस गई है, लेकिन नीचे की सतह सही है और इसमें सही सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस मार्ग की मरम्मत की दस साल की जिम्मेदारी ठेकेदार के पास है। उन्होंने कहा कि सड़कों की कमी आने पर चार ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहराकर उनको नोटिस दिया गया है और कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया जाएगा। श्री गडकरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल की ओर से पूछे गये प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

### सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों की मौत हुई:

गडकरी ने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद देश में सड़क हादसों में एक साल के भीतर 1.68 लाख लोगों की मौत हुई और मरने वालों में 60 प्रतिशत युवा थे। उन्होंने सदन में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि यह स्थिति दुखद है और इसे रोकने के लिए समाज को भी सहयोग करना होगा। गडकरी ने कहा, दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कोशिश करने के बावजूद एक साल में 1.68 लाख मौत हुई हैं ये लोग दंगों में नहीं, सड़क हादसों में मारे गए। उन्होंने कहा कि मरने वालों में 60 प्रतिशत लड़के-लड़कियां थे। श्री गडकरी ने कहा कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।


बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन का 78वाँ स्थापना दिवस समारोह दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को मनाया जा रहा है।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी के स्वयंसेवक अनुशासन एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ विधि व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, संकट के समय बचाव एवं राहत कार्य तथा पुलिस बल व स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग जैसे अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाह करते हैं। गृहरक्षकों का प्रशिक्षण सेना के प्रशिक्षकों की देख–रेख में हो रहा है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में प्रशंसनीय सुधार आया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि गृह रक्षा वाहिनी राज्य की सेवा में इसी प्रकार तत्पर रहेगी।

मैं बिहार गृह रक्षा वाहिनी के '**स्थापना दिवस**' के अवसर पर गृह रक्षा वाहिनी संगठन के प्रति अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 014126 (Home) D. 2024-25

बिहार सरकार

**शुभकामना संदेश**

उप मुख्यमंत्री
बिहार

मुझे यह जानकर अपार हर्ष हो रहा है कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी **दिनांक 06 दिसम्बर, 2024** को अपना स्थापना दिवस मना रहा है।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी अपने स्थापना काल से ही आंतरिक शान्ति, विधि–व्यवस्था संधारण एवं यातायात व्यवस्था में पुलिस बल के साथ कंधा से कंधा मिलाकर, निष्काम सेवा–भाव के साथ, समाज एवं राष्ट्र की सेवा में तत्पर रही है। आपदा–प्रबंधन एवं आवश्यक सेवाओं को बनाये रखने में भी इस संगठन की भूमिका प्रशंसनीय है।

मुझे पूर्ण विश्वास है, कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन, अपने घोषित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में अपने कर्म–पथ पर अग्रसर होता रहेगा।

मैं इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों के मंगलमय भविष्य की कामना करता हूँ तथा हार्दिक शुभकामना व्यक्त करता हूँ।

**(विजय कुमार सिन्हा)**

PR. No. 014128 (Home)D. 2024-25

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# आईसीएआर के नीति के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल

## सभी कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने हड़ताल का किया समर्थन

प्रातः किरण संवाददाता




पटना । कृषि विज्ञान केंद्र के साथ आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ) के पक्षपातपूर्ण रवैया के विरोध में नेशनल फोरम ऑफ केवीके एवं एआईसीआरपी के बैनर तले देशव्यापी कलमबंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया गया । जिसमें अटारी जोन चार पटना के अंतर्गत आने वाले गैर आईसीएआर एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अंतर्गत कार्य करने वाली सभी कृषि विज्ञान केंद्रों ने केवीके इंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल पर रहे । विदित हो कि आज पूरे देश में 731 कृषि विज्ञान केंद्र है जिसमें बिहार झारखंड के 68 कृषि विज्ञान केंद्र है । सभी कृषि विज्ञान केंद्र चाहे वह किसी भी संस्थान के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत हैं सामान उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं तथा समान योजना के तहत कार्य कर रहे हैं लेकिन आईसीआर के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहे मात्र 66 कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों को ही सभी वित्तीय लाभ, प्रमोशन, मेडिकल आदि अन्य सुविधा दी जा रही है। शेष 665 कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों को वैध लाभ नहीं मिल रहे हैं । इस संदर्भ में माननीय कृषि एवं कल्याण मंत्री भारत सरकार के समक्ष अपनी मांग को रखा गया किंतु इस दिशा में कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र इंप्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कृषि वैज्ञानिक डॉ नित्यानंद एवं सचिव डॉ विनोद कुमार ने आज के कलम बंद हड़ताल को पूर्णतः सफल बताते हुए कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

डॉ नित्यानंद एवं विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से आईसीएआर एवं केंद्र सरकार से मांग किया कि एक कृषि विज्ञान केंद्र एक पॉलिसी लागू किया जाए । परौदा कमेटी की अनुशंसा शीघ्र लागू किया जाए । सभी कर्मचारियों को प्रमोशन, रिटायरमेंट, बेनिफिट एवं सरकारी कर्मी को दिया जाने वाला सुविधा दिया जाये।

डॉ नित्यानंद एवं डॉ विनोद कुमार ने अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि कोरोना कल में भी कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी अपने जान हथेली पर लेकर कृषकों के लिए कार्य किया। इस दौरान बिहार कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कार्य कर रहे हैं चार कर्मचारी कोरोना के चपेट में आकर उनकी मृत्यु हो गई, उनके परिवार आज दाने-दाने को मोहताज है किंतु ना तो उनके आश्रित को नौकरी दी गई ना ही कुछ सुविधा दी गई। वही विश्वविद्यालय के अन्य कर्मियों को मृत्यु उपरांत उनके परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी दी गई है ।

कृषि विज्ञान केंद्र एम्पलाईज संगठन इस अमानवीय कृत के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर निंदा करता है। एवं नेशनल फोरम ऑफ केवीके यह मांग करता है की शीध्र अतिशीध्र उनके आश्रित को नौकरी एवं अन्य सुविधा प्रदान करें और केवीके के कर्मियों का प्रमोशन एवं अन्य सुविधा शीध्र लागू करें। यदि आईसीएआर हमारी मांग नहीं मानता है तो देशव्यापी उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिससे देश के अन्नदाता प्रभावित होंगे। कई कृषि विज्ञान केंद्रों पर किसानों ने भी प्रदर्शन में साथ दिया ।

# ट्रैफिक डीएसपी ने 46 ऑटो चालकों पर 2.30 लाख का लगाया जुमार्ना

## ट्रैफिक डीएसपी ने गायघाट में किया निरीक्षण, दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार महात्मा गांधी सेतु के नीचे अशोक राजपथ के गायघाट में चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करने को आए थे।

दरअसल इस कारण से वहां वाहनों का जाम लग जा रहा है । इसी दौरान उन्होंने ऑटो चालकों के खिलाफ जांच अभियान भी चलाया।

इस दौरान 46 ऑटो चालकों से दो लाख 30 हजार रुपए की राशि बतौर जुमार्ना वसूल किया गया। डीएसपी ने बताया कि नाला निर्माण कर रही एजेंसी के लोगों को निर्देशित किया गया है कि वह निर्माण कार्य को जल्द पूरा करें, ताकि यातायात का दबाव कम किया जा सके । उन्होंने बताया कि उन सबों ने अआश्वस्त किया है कि निर्माण कार्य को जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद जाम की समस्या से काफी हद तक लोगों को राहत मिल सकेगी।

इस दौरान डीसीपी ट्रेफिक ने पटना-मसौढ़ी रोड में अवैध ढंग से पार्किंग किए ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बिना लाइसेंस वाहन चलाने, ओवरलोडिंग और अवैध पार्किंग के खिलाफ शुरू किए अभियान में 46 ऑटो चालकों से दो लाख 30 हजार की राशि बतौर जुमार्ना वसूल किया गया। ट्रेफिक डीएसपी ने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। अभियान के कारण से ऑटो चालकों ने मार्ग बदल कर वाहनों का परिचालन किया।

## अखंड कीर्तनी जत्था का कीर्तन समागम बाललीला व चितकोहरा आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। सिख पंथ के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के शहीदी पर्व पर शामिल होने आये अखंड कीर्तनी जत्था पहुंचा है। उन सबों की ओर से गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, गोविंद नगर चितकोहरा में कीर्तन किया गया। इसके बाद ऐतिहासिक गुरुद्वारों का भ्रमण करते हुए शाम को गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में कीर्तन किया गया। दूसरी ओर तख्तश्री पटना साहिब में शहीदी पर्व को लेकर चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ गुरुवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद दरबार साहिब में विशेष दीवान सजेगा। इसमें अखंड कीर्तनी जत्था की ओर से कीर्तन बिलावल चौकी आयोजित की जाएगी। रैन सवाई कीर्तन (रात्रि जागरण) का आयोजन गुरुद्वारा बाललीला में होगा। सात दिसंबर की सुबह में गुरुद्वारा कंगन घाट में अखंड कीर्तनी जत्था के द्वारा कीर्तन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पदच्युत दानदाता कर रहे हैं शासी निकाय की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। स्थानीय एसकेएमभी कॉलेज में हाईकोर्ट के आदेश से पदच्युत दानदाता सदस्य महंत राम नरेश दास के साथ शासी निकाय की बैठक की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसकेएमभी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य रघुवंश प्रसाद ने बताया कि हाईकोर्ट पटना के आदेश पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा दानदाता सदस्य से महंत राम नरेश दास को पदच्युत कर दिया गया है तथा अमरेन्द्र कुमार को दानदाता सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। फिर भी पदच्युत महंत राम नरेश दास शासी निकाय की बैठक में भाग ले रहे हैं। जो विश्वविद्यालय के परिनियम का उल्लंघन है तथा न्यायोचित नहीं है। इस संबंध में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को जानकारी दे दी गई है।

### पुलिस ने खोया मोबाइल धारक को लौटाया



पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना में दो माह पूर्व इकबाल सिद्दीकी, जो बिहारी जी मिल्स थाना मालसलामी का एक एंड्रॉयड मोबाइल गुम हो गया था। इस संबंध में मालसलामी थाना में मामला दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि टेक्निकल सेल की मदद से थाना के द्वारा वाराणसी से प्राप्त कर इकबाल सिद्दीकी को गुरुवार को प्राप्त करा दिया गया। इससे वे पुलिस के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए काफी खुश हुए।

### छेका के बाद शादी से इनकार, मामला दर्ज

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के बीएनआर रोड की रहने वाली एक युवती ने सुल्तानगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। उसका कहना है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय के रहने वाले उदय चंद्र झा के पुत्र नीरज कुमार झा के साथ उसकी शादी तय हुई थी। इसके बाद छेका का रस्म भी लड़का और लड़की वालों की ओर से किया गया था। सब कुछ हो जाने के बाद अब वर पक्ष की ओर से शादी करने से इनकार किया जा रहा है। माता-पिता के तनाव को देखते हुए युवती ने इस संबंध में सुल्तानगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। इस आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसमें नीरज, उसके पिता उदय चंद्र झा, मां संगीता देवी और भाई सूरज कुमार झा को आरोपित किया गया है।

### बेरोजगार युवाओं को टुल किट एवं स्टडी किया गया किट वितरित

पटना। श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में टुल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन को ए ब्लॉक छठा तल, नियोजन भवन, बेली रोड, पटना, बिहार - 800001, में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 06 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टुल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।

# अंतिम हजरत मोहम्मद साहेब की पुत्री की याद में लगा मेगा हेल्थ कैंप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी। मुसलमानों के अंतिम प्रोफेट मोहम्मद साहब की पुत्री की पुण्यतिथि पर मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। गुरुवार को पश्चिम दरवाजा के नवाब बहादुर रोड स्थित मदरसा सुलेमानिया परिसर में बृहद स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें एलोपैथ, होम्योपैथी और आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों ने मरीजों को चिकित्सीय लाभ दिया। शिविर के आयोजक मौलाना मुराद रजा और डॉ सिकंदर अली खान ने बताया कि इस शिविर में मेडिसिन, ऑर्थो, सर्जरी, गाइनी, आंख, शिशु, कार्डियक, डेंटिस्ट स्क्रीन वीडी से लेकर यूनानी और होम्योपैथ के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

चिकित्सा सेवा का लाभ लेने पहुंचे मरीज को दवा भी मुफ्त उपलब्ध कराई गई। साथ ही लोगों के आंखों की जांच, बीपी, शुगर, यूरिक एसिड आदि की भी फ्री जांच की गई। डॉक्टर सिकंदर अली खान ने बताया कि मेडिसिन से डॉ एस निसार अहमद, डॉ नौशाद अली, डॉ कुंवर सिंह, डॉ एस अली खान, शिशु विभाग से डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ अरविंद कुमार, कार्डियो से डॉ संतोष पांडेय, डॉप्रो विनीत कुमार, डॉ सुरुचि पांडेय, स्कीन वीडी से डॉ मो उमैर, यूरो से डॉ नितेश कुमार, सर्जरी से डॉ उमर अब्दुल्लाह, आंख से डॉ इम्तियाज आमिर, डॉ अमित कुमार महाजन, डॉ अरुण महाजन, आर्थो से डॉ जमीर अहमद, डॉ वीएम प्रियदर्शी, बीडीएस से डॉ मधुश्री सिंह, डॉ अफरोज नजीर, यूनानी से डॉ एस मंजर अहसन, डॉ हकीम मो मुस्लिम, डॉक्टर हेवा जेहरा, होम्योपैथ से डॉ एसएस रजा, डॉ इरशाद हसन मासूमी आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

# बच्चों के बीच श्रद्धा के फूल अर्पित कर मनाया गया स्व. अजय कुमार सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी । पूर्व वरीय आईएएस अजय कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि स्थानीय नई सड़क स्थित जमुना माई के मठ स्थित आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व अजय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। विदित हो कि यूपी कैडर के वर्ष 1998 बैच के आईएएस अजय कुमार सिंह का कोरोना काल में पांच दिसंबर, 2020 को निधन हो गया था। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को लेखन-सामग्री एवं चॉकलेट आदि का वितरण किया गया। समाजसेवी संजीव कुमार यादव ने अपना श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व अजय की प्रतिभा, कर्मठता एवं उपलब्धियां वंदनीय एवं अनुकरणीय हैं। स्व अजय के बड़े भाई, समाजसेवी व शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह ने कहा कि स्व अजय का इस तरह से जाना उनके परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपने स्तुत्य कार्यों के लिए सर्वदा स्मरणीय रहेंगे। इस दौरान जल्लावाले हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम दास हंस, मिथिलेश सिंह, रघुनाथ प्रसाद, कुमार लखन, दयानंद सिंह, दीपकमल, आशीष मिश्र, संजय शर्मा, हर्ष हिंदुस्तानी, आंगनबाड़ी सेविका संगीता देवी, संजू कुमारी, आरती देवी आदि उपस्थित रहीं।

# एनएमसीएच के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तोड़फोड़, कार्य हुआ बाधित

■ आभा आईडी को लेकर महज 943 मरीज का ही नया-पुराना पर्चा बना

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी। जिसका डर था, अंततः वही हो गया। एनएमसीएच के केंद्रीय रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आभा आईडी बनाने को लेकर मरीजों की भीड़ उमड़ रही है एक मरीज का पर्चा बनाने में करीब 8 से 10 मिनट का समय लग जा रहा है बढ़ती भीड़ वह कम संख्या में पर्चा बनने पर अधीक्षक की ओर से आदेश जारी किया गया कि मध्यान 12:00 बजे तक आधार और मोबाइल नंबर से लिंक किया हुआ ही पर्चा बनाया जाए मध्यान 12:00 से 1:30 के बीच बिना आधार कार्ड वालों का पर्चा बनाया जाए स्थिति यह रही कि सुबह 8:00 बजे से ही पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा था कोई मरीज यदि अपना आधार कार्ड लेकर आ भी रहा था तो उसे नहीं पता था कि इसके साथ कौन सा मोबाइल नंबर जुड़ा है या जो नंबर जुड़ा है वह जिसके पास है वहां ओटीपी जाने के बाद पता करने में ही 1 मिनट बीत जाता है ऐसे में उसके पीछे खड़े दूसरे व्यक्ति के द्वारा शोर सराव किया जाता है गुरुवार को भी यही हुआ देर से पर्चा काटने आधार के साथ जुड़े मोबाइल नंबर को बताने और ओटीपी को लेकर चिकित्सीय सलाह लेने आए मरीजों का सब्र जवाब दे गया नतीजतन मरीज और उनके परिजनों ने पंजीयन काउंटर पर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया इस दौरान काउंटर संख्या दो और तीन के खिड़की की जाली और शिक्षा को तोड़ दिया गया स्थिति यह रही की पब्लिक पार्टनरशिप मोड में चलने वाला पंजीयन काउंटर के पास पर्याप्त संख्या में सुरक्षा प्रहरी को भी तैनात नहीं किया गया था इस कारण से चिकित्सीय सलाह लेने आए लोगों की भीड़ भी बेकाबू थी नीतीश टन करीब 10-20 में शुरू हुआ हंगामा और तोड़फोड़ के कारण करीब बम से एक घंटा तक रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद रहा काउंटर पर काम करने वाले कर्मी भी अपनी जान को खतरा बताते हुए काम करने से इनकार करने लगे बाद में अंबर इंटरप्राइजेज की ओर से पहुंचे अमित कुमार ने लोगों को समझ कर किसी तरीके से पर्चा बनवाने का काम शुरू किया।

इस दौरान मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षक डॉक्टर प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह ने कहा है कि शुक्रवार से ऐसे मरीज को ही लाइन में लगने दिया जाएगा।

जिनके पास आधार कार्ड के साथ ही उससे जुड़ा मोबाइल नंबर उपलब्ध हो मध्यान 12:00 बजे से 1:30 बजे के बीच ऐसे लोगों का पर्चा बनेगा जिनके पास आधार कार्ड या उससे जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर नहीं है इसे शक्ति के साथ लागू किया जाएगा भले मरीज की संख्या कम हो वहीं गुरुवार को नया 769 पर्चा बना तो 174 पुराने पर्चे का नवीकरण किया गया।

सबासे अधिक मरीज मेडिसिन में डॉप्रो सतीश कुमार से दिखाने 176, स्कीन वीडी में डॉ आरआरके राहुल से दिखाने 168, आर्थो में डॉ ओमप्रकाश से दिखाने 79, ईएनटी में डॉप्रो सत्येंद्र शर्मा व शिशु से डॉ बीपी जायसवाल 80-80 मरीज ही देख पाए। अन्य विभाग में मरीजों की संख्या कमतर रही।

## विवाह पंचमी पर आज निकलेगी श्री राम की बारात, शादी का रस्म भी

पटना सिटी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम व भगवती सीता के विवाह उत्सव को लेकर गुरुवार को मटकोर और मड़वा का अनुष्ठान श्री काले हनुमान मंदिर में किया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा मंगल गीत भी गाए गए। शुक्रवार को श्री राम जानकी विवाहोत्सव समिति की ओर श्री काले हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के संयोजक डॉ अजय प्रकाश, अरुण मिश्रा व महासचिव विकास मौड़ीवाल ने बताया कि श्री राम दरबार, महाकाल की झांकी, कीर्तन मंडली, बैंड बाजा से सजे शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होता गुरहट्टा के बक्शी मुहल्ला स्थित श्री सीता मंदिर जाएगी।

यहां पर धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। यहां समधी मिलाप होगा। बारातियों का स्वागत किए जाने के बाद द्वार पूजन होगा। फिर धनुष तोड़े जाने के बाद जयमाल का कार्यक्रम किया जाएगा। मंदिर के सचिव प्रभात बहादुर माथुर, संयोजक नितेश सिन्हा, रतनदीप राय व प्रोडॉ विनय कृष्ण प्रसाद ने बताया कि श्री भगवती सीता स्थान मंदिर में सामूहिक सुंदर कांड का पाठ होगा। बारात आने पर स्वागत और रात को विवाह पंचमी का अनुष्ठान होगा। पौराणिक संकट मोचन हनुमान मंदिर दुर्गा स्थान करनालगंज गायघाट में भी विवाह पंचमी पर बारात व विवाह पंचमी का अनुष्ठान किया जाएगा।

# बिहार सरकार की पहल पर उद्यमी बन रहीं जीविका दीदियाँ



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार कई प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। राज्य सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि बड़ी संख्या में महिलाएँ उद्यमी बनकर ग्रामीण अर्थव यवस्था को गति प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना से जुड़कर 43 उद्यमी दीदियों द्वारा बैग क्लस्त्र का संचालन किया जा रहा है। सतत जीविकोपार्जन योजना से जुड़कर राज्य की लगभग 1 लाख दीदियाँ उद्यमिता के क्षेत्र में कदम बढ़ाकर सफलता के नए मुकाम पर पहुँची हैं।

स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 2.57 लाख परिवारों को उद्यमिता विकास अतिरिक्त आय संवर्धन एवं नये रोजगार से जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत अबतक 3 महिला प्रोड्यूसर कम्पनी एवं 701 महिला उत्पादक समूहों का गठन किया गया है। क्क्ट कोलकाता के सहयोग से महिला उद्यमिता के क्षेत्र में अबतक 150 दीदियों का उद्यम विकास किया गया है।

ग्रामीण स्त्र पर छोटे कारोबारियों, विशेषकर किराना दुकान से जुड़ी महिलाओं को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु 140 ग्रामीण रिटेल मार्ट का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने एवं योजनाओं के संचालन में जीविका सम्पोषित समुदाय आधारित संगठनों की उल्लेखनीय भूमिका रही है। जीविका दीदियों द्वारा अस्पतालों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आवासीय विद्यालयों तथा अन्य संस्थानों में संचालित 216 दीदी की रसोई के माध्यम से गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

17 स्थानों पर जीविका दीदी की सिलाई घर स्थापित किए गए हैं जिससे लगभग 1000 दीदियाँ जुड़ी हैं। आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेसवे योजना अन्तर्गत 109 परिवारों को व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराये गये हैं तथा स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम के तहत 26,030 व्यक्तिगत उद्यमियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया गया है। साथ ही उनका बिजनेस प्लान तैयार करने एवं बाजार तक उनकी पहुँच आसान बनाने हेतु भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। राज्य बागवानी मिशन, कृषि विभाग के सहयोग से मधुमक्खी पालन कार्य में अबतक 490 उत्पादक समूहों का गठन किया गया है।

जीविका के ब्राण्डू नाम से शहद का व्यापार रिटेल दुकानों एवं मेला इत्यादि के अतिरिक्त ई-कॉमर्स वेबसाईट के माध्यम से भी किया जा रहा है।

जीविका के इस प्रयास की वजह से ही आज हजारों की संख्या में महिलाएँ उद्यमी बनकर सफलता के नए मुकाम पर पहुँच गई हैं। जीविका के सहयोग सरस मेला सहित अन्य कार्यक्रमों में भी वह अपने द्वारा उत्पादित सामग्रियों की बिक्री करती है। आज हजारों दीदियों ने जीविका स्वयं सहायता समूह की मदद से उद्यमिता को अपनाया है एवं अपनी नई पहचान स्थापित की है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने शहर में लगातार चौथे दिन अतिक्रमण अभियान चलाने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना श्री मयंक वरवड़े के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार चौथे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।आयुक्त श्री मयंक वरवड़े ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के बांकीपुर अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से दो बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। कदमकुआं, बारी पथ, रामपुर और मैकडॉवेल के पास अतिक्रमण हटाया गया। 2 ठेला एवं 1 बैलून सिलेंडर जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 50,500/झ जुमार्ना वसूल किया गया। नगर परिषद, दानापुर निजामत में 10:30 बजे पूर्वाह्न से 2:30 अपराह्न तक अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में सगुना मोड़ से आरपीएस मोड़ होते हुए आर्य समाज मोड़ तक तथा नगर परिषद कार्यालय से तकिया होते हुए सागर पैलेस मैरेज हॉल तक अतिक्रमण हटाया गया। इस क्रम में विभिन्न संरचना यथा 45 बल्ला, 6 गुमटी, 25 होर्डिंग, 55 बैनर, 05 ठेला आदि सामान जब्त किया गया तथा सड़क पर से बालू, मिट्टी, ट्रैक्टर आदि हटाया गया। आज इस अंचल से 47,100/- जुमार्ना वसूला गया।पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल में 09:30 बजे पूर्वाह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण हटाया गया। इस अंचल में राजेन्द्र नगर स्टेशन से धनकी मोड़ तक रोड के दोनों साइड अतिक्रमण हटाया गया एवं 2 ठेला जब्त किया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में आज इस अंचल से 14,400 जुमार्ना वसूल किया गया ।आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 1,12,000/- जुमार्ना वसूला गया।

आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में बिहार देश में तीसरे स्थान पर

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। देश में आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बिहार तीसरे स्थान पर है. किसी एक दिन में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने का कीर्तिमान भी बिहार के नाम है. बिहार में इस आयुष्मान कार्ड पर अभी प्रतिदिन औसतन 400 लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है. इस एवज में विभिन्न अस्पतालों को प्रतिदिन औसतन लगभग 4 करोड़ रुपए का भुगतान हो रहा है. बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शैलेश चन्द्र दिवाकर ने ये उल्लेखनीय आंकड़ें स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जनजागरूकता के लिए आयोजित दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में गुरुवार को समापन सत्र में बताये. इस कार्यशाला में राज्य के नौ सामुदायिक रेडियो के अधिकारी और प्रसारक भाग ले रहे थे जिसका आज समापन हो गया. श्री दिवाकर ने हर पात्र व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड बना लेने की अपील की.

स्वैच्छिक संस्था सीकिंग मॉडर्न अप्लीकेशंस फॉर रियल ट्रांसफार्मेशन (स्मार्ट) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में रेडियो मयूर (छपरा), रेडियो गूँज (हाजीपुर), रेडियो स्नेही (सीवान), रेडियो रिमझिम व रेडियो वर्षा (दोनों गोपालगंज), रेडियो एक्टिव व रेडियो ग्रीन (दोनों भागलपुर) समेत कृषि विज्ञान केंद्र सामुदायिक रेडियो बाढ़ (पटना) और कृषि विज्ञान केंद्र सामुदायिक रेडियो मानपुर (गया) के संचारकर्मियों ने भाग लिया. इस अवसर पर ह्लसेहत सही-लाभ कईह्व नामक प्लेटफॉर्म लांच किया गया ताकि स्वास्थ्य संबंधी संचार को सहज, सरल, तथ्यपरक और प्रभावकारी बनाया जा सके।

राज्य के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (परिवार नियोजन) डॉ. ए. के. शाही ने कार्यशाला में कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए ही जरूरी नहीं है. बल्कि यह शिशु-मातृ स्वास्थ्य और मृत्यु दर को नियंत्रित करने से है. देश में सभी का स्वस्थ रहना पहले जरूरी है. इसलिए शादी कब करें, शादी के बाद पहला बच्चा दो साल बाद ही क्यों पैदा करें, दो बच्चों के बीच तीन साल का अंतर क्यों रखें और इसके लिए परिवार नियोजन के उपलब्ध विभिन्न साधन क्यों आवश्यक हैं, इस पर उन्होंने विस्तार से बताया. इसके लिए उन्होंने पुरुष नसबंदी को अनिवार्य बताया. पूछा कि क्यों सारी जिम्मेवारी महिलाओं पर डाल दी जाती हैं? उन्होंने एक चौंकाने वाला तथ्य बताया कि एक तरफ प्रति वर्ष चार लाख महिलाएँ बंध्याकरण करवाती हैं जबकि केवल ढाई से तीन हजार पुरुष नसबंदी हो पा रहा है. दूसरी तरफ पुरुष नसबंदी ज्यादा सहज और आसान है. इससे उनके बाकी के जीवन और स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है.

फाइलेरिया रोग और इसके उन्मूलन के बारे में राज्य के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (फाइलेरिया) डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया वैसे तो मानव शरीर के पाँच अंगों में होता है लेकिन इसमें हाथीपाँव और हाइड्रोसिल ज्यादा तकलीफदेह हैं. हाइड्रोसिल का इलाज है, इसे ऑपरेशन से ठीक किया जा सकता है. पर बाकी अंगों के फाइलेरिया को ठीक नहीं किया जा सकता है. इसका रोग प्रबंधन कर जीवन को आसान बनाया जा सकता है और तकलीफ को कम किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि राज्य में जितने चिन्हित हाइड्रोसिल के मामले हैं वे अगले साल मार्च तक ऑपरेशन कर ठीक कर दिए जाएँगे. सितम्बर से नवम्बर के बीच इसमें से आधे ऑपरेशन हो चुके हैं. अब केवल 10 हजार 483 ऑपरेशन होने को बचे हैं. वहीं, फाइलेरिया कार्यक्रम के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि पूरी दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण फाइलेरिया है. पूरी दुनिया के फाइलेरिया रोगियों में 40 प्रतिशत केवल भारत में हैं.

# मिट्टी की ऊर्वरा-शक्ति बढ़ाकर किसानों की आय करेंगे दोगुनी : मंगल

## अंधाधुंध उर्वरकों एवं रसायनिक दवाओं का प्रयोग मिट्टी एवं मनुष्य दोनों के लिए खतरनाक

● वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 5 लाख मिट्टी नमूनों की जाँच का लक्ष्य निर्धारित है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




सूबे के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने गुरुवार को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर बामेती पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्षों से हम लगातार मिट्टी का दोहन कर रहे हैं। एक तरफ सघन खेती के क्रम में हम रासायनिक खादों एवं अन्य कृषि रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं तो दूसरी तरफ मिट्टी के स्वास्थ्य के सुधार के लिए कोई उपाय नहीं कर रहे हैं। हमारे पूर्वज खेती करने के साथ-साथ इसका भी ख्याल रखते थे कि मिट्टी की दशा में कैसे सुधार की जाए, जिससे मिट्टी की ऊर्वरा-शक्ति बनी रहे। वे इसके लिए गोबर की खाद का प्रयोग, फसल अवशेष को खेत में पलटना, हरी खाद का प्रयोग, रबी फसल की कटाई के बाद खेतों की गहरी जुताई करना, फसल चक्र में दलहनी फसलों की खेती करना, खेत को एक फसल के बाद खाली छोड़ना आदि शष्य क्रियाएँ किया करते थे।

5 लाख मिट्टी नमूनों की जाँच का लक्ष्य श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 5 लाख मिट्टी नमूनों की जाँच का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें अब तक 4,17,789 मिट्टी नमूनों का संग्रहण हो चुका है तथा 2,87,672 मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को वितरित किया जा चुका है। इस अवसर पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि सभी किसानों को इसके लिए जागरूक करेंगे कि वे अपने खेतों में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें, न कि अंधाधुंध उर्वरक का प्रयोग करें। यदि मिट्टी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा, तभी हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा।

### मिट्टी संरक्षण के लिए अधिकारियों ने ली शपथ

श्री पाण्डेय ने कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखण्ड तथा पंचायत स्तर पर आयोजित कृषि विभाग की विभिन्न कार्यक्रमों में किसानों को अपने खेतों में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें तथा अपने खेतों में फसल अवशेष को नहीं जलाने की भी सलाह दें। साथ ही, कृषि मंत्री ने मिट्टी संरक्षण के लिए विभागीय अधिकारियों को शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि कम-से-कम लागत में फसलों का अधिक-से-अधिक गुणवत्तायुक्त पैदावार हो, जिससे किसानों की आमदनी बढ़े।

### ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, अपर सचिव कल्पना कुमारी, संयुक्त सचिव द्वय मदन कुमार एवं मनोज कुमार, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी सुनील कुमार, अपर निदेशक शष्य-सह-निदेशक बामेती धनंजय पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक रसायन, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी,कर्मचारी तथा पटना जिला के किसानगण उपस्थित थे।

# एनडीए दलों का नहीं दिलों का गठबंधन : विजय

## एनडीए को बिहार में भी मिलेगी महाराष्ट्र जैसी सफलता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व में शपथ लेने वाली महायुती की नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देवेंद्र जी के नेतृत्व में महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत होने जा रही है। इस सरकार को जहाँ प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा वहीं देवेंद्र के साथ शिंदे और अजीत पवार के अनुभव से उचित दिशा मिलेगी। इनकी तिकड़ी महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में तो सफल होगी ही साथ ही शिवाजी महाराज के सपनों को भी साकार करेगी। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि महायुती को मिले जनादेश ने साफ कर दिया था कि सत्ता के बजाए समन्वय की एनडीए की राजनीति के प्रति जनता में कितना विश्वास है। इसलिए महाराष्ट्र के साथ यूपी, असम और बिहार के उपचुनावों में भी लोगों ने वोट की चोट से परिवारवादी सत्ता सामंतों को परास्त किया।

श्री सिन्हा ने कहा कि वास्तव में एनडीए दलों का नहीं दिलों का गठबंधन है। इन दिलों को जोड़ने वाले शिल्पी हमारे प्रधानमंत्री हैं। उनके मार्गदर्शन में देशभर की एनडीए सरकारें क्षेत्रवाद की जगह राष्ट्रवाद और तुष्टिकरण की जगह सन्तुष्टिकरण की सोच के साथ काम कर रही हैं। इससे परिवारवादी सोच और विभाजनकारी विचारधारा की राजनीति करने वाले धीरे-धीरे अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। निश्चित रूप से 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में भी एनडीए के पक्ष में महाराष्ट्र जैसे नतीजों की पुनरावृत्ति होगी।

## छात्रों के मुद्दों पर नीतीश सरकार संवेदनशील : शीला



पटना। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्रों और युवाओं से जुड़ें मुद्दों पर शुरू से संवेदनशील रहे हैं। स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से शोषित और वंचित वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता बोलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास करते हैं। मंत्री गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही। इससे पहले मंत्री ने सूबे के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# तेजस्वी ने बीपीएससी की 70वीं परीक्षा को लेकर सीएम को लिखा पत्र

## अभ्यर्थियों की समस्याओं को लेकर त्वरित समाधान करने की मांग की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने त्वरित समाधान की मांग की है। तेजस्वी ने पत्र के माध्यम से कहा है कि अगर सरकार ने अभ्यर्थियों की माँगों पर विचार नहीं किया तो हम आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ेंगे। एनडीए सरकार छात्रों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ बंद करें। नेता प्रतिपक्ष ने अभ्यर्थियों के हित में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को पांच अतिरिक्त दिन का समय दिए जाने की मांग की है, ताकि आयोग की नाकामी अथवा सर्वर की खामी के कारण जो अभ्यर्थी फॉर्म नहीं भर सके, वे फॉर्म भर पाएं। आयोग की 70वीं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने तथा नॉर्मलाइजेशन पर अपनी नीति स्पष्ट करने की भी तेजस्वी ने मांग की है। उचित होगा कि सामान्यीकरण की विवादित और अन्यायपूर्ण प्रक्रिया से बचा जाए। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में कहा है कि परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट, एक पेपर, एक पैटर्न में पेपर लीक हुए बिना हो। उन्होंने पत्र में लिखा है कि स्वयं अपनी ही विफलता के लिए आयोग द्वारा फॉर्म भरने में असमर्थ रहे अभ्यर्थियों को ही उल्टे अगंभीर ठहरा देना अफसरशाही के अहंकार और तानाशाही को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, अभ्यर्थियों और अभिभावकों को अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई कि आयोग सामान्यीकरण या नॉर्मलाइजेशन लागू करेगा या नहीं। फॉर्म भरवा लेने के बाद भी अभ्यर्थियों को अभी तक पूरी परीक्षा पद्धति की जानकारी नहीं है, जो उनके लिए अन्यायपूर्ण है। आयोग को अभ्यर्थियों की इस समस्या एवं माँग का संज्ञान अवश्य लेना चाहिए कि फॉर्म भरने की आखिरी तिथि से दो -तीन दिन पूर्व में सर्वर के ठीक से कार्य नहीं करने के कारण लाखों विद्यार्थी फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे।

## तुष्टीकरण यात्रा पर निकले हैं तेजस्वी : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम पर जोरदार तंज कसा है। कहा कि तेजस्वी यादव तुष्टीकरण यात्रा पर निकले हैं। ये राजद कार्यकताओं के दर्शन करने नहीं, बल्कि उनके बीच नफरत के बीज बोने निकले हैं। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अपनी यात्रा के दौरान तेजस्वी कहां और किन लोगों का दर्शन कर रहे हैं, यह पूरा बिहार देख रहा है। इनकी यात्रा का मकसद संवाद करना नहीं सामाजिक सौहार्द्र और समरसता को भंग करना है। अपनी यात्रा के दौरान तेजस्वी एक धर्म विशेष के लोगों में उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उल्टी-सीधी बातें कर समाज में साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना चाहते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि दरगाहों पर मत्था टेकने, मुल्ला-मौलवियों के साथ गुफ्तगू करने और एक धर्म विशेष के लोगों की पीठ पोंछने से कोई सेक्युलर नहीं बन जाता। दोहरा चरित्र दिखाकर नेता प्रतिपक्ष बिहार की राजनीति को दूषित कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी के तुष्टीकरण वाले व्यवहार और आचरण को बिहार की जनता देख रही है। 2025 में जनता उन्हें ऐसा सबक सिखाएगी कि वे जिंदगी भर याद रखेंगे।

## बयानवीर बन रहे नेता प्रतिपक्ष : मधुरेन्द्र पांडेय

पटना। सर्दी के सीजन में जब सर्द की सितम बढती जाती है उस समय जनप्रिय नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे की जनता से मिलने तथा हाल जानने उस जिले में होते हैं। यह कोई आसान काम नहीं कि राज्य का मुखिया जनता से सीधे संवाद व सरोकार स्थापित करने उनके साथ हैं लेकिन बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज भी बयानवीर ही बने रहे। यह बयान एक विज्ञप्ति जारी कर जदयू नेता डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने दी है। उन्होंने कहा कि शीतलहर का कहर शुरू होते ही तेजस्वी यादव हवा-हवाई नेता बन जाते हैं। एक स्वस्थ परंपरा की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई वर्ष पहले की थी,जिसे वे आज भी कायम रखे हुए हैं लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का ध्यान कहीं और है। उप-चुनाव में हार से बेजार विपक्ष बेतुका बयानवीर बन अपनी छवि जनमानस के बीच धूमिल कर रहा है।

## विधान परिषद उपचुनाव में राजद की जीत तय : गगन



पटना। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा है कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए गुरूवार को हुए उपचुनाव में राजद उम्मीदवार गोपी किशन की जीत सुनिश्चित है। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट मतदाताओं ने धनबल पर चुनाव जीतने का मंसूबा पालने वाले को खारिज कर दिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि विभिन्न प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों द्वारा बड़े पैमाने पर पैसे बांटे गए और प्रशासन से मिलकर बड़ी संख्या में राजद समर्थक ग्रेजुएट मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए थे। इसके बावजूद मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर जिलों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार राजद उम्मीदवार को चारों जिलों में पच्चास प्रतिशत से ज्यादा मत मिले हैं जबकि पच्चास प्रतिशत मतों में हीं अन्य सभी उम्मीदवार शामिल हैं। इसलिए यह चुनाव बिल्कुल एकतरफा राजद के पक्ष में हीं रहेगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पिछले सत्रह महिने के शासनकाल में तेजस्वी जी द्वारा किए गए कामों से नवजवान मतदाता के बीच राजद की स्वीकार्यता काफी बढ़ी है। और बिहार का नौजवान तेजस्वी यादव में हीं बिहार का भविष्य देख रही है।

## ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट एक्सपो 6 और 7 दिसंबर को पटना में




### एएमएफ के बैनर तले सम्राट अशोक कंवेंशन सेंटर में होगा आयोजन

पटना। ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि पहले ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट एक्सपो का आयोजन एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन (एएमएफ) के बैनर तले 6 और 7 दिसंबर को स्रमाट अशोक इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर गांधी मैदान रोड, पटना में किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य भारत भर के आफ्टरमार्केट उद्योग से जुड़े लोगों को एक साथ लाना है। यह ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट एक्सपो वास्तव में एक ऐसे मंच के रूप में तैयार किया गया है, जो ऑफ्टरमार्केट के बीच समन्वय बनाए, व्यापार को बढ़ावा दे और प्रोफेशनल्स को समर्थ बनाए। इसके अलावा इस आयोजन का उद्देश्य मकैनिकों, डीलरों, फुटकर विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं को इस बात के प्रति जागरूक करना है कि असली और गुणवत्ता वाले स्पेयर और रिप्लेसमेंट वाले पुरजों की प्रासंगिकता क्या है। आयोजन के लॉन्च के मौके पर एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन के निदेशक और सचिव विन्नी मेहता ने कहा, हम एएमएफ ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट एक्सपो के पटना में आयोजन पर खुश हैं। इसमें इतने अलग-अलग जाने-माने भागीदारों की उपस्थिति से पता चलता है कि यह उद्योग सर्वोत्तम के प्रति कितना प्रतिबद्ध है और ऑफ्टरमार्केट उत्पादों और सेवाओं में लगातार सुधार के लिए तत्पर है। पटना में ऑटोमोटिव ऑफ्टरमार्केट शो का आयोजन पूरे पूर्वी भारत में मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रमुख साझेदारों के बीच एकता बढ़ेगी और ज्ञान के आदान-प्रदान, नीतिगत नेटवर्किंग और व्यापार के विकास के लिए यह एक मंच प्रदान करेगा। इस एक्सपो में ऑफ्टरमार्केट के 30 से अधिक प्रदर्शनी 1000 से अधिक उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे और कई नए उत्पाद लांच भी किए जाएंगे।

# सीएम नीतीश 4 डिग्री व 44 डिग्री में भी करते हैं यात्रा : संजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



महिला संवाद यात्रा जिस पर 225 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस पर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष ने यात्रा पर होने वाले खर्चों को लेकर सवाल उठाया है। जदयू के नेता लगातार तेजस्वी यादव पर पलटवार कर रहे हैं। इसी कड़ी में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने पलटवार किया है। गुरूवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा है कि सीएम नीतीश जब लोगों के बीच जाते हैं तो जमीन तौर पर जाकर चीजों को देखते हैं। जब वो यात्रा करते हैं तो कई योजनाओं का निरीक्षण करते हैं। समस्याओं को जानते है उनका समाधान करते हैं। यात्रा करना कोई आसान काम नहीं है। सीएम नीतीश तो 4 डिग्री या फिर 44 डिग्री में यात्रा करते हैं। संजय झा ने कहा कि जब मुख्यमंत्री यात्रा करते हैं तो बिहार और जनता के लिए यात्रा करते हैं। सीएम नीतीश के लिए यात्रा कोई नई बात नहीं है। संजय झा ने कहा कि सीएम नीतीश देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जो हर साल यात्रा पर निकलते हैं। जब से वो सीएम बने तब से यात्रा कर रहे हैं। तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए संजय झा ने कहा कि तेजस्वी यादव से और क्या उम्मीद किया जा सकता है। यात्रा में क्या लूट होता है बताइए, तो क्या मुख्यमंत्री यात्रा पर नहीं निकलें। उन्होंने कहा कि सीएम कोई आज से यात्रा पर थोड़ी जा रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव को यादव दिलाते हुए कहा है सीएम नीतीश यात्रा पर जाकर गांव में भी रुके हैं कहीं सरकारी क्वार्टर में नहीं रुकते थे। याद है ना। काहे भूल जाते हैं ये सब। वहीं तेजस्वी के दावे कि उनकी सरकार बनेगी तो बिहार में बदलाव होगा। इसको लेकर संजय झा ने कहा कि बिहार के लोग देखे ही हैं कि कितना बदलाव होता है।

# बच्चों को शिक्षित होना बहुत जरूरी है : रामकृपाल



नौबतपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के नौबतपुर के जैतीपुर में छात्रों के द्वारा आयोजित मेघा ओपन क्विज कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के दौर में गांव की बच्चों को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षित बच्चे ही देश की विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। गांव एवं समाज को नई दिशा व नई उर्जा देगें। इससे स्वच्छ व सुंदर समाजा का निर्माण होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि देश तब विकसित होगा जब गांव की बच्चे शिक्षित होंगे। क्योंकि शिक्षा के बिना जीवन अधुरा अधुरा रहेगा। जो बच्चे बढ़ लिखकर जाते है और अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने परिवार को आगे बढ़ाते हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि गांव के सभी अभिभावकों को बताना चाहता हूं कि आप एक रोटी ही खाए पर बच्चों को स्कूल पढ़ने हेतु जरूर भेजें। बच्चे जब पढ़ लिखकर ऑफिसर, डॉक्टर या इंजिनियर बन जाएंगे तो पुनः अपने प्रयास से धन अर्जित कर लेगा। तब आप अपने बच्चों पर गौरवान्वित महसूस करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मंच पर मेघावी छात्रों एवं छात्राओं को अंगवस्त्र एवं मेमोंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र एवं अभिवावकगण उपस्थित थे।

# उपलब्धियों से भरा रहा डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का दो साल का कार्यकाल : कांग्रेस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के अध्यक्ष के रूप में दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में केक काटकर और मिठाई बांटकर उनका अभिनंदन कर आपस में खुशी बांटी। बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के सभी प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों की एक बैठक चेयरमैन राजेश राठौड़ के अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के दो साल के सफलतम कार्यकाल में लगातार चलाएं गए जन आंदोलनों, पदयात्रा और कांग्रेस पार्टी की वैचारिक संघर्ष को आमजनों तक पहुंचाने के उनके कार्यशैली और पार्टी की आगामी नीतियों को जन-जन तक मीडिया के माध्यम से पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विशेष रूप से उनके कार्यकाल में मंदार पर्वत से 1000 से अधिक किमी की पदयात्रा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा, एआईसीसी से निर्देशित कार्यक्रमों पर लगातार क्रियान्वयन, स्मार्ट मीटर पर राज्यव्यापी आंदोलन, राज्य के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन, सैंकड़ों ज्वलंत मुद्दों पर पार्टी का सड़क पर संघर्ष और बिहार में गत लोकसभा चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष का योगदान जिसमें महागठबंधन सहित कांग्रेस पार्टी के सांसदों की संख्या में बढ़ोतरी को गिनाया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने सभी प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों से मीडिया में जनहित के मुद्दों को लगातार वृहद रूप से उठाने के लिए भी व्यापक पहल की अपेक्षा की गई।इस अवसर पर बोलते हुए आनन्द माधव ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है अतः मीडिया विभाग की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें इसके लिये तैयार रहना होगा। बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के नवनियुक्त प्रवक्ताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ एवं आनन्द माधव ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस बैठक में चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता आनंद माधव, सौरभ कुमार सिन्हां, सूरज सिंहा, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, असफर अहमद, निधि पांडेय, ई कमलेश कुमार, सहित सोशल मीडिया की टीम भी बैठक में उपस्थित रही। बैठक के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के सफलतम कार्यकाल पर केक काटकर और मिठाई बांटकर वरिष्ठ नेताओं ने मनाया, जिसमें ब्रजेश पांडेय, ब्रजेश प्रसाद मुनन, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल, अमित कुमार, मृणाल अनामय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ बिहार में कई जगह धरना-प्रदर्शन

गया/नालंदा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर बिहार के हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है। इस अत्याचार के विरोध में गुरुवार को नालंदा और गया में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बिहार के गया के गांधी मैदान में आयोजित धरना कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। धरना पर बैठे वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार और हिंसा की जा रही है, इसके खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार को बंद किया जाए। धरने पर बैठे बिहार के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान, कनाडा हो या बांग्लादेश, हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, उसी के विरोध में हिंदुओं ने आज धरना दिया। इस धरने के जरिए हम लोगों की मांग है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दी जाए। हिंदू समाज इन हमलों को लेकर चुप नहीं बैठेगा। धरना कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर के धर्मगुरु जगदीश श्याम दास सहित युवा भाजपा नेता मनीष पंकज, विभिन्न संगठन के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को रोकने के लिए भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग उठाई। नालंदा जिला मुख्यालय स्थित बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर बांग्लादेश में हिंदू, जैन, सिख और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन राष्ट्रीय भारतीय समाज के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत में सभी नागरिकों को सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बेहद चिंताजनक है। हमारी मांग है कि वहां हिंदू समुदाय के जान-माल को सुरक्षा दी जाए। जहां भी सनातनियों पर अत्याचार होगा, हम उसका विरोध करेंगे। धरना कार्यक्रम में शामिल डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि आज बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज के लोगों पर अमानवीय अत्याचार हो रहे हैं। हमारे हिंदू, जैन, सिख परिवार असुरक्षित हैं। उन्होंने बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों द्वारा हिंदू धर्मगुरुओं को जेल में डालने और अन्य अत्याचारों की निंदा की। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को इजरायल की तरह आक्रामक नीति अपनानी चाहिए और अखंड भारत के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

# भूमि सर्वेक्षण : कैथी लिपी की समस्या का होगा समाधान

## कैथी लिपि पर लिखी गई पुस्तिका का मंत्री ने किया अनावरण

● कैथी लिपि में लिखे हुए पुराने दस्तावेज को समझने में होगी आसानी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने गुरूवार को अपने कार्यालय कक्ष में कैथी लिपि पर लिखी गई इस पुस्तिका का अनावरण किया। इस पुस्तिका की मदद से आम रैयत भी इस लिपि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है और अपने राजस्व दस्तावेजों का अवलोकन कर सकता है। इस कार्य के लिए बनारस हिंदू विश्व विद्यालय के शोध छात्र प्रीतम कुमार की सेवाएं ली गईं।

दरअसल, राज्य में विगत सर्वे खतियान एवं अनेक पुराने दस्तावेजों के कैथी लिपि में लिखे रहने के कारण भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया में आम रैयतों के साथ-साथ सर्वे कर्मियों को भी अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को देखते हुए राजस्व विभाग द्वारा कैथी लिपि से संबंधित एक पुस्तिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। यह पुस्तिका विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पुराने कैथी में लिखित दस्तावेजों को हिंदी लिपि में रूपांतरित करने के लिए लोग निजी व्यक्तियों या पुराने सरकारी कर्मियों का सहारा लेते थे एवं इसके लिए कभी कभी उनसे अनावश्यक राशि की वसूली भी कर ली जाती थी। अधिकांश लोगों ने इस संबंध में विभाग और क्षेत्रीय कार्यालयों में अपनी समस्याएं रखी थीं। इसी के आलोक में विभाग ने इस पुस्तिका के प्रकाशन का निर्णय लिया। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सचिव जय सिंह, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी उपस्थित थीं।

विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पश्चिम चंपारण, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई सहित सात जिले के के बंदोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को दिया जा चुका है। विभाग द्वारा राज्य के अन्य सभी जिलों में भी प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। विभाग द्वारा उठाए गए इस कदम से राज्य के सभी वैसे रैयत लाभान्वित होंगे जिनके पास भू- स्वामित्व से संबंधित पुराने दस्तावेज कैथी लिपि में लिखे हुए हैं और उसके आधार पर ही उनकी भूमि के स्वामित्व का निर्धारण वर्तमान सर्वे की प्रक्रिया में किया जाना है।

# बिजली टेक्नोलॉजीज और एसबीपीडीसीएल के बीच पायलट प्रोजेक्ट का होगा करार

## उपभोक्ताओं को बेहतर ऊर्जा प्रबंधन में मिलेगी सहायता

● आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लगेगी बिजली की बर्बादी पर लगाम

● एटीएंड सी लॉस का होगा समाधान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में बिजली वितरण कंपनियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी संचालन क्षमता में सुधार लाने और एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल लॉस को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने एआई आधारित पायलट प्रोजेक्ट के लिए बिजली टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया जाएगा। इस पहल के तहत 12 महीने की अवधि में 1 लाख उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का पूरा खर्च रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन द्वारा वहन किया जा रहा है। यह परियोजना ऑपरेशनल एफिशिएंसी बढ़ाने, राजस्व सृजन में सुधार, विद्युत मांग व आपूर्ति प्रबंधन (डिमांड साइड मैनेजमेंट), बिजली चौरी को कम करने और उपभोक्ताओं को उन्नत सेवाएं प्रदान करने में सहायक साबित होगी।

इसके पहले, इस प्रोजेक्ट के तहत नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 1-1 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के डेटा का अध्ययन किया गया। तौल महीने के इस पायलट अध्ययन में एआई तकनीक के माध्यम से मीटर रीडिंग का विश्लेषण किया गया। इस दौरान बिजली चोरी, मीटर के साथ छेड़छाड जैसे मामलों का खुलासा हुआ, जिससे दोनों डिस्कॉम को वित्तीय लाभ प्राप्त हुआ। एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य वितरण प्रणाली को और अधिक कुशल बनाना है। तकनीक न केवल बिजली चोरी जैसे मामलों को उजागर करने में मदद करेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी। राज्य के बिजली क्षेत्र में यह प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे राज्य में वितरण क्षेत्र में लॉस को कम कर बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान की जा सकेगी। ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि इस पहल से न केवल वितरण कम्पनियों को लाभ होगा बल्कि राज्य के उपभोक्ताओं को भी अपने ऊर्जा प्रबंधन में सहायता मिलेगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 7 जुलाई 2022 को पावरथॉन-2022 की शुरूआत की गई। यह पहल रिवाम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत तकनीकी समाधान प्रदाताओं को जोड़ने के लिए शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य बिजली वितरण क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करना है। इस योजना के तहत ही उपरोक्त पायलट प्रोजेक्ट हेतु देश की दो बिजली वितरण कंपनियों में से बिहार की वितरण कंपनी एसबीपीडीसीएल का भी चयन किया गया है।

**Notice**

I Sanjiwan Kumari W/O, Ashok Kumar R/o Kesabe Keshave Begusarai have changed my name to Sanjivan Devi.

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, शुक्रवार, 06 दिसंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो पलटने से चार लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के बाघमारा पुल के समीप गुरुवार की सुबह कुहासा के कारण ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में पलटते हुए पेड़ में जाकर अटक गई। ऑटो पर सवार चालक सहित चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में रमोली गांव के बृजनंदन गिरी के पुत्र अनिरुद्ध गिरी, लदौरा के योगेश्वर गिरी के पुत्र मंगलगिरी एवं सरायरंजन के रायपुर गांव के नरसिंह गिरी शामिल है। सभी जख्मी का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होने की जानकारी डॉ बीके ठाकुर ने बताई। वहीं दूसरी ओर ऑटो का चालक जितवारिया के दीपक राय जिसका उपचार समस्तीपुर में किए जाने की बात लोगों ने बताई। लोगों का बताना है कि सभी लोग ऑटो पर सवार होकर जितवारिया गांव से दरभंगा के लिए भिक्षा मांगने जा रहे थे इसी दौरान यह घटना घटी। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी लोगों के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### मुखिया पति के निधन पर शोक व्यक्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। क्षेत्र अंतर्गत अंजना पंचायत के मुखिया अनीता देवी के पति लक्ष्मण कुमार महतो का बुधवार की देर शाम हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया।परिजन के मुताबिक काफी दिन से वह बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर स्थानीय सहित क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### भाजपा के द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया

मधुबनी। भाजपा के द्वारा मधुबनी के टाउन क्लब फील्ड से आक्रोश मार्च निकाला गया भाजपा के नेता पवन कुमार साह ने प्रेस को संबोधित करते हुए दिया जानकारी की बांग्लादेश में हिंदू जैन सिख पर जो अत्याचार हो रहा है इसको शीघ्र लिया सरकार समाधान करें अन्यथा पूरे देश की जनता एकत्रित होकर इसका विरोध करेगा जानकारी देते हुए बताएं कि हिंदुओ के ऊपर बांग्लादेश में अत्याचार हो रहा है बहु बेटियो की सुरक्षा नही दी जा रही है बांग्लादेश सरकार के द्वारा इसका हम लोग घोर निंदा करते है ।

### बाइक सवार बदमाशों ने दो भाइयों पर किया फायरिंग

मधुबनी। खजौली थाना क्षेत्र मे 24 घंटे के भीतर दो गोलीबारी की घटनाओं से दहशत से बना माहौल खजौली थाना क्षेत्र के मैना गांव की है जहां बुधवार को हुई गोलीबारी में एक 12 वर्षीय बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई वही दूसरी घटना गुरुवार सुबह का है जहां खजौली से बीज लाने निकले दो भाइयो पर लक्ष्मीपुर दतुआर के पास अपराधियो ने हमला कर दिया।जिसमे छप राढीगांव के अमरेश यादव उम्र करीब 26 साल को गोली लगने से मौत हो गई। वही बाइक के पीछे बैठा युवक गिरने से जख्मी हो गया। गोलीबारी की घटनाओ के बाद से खजौली और आसपास के क्षेत्रो में तनाव का माहौल बना हुआ है। गेहू की बीज लाने जा रहे थे मृतक के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि वो और अमरेश दोनो बाइक से गेहू का बीज लाने जा रहे थे। तभी रास्ते में तीन बाइक सवार अपराधियो ने उन पर हमला कर दिया । बताया कि हमलावरो में से एक शत्रुघ्न यादव ने अपनी पिस्टल दिनेश यादव को दिया था। जिसके बाद उसने अमरेश पर तीन राउंड फायरिंग कर की। जिसमे दो गोलिया अमरेश के गले में लगी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए मधुबनी के एक निजी अस्पताल ले गया लेकिन डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियो की पहचान भी कर लिया गया है मुख्य आरोपी दिनेश यादव शत्रुघ्न यादव और राजा की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापेमारी कीया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार में होगा।

### जिला परिषद की सामान्य बैठक का हुआ आयोजन

मधुबनी। मधुबनी डीआरडीए सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया जो बैठक आरंभ होते ही हंगामादार रहा जिला परिषद सदस्यो की मांग थी कि पिछले कई बैठक से मुद्दो पर प्रशासन एवं अध्यक्ष के द्वारा अमल नही की जा रही है जिससे क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह अवरुद्ध है जिला परिषद सदस्य बाबूबरही रणधीर खन्ना ने अपने क्षेत्र के चौमुखी विकास को लेकर के कृषि कार्य के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग उठाए तथा हाई स्कूल प्रांगण में जो मार्केट कपलेक्स बनाया गया है वह अधूरी है उसे पूर्ण किया जाय।

# बांग्लादेशी हिन्दुओं के सम्मान में सनातन संघर्ष समिति का आक्रोश पदयात्रा मार्च किया गया

प्रात: किरण, संवाददाता




दरभंगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सनातन संघर्ष समिति द्वारा आज दिनांक 5 दिसंबर को सनातन संघर्ष समिति के द्वारा आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया।

इस पदयात्रा की शुरूआत मनोकामना मंदिर परिसर से पदयात्रा टावर चौक, मिजार्पुर, नाका नंबर 5 और नाका नंबर 6 होते हुए कपूर्री चौक स्थित मेडिकल मैदान में एक सभा के रूप में परिवर्तित हो कर संपन्न हुई। पदयात्रा के रास्ते पर हिंदू समुदाय के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि अपने सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। जिन संगठनों की सहभागिता रही उसमे आर्य समाज ,ठाकुर अनुकूलचंद,कबीर पंथ ,सिख समाज (गुरुद्वारा प्रबंध समिति) ,शिव गुरु ,जय गुरुदेव ,ओशो ,दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ,गायत्री परिवार ,पतंजलि योग पीठ,आनद मार्ग,इस्कान ,राम कृष्ण मिशन,प्रजापति ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय,चित्रगुप्त समिति ,वैश्य सुढ़ी समाज ,अखिल भारतीय हिन्दू जागरण सेवा समिति ,विद्यापती सेवा संथान ,ब्राहाण फेडरेशन ,ब्रह्मर्षि विकाश मंच,करणी सेना ,रजक संघ,नाई संघ ,पान संगठन ,संत रवि दास समाज ,आंबेडकर विकाश मंच,दुर्गा पूजा समन्वय समिति, रामनवमी पूजा समिति,ड्रग एजेंसी एसोसिएशन, रेड क्रस सोसाइटी,एसोचेम, दरभंगा केमिस्ट एंड ड्रग एसोशिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मारवाड़ी युवा मंच ,सिंधि समाज ,नोनिया समाज ,दुसाध महासंघ,साहू समाज ,खटीक समाज ,तेली समाज ,हलवाई महासंघ,पासी महासभा,कानू महासभा ,क्षत्रिय महासभा ,होटल एशोसिएशन ,ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन ,सफाई कर्मचारी संघ ,प्राथमिक शिक्षक संघ ,मध्यात्मिक शिक्षक संघ ,आटो चालक एशोसिएशन ,स्वर्णकार महासंघ ,विश्वकर्मा समाजा ,सहनी समाज ,कर्मचारी संघ ,विश्वकर्मा महासंघ ,भारतीय दुसाध उत्थान परिषद ,रौनिया वैश्य महासंघ ,बार एशोसिएशन ,चंद्रवंशी समाज ,चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ,महुआ सोसाइटी ,सीए एसोसिएशन ,मीडिया एसोसिएशन ,पार्षद महासंघ ,टेंट एशोसिएशन ,मुखिया संघ, लायंस क्लब और चैंबर ऑफ कॉमर्स।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगातार अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों के साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार का पर विरोध जताया।शांतिपूर्ण ढंग से निवास कर रहा हिंदू समाज अपने बांग्लादेशी हिंदू भाइयों के पक्ष में आवाज बुलंद करें जिससे बांग्लादेश में इस विपरीत परिस्थिति में रह रहा हिंदू समाज संबल प्रदान करें। सभा को सम्बोधित विभाग सह संघ चालक प्रो अजीत सिंह, इस्कॉन के रमेश प्रभु, ब्राह्मण महासभा के रंजीत झा,रजक संघ के गजेंद्र चौधरी, मारवाड़ी युवा मंच के सौरव सुरेका,चित्रांश सभा के सुजीत मल्लिक,वैश्य सूरी समाज सेवा समिति के रामनाथ पंजीयार,ब्रह्मर्षि विकास मंच के संजीत ठाकुर,नोनिया महासभा के श्रवण महतो,राष्ट्रीय सेविका समिति विभ्‍ग कार्यवाहिका आरती सिंह, नीलू गुप्ता, सपना भारती,अविनाश कुमार, विजय स्वर्णकार,राजीव झा, रुद्रनारायण मंडल,आदित्य नारायण मन्ना, राजीव प्रकाश मधुकर, उत्सव पराशर,रंगनाथ ठाकुर, विधायकगण संजय सरावगी, डॉ मुरारी मोहन झा, डॉ रामचंद्र साह सहित विजय चौधरी, अंकुर गुप्ता, मुकेश महासेठ, विकाश चौधरी, राघव आचार्य, वागीश झा, पंकज वारी, विजय गुप्ता, गोपी राय, सुमित राय, बमबम राजेश जी, गौरव राम, संतोष भगत, विजय सहनी, अभिषेक रंजन, सोनू सिंह, प्रभाष प्रसाद, सौरभ सुमन, प्रभास आनंद झा, जितेंद्र पंडित, रितिक, विशाल, सुभाष पंडित, रंजन गुप्ता, चंदन वर्मा, रिंकू गुप्ता, प्रदीप सिंह, विक्रम गुप्ता, अभिषेक सुमन, बालेंदु झा, संगीत साह, प्रशांत रवि, धरम कुमार, मुन्ना साफी, रामचंद्र, परेश, हेमंत, संतोष मुखिया, नागेश निधि, मिथिलेश सहनी ने सम्बोधित किया ।

### खाद बीज दुकान की भौतिक जांच में मिली अनियमितता

प्रात: किरण, संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। खाद बीज के दुकानदारों के द्वारा की जा रही खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर गुरुवार को बी डी ओ दुनिया लाल यादव ने माउंबेहट गांव स्थित खाद बीज विक्रेता रूबी ट्रेडर्स की दुकान की जांच की। जांच के बाद बीडीओ ने बताया कि इस दुकान में कतिपय अनियमितताएं पाई गई। दुकानदार द्वारा सरकारी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। स्टॉक के भंडारण एवं पंजी जांच में अंतर पाया गया है।डीएपी खाद स्टॉक में 80 बोरा तथा यूरिया 350 बोरा होना चाहिए। लेकिन डीएपी मात्र 71 बोरा तथा यूरिया 324 बोरा पाई गई। दुकान के बाहर बोर्ड पर स्टॉक एवं खाद का मूल्य लिखा होना चाहिए जो नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि दुकान भी बहुत ही छोटा घर में चलाया जा रहा था। जिसमें ग्राहकों को बैठने आदि के लिए कोई सुविधा नहीं थी। बी डी ओ ने बताया कि यद्यपि जांच के समय कोई ग्राहक नहीं होने के कारण अधिक मूल्य लिए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि मानक के विपरीत दुकान चलाने के संबंध में दुकानदार से स्पष्टीकरण पूछते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमिकों के लिए लेबर डिपार्टमेंट की योजनाएं वरदान के समान है : पप्पू सिंह

## मुखिया अनुराधा सिंह के अथक प्रयासों से पंचायत सरकार भवन में लगा लेबर कार्ड हेतु मेगा कैंप

प्रात: किरण, संवाददाता



अलीनगर(दरभंगा)। नरमा नवानगर पंचायत की मुखिया अनुराधा सिंह के अथक प्रयासों की बदौलत पंचायत सरकार भवन-नरमा में मजदूर निबंधन (लेबर कार्ड) हेतु मेगा कैंप का आयोजन किया गया।सैकड़ों श्रमिक भाइयो एवं बहनों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया। लेबर कार्ड के तहत मजदूर भाइयों को अनेक प्रकार का लाभ प्रदान किया जाता है। इस मौके पर किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह मौजूद रहे। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि श्रमिकों के लिए लेबर डिपार्टमेंट की ये योजनाएं वरदान के समान है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है ताकि सारे श्रमिक भाई-बहन को इसका फायदा मिल सके। संजय सिंह पप्पू सिंह ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को मातृत्व लाभ और मातृत्व अवकाश के संग पुरुषों को भी पितृत्व अवकाश का लाभ प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही बेटियों की शादी के समय में एकमुश्त 50 हजार की राशि प्रदान की जाती है। प्रसव के समय में 6 हजार की राशि का भुगतान किया जाता है। श्रमिक बंधुओं के बच्चे को पढ़ाई के दौरान 10वीं और 12वीं परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उच्चतम प्राप्तांक हासिल करने पर अधिकतम 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। इसके अलावा आकस्मिक मृत्यु होने की दशा में 5000 की तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही स्वाभाविक मृत्यु होने की स्थिति में 2 लाख रुपये का अनुदान और दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये तक का सहयोग राशि परिजनों को प्रदान की जाता है। दरभंगा प्रमंडल के उप श्रमायुक्त राकेश रंजन ने कहा कि इसके अलावा श्रमिकों के लिए साइकिल खरीदने पर 3500 की सहयोग राशि और औजार खरीदने के लिए 15 हजार की सहयोग राशि भी प्रदान की जाती है। इसके अलावा अन्य कई लाभ हैं जिसका सीधा लाभ श्रमिकों को मिल सकता है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि नरमा पंचायत की मुखिया अनुराधा सिंह जी के द्वारा किए गए इन प्रयासों को अन्य पंचायतों के जन प्रतिनिधि भी लागू करें तो श्रमिकों की जिंदगी में आमूलचूल बदलाव लाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में दरभंगा प्रमंडल के उप श्रमायुक्त राकेश रंजन, केवटी के श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिलीप कुमार,बेनीपुर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री नवचंद्र प्रकाश, पंचायत समिति पुरूषोतम सिंह, उपमुखिया प्रमोद झा, पंचायत सचिव अभिषेक पांडे,स्वच्छता प्रवेक्षक राहुल सिंह समेत अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूर्व से दर्ज था मामला

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर थाना पुलिस ने छापेमारी कर आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध नगर थाना में पूर्व से मामला दर्ज था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नगर थाना क्षेत्र के धरमपुर न्यू कॉलोनी के मो. सागर के पुत्र मो. साहिल के रूप में हुई है। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बीते सितंबर माह में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ताजपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास धरमपुर जाने वाली गली से एक बदमाश को एक देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। जिसकी पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांदचौर मथुरापुर के मो. इम्तियाज के पुत्र मो. इब्राहिम (19 वर्ष) के रूप में हुई थी। उसी से पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि उसने हथियार धरमपुर न्यू कॉलोनी के मो. सागर के पुत्र मो. साहिल उर्फ बौनी से खरीदा था। जिसके आधार पर मो. साहिल उर्फ बौनी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। वहीं नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### कुर्था पुलिस ने 13 लीटर महुआ निर्मित शराब किया बरामद



कुर्था (अरवल) अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश अबैध शराब कारोबारी एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाकर 13 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद किया। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि छापामारी अभियान के तहत आजाद बिगहा से 9 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुआ जबकि मानेपाकड़ से 4 लीटर दोनों जगह शराब बरामद की गांव के बधार से की गई है जिसके वजह से अज्ञात केस दर्ज किया गया।

# शराब तस्करी के लिये जा रहा चार चक्का वाहन धराया ठिकाने लगाने से पहले 17 कार्टन शराब बरामद

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बसढ़िया पंचायत अंतर्गत 36 नंबर रेलवे गुमटी के पास से पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर एक चार चक्का वाहन से शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार रंजन ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी की एक चार चक्का गाड़ी से भारी मात्रा में शराब की तस्करी होने वाली है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख कर गाड़ी छोड़ कर सभी फरार हो गए। गाड़ी की तलाशी लेने पर 17 कार्टन में रखे 151.38 लीटर शराब मिली। इसको लेकर दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पगड़ा निवासी बब्लू सिंह के पुत्र उज्वल सिंह, लोकनाथपुर गंज दिलीप के पुत्र मनोरंजन झा, पगड़ा निवासी मनोज कुमार के पुत्र अंकित विराट, घाट नवादा निवासी विश्वास कुमार के पुत्र नीतीश कुमार पर शराब की तस्करी करने को लेकर नामित प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### कामाख्या-आनंद विहार एवं भुवनेश्वर धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में की गई वृद्धि

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 02525/26 कामाख्या-आनंद विहार-कामाख्या तथा 02832/31 धनबाद-भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में निम्नानुसार वृद्धि की गयी है:

1. गाड़ी संख्या 02525 कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 04 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27.12.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा ।
2. गाड़ी संख्या 02526 आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 04 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29.12.2024 तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा ।
3. गाड़ी संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 59 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27.02.2025 तक प्रतिदिन किया जाएगा ।
4. गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 59 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 28.02.2025 तक प्रतिदिन किया जाएगा ।

### पटना और गया के मध्य स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गया और पटना के मध्य एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गया और पटना के मध्य यह स्पेशल ट्रेन 05 दिसंबर से 07 जनवरी तक अप एवं डाउन दिशा में 20-20 ट्रिप चलायी जाएगी । गाड़ी संख्या 03667 गया-पटना मेमू स्पेशल गया से 14 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 16.50 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03668 पटना-गया मेमू स्पेशल पटना से 17 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 20 बजे गया पहुंचेगी ।

# ग्यारह दिवसीय महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

## विवाह पंचमी महोत्सव को लेकर साधु संत समेत बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

प्रात: किरण, संवाददाता



मधुबनी । जयनगर के पवित्र पावन माँ कमला नदी के तट पर स्थित पर्णकुटी राम जानकी मंदिर परिसर में विवाह पंचमी महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित श्री श्री 108 श्री सीताराम नाम ग्यारह दिवसीय महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।पर्णकुटी राम जानकी मंदिर परिसर से सुबह गाजा बाजा के साथ भव्य कलश व शोभा यात्रा निकाली गई। पुरुष व महिलाओं के हाथों में धार्मिक ध्वज तो कन्या व महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी।इस अवसर पर 201 कन्याओं ने कलश यात्रा में भाग ली। मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा वाटर वेज चौक,भेलवा चौक,मेन रोड,पटना गद्दी चौक,बल्डीहा चौक,इनरवा चौक होते हुए जयनगर शहर में स्थित कमलानदी पर पहुंची।यहां से कलश में जलबोझी की गई।वापस मंदिर पहुंचने पर जलाभिषेक किया गया।इस मौके पर महंथ बालक दास (नागा) सियाराम शरण ने कहा कि विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 श्री सीताराम नाम ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का आयोजन को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई है।यह कार्यक्रम 5 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक आयोजन किया जायेगा।धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन सभी के मंगल की कामना,सर्व कल्याण , विश्व मे शांति बना रहे,व्यपाड़ में बढ़ोतरी, विश्व मे शांति , मुल्क की तरक्की,आपसी भाई चारा, प्रेम ,सद्भाव,विपदाओ से बचाव को लेकर यह धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा हैं।इस मौके पर उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी,समाजसेवी अजय कापर,पप्पू चोरवाड़,गंगा चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। बड़ी संख्या ने साधु संत समेत श्रद्धालु भक्त जन शामिल हुए।

# विनोद कुमार यादव पुन : उप प्रमुख के पद पर हुए निर्वाचित



मधुबनी। जयनगर प्रखण्ड के उप प्रमुख पद पर विनोद कुमार यादव पुन निर्वाचित हुए। निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के आदेश संख्या 3926 दिनांक 22 नवम्बर 24 के आलोक में जयनगर प्रखंड के उप प्रमुख का निर्वाचन प्रेक्षक जिला समाहर्ता सह लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह व अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी वीरेंद्र कुमार के उपस्थिति में गुरुवार को सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में उप प्रमुख के पद का चुनाव संपन्न कराया गया। एसडीएम वीरेंद्र कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जयनगर प्रखण्ड के उप प्रमुख पद के लिए दो प्रत्याशी ने अपना दावा पेश किया। उप प्रमुख पद के विनोद कुमार यादव और उर्मिला देवी ने अपनी दावेदारी पेस किया। प्रखंड के पंद्रहो पंचायतों के सभी 21 पंचायत समिति सदस्यों में एक अनुपस्थित रहे। इसी तरह प्रेक्षक की उपस्थिति में उप प्रमुख पद के लिए चुनाव कराया गया। जिसमें विनोद कुमार यादव को 12 मत एवं उर्मिला देवी को 7 मत एवं एक मत बोकस गिरे। विनोद कुमार यादव को उप प्रमुख पद पर विजय घोषित किया गया। प्रेक्षक व दंडाधिकारी के उपस्थिति में नवनिर्वाचित उप प्रमुख विनोद कुमार यादव को प्रमाण पत्र देते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। ईस तरह विनोद कुमार यादव पुनः उप प्रमुख के पद पर निर्वाचित हुए। समर्थको के द्वारा उप प्रमुख विनोद कुमार यादव को अबीर गुलाल लगा कर फूलो की माला पहनाकर शुभकामनाए और बधाई दिया। उप प्रमुख विनोद कुमार यादव ने कहा कि मैं पुन उप प्रमुख के पद पर निर्वाचित हुआ है। यह सदस्यों व आम जनो की जीत है जिन्होंने ने मेरे ऊपर पुनः विश्वास करके मुझे उप प्रमुख चुना है मैं सभी के विश्वास को कायम रख आम जनो और जनप्रतिनिधियो के जन समस्याओं के निदान करने एवं उनके हक के लिए आवाज बुलंद कर विकास कार्यों के गति देने कार्य करूंगा।

# बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन



दरभंगा। बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय असराहा खिरमा केवटी दरभंगा का मो.जमा खान मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार सरकार के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, विधायक अलीनगर मिश्रीलाल यादव,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल,अपर सचिव इबरार आलम, अपर सचिव सह निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण मो.अमीर अफाक अहमद फैजी, इरशाद अली आजाद, मेजर इकबाल हैदर,एजाज अहमद, मो.मेराज अहमद, मो.हाफिज अबू शहमा इरशादुललाह आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ समा रौशन कर किया गया। मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार का शुक्रिया अदा करता हूँ कि समाज के कमजोर, गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा नहीं ले पा रहे थे, पढ़ नहीं पा रहे थे, उनके लिए सोचने का काम किया है।उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय का उद्घाटन हम लोग किए हैं। साथ ही कई जिलों में शुरूआत करने जा रहा हूँ।सभी बच्चों से अनुरोध किया कि आप लोग एक मिसाल कायम करें। उन्होंने सबों से अनुरोध किया कि जिस तरह से आवासीय विद्यालय मिला है बच्चे पढ़े,अभिभावक सपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि कोई भी परेशानी, कठिनाई हो,खबर करेंगे हम लोग आप लोगों के बीच नजर आएंगे।बच्चों से अनुरोध किया कि आप लोग संकल्पित हो जाओ कि मुझे मंजिल पाना है, बच्चे मंजिल के मुताबिक मेहनत करेंगे सफलता जरूर मिलेगी, इतिहास गवाह है। उन्होंने सभी अभिभावक से भी अनुरोध किया की बच्चों को स्कूल भेजने का काम करेंगे।

# प्रो राम भरत ठाकुर के निधन से विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत,शोक सभा के बाद अवकाश घोषित

प्रात: किरण, संवाददाता



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिवार अपने यशस्वी प्रोफेसर राम भरत ठाकुर के असामयिक निधन से मर्माहत है।विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो प्रेम मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित शोक सभा में स्वर्गीय प्रो ठाकुर को पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अत्यंत मृदभाषी और सरल स्वभाव के थे। चरित्रवान, समर्पित, ईमानदार एवं कुशलकर्मी को खोना विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए अपूर्णीय क्षति है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आयोजित शोक सभा में कुलसचिव डॉ. विजय कुमार यादव ,कुलानुशासक प्रो अजय नाथ झा,उप- कुलसचिव प्रथम,उप कुलसचिव द्वितीय, सीसीडीसी डॉ गजेंद्र प्रसाद, प्रो. अशोक कुमार मेहता व प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो दमन कुमार झा, डॉ मनोज कुमार, डॉ सुरेश पासवान, डॉ कामेश्वर पासवान सहित समस्त पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी गणों ने स्वर्गीय ठाकुर की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। शोक सभा के बाद शेष अवधि के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय में अवकाश घोषित किया गया।

# नियोजनालय में निबंधित 40 अभ्यर्थियों को स्टडी किट के रूप में नि:शुल्क पुस्तकें कराया गया उपलब्ध




समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय समस्तीपुर कार्यालय द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के कम में टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को जिला समाहरणालय में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 18 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टूल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्युनतम पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 40 अभ्यर्थियों को संबंधित परीक्षा की पुस्तकें स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम में टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के कम में जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा टूल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के आभाव को दूर कर उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा तथा वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा छात्रों से विशेष संवाद भी किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी रूचि के अनुसार से प्रश्न भी किये। उनके द्वारा छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकानाएं भी दी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषंग, आकाश, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जिला एससी-एसटी कल्याण पदाधिकारी, प्रसून परिमल तथा जिला नियोजनालय समस्तीपुर के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# निर्देश: 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर बच्चों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

## अब ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर बनेगी छात्रों की हाजिरी

### प्रविष्ट किए गए आंकड़ों का वेरिफाई किया जाएगा

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा सभी बीईओ को निर्देशित किया है कि लाभुक आधारित योजनाओं हेतु राज्य के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में नियमित रूप से अध्यनरत छात्र- छात्राओं का उपस्थिति से संबंधित आंकड़ों को ई- शिक्षाकोष पोर्टल पर प्रविष्ट कराने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिया गया है। उक्त के संबंध में कार्यालय कर्मी के द्वारा सभी विद्यालय से संपर्क भी लगातार स्थापित किया जा रहा है।चुंकि उल्लेखित पोर्टल से बुधवार से खुल गया है। सभी को पुनः स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक,प्रधान शिक्षक/प्रभारी



प्रधान शिक्षक से प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त कर अधोस्ताक्षरी कार्यालय को अपराह्न 3 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे,ताकि प्रगति संबंधित जानकारी वरीय पदाधिकारी को ससमय उपलब्ध कराया जा सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की लाभुक योजनाओं की राशि के हस्तांतरण हेतु ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से 75% उपस्थिति से संबंधित आंकड़ा एनआईसी को उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके आधार पर एनआईसी के द्वारा पीएफएसएस प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए लाभुक योजना की राशि सीधे लाभुक के बैंक खाता में अंतरित की जानी है।इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर 1 अप्रैल,2024 से 30 सितंबर 2024 तक नामांकित छात्र-छात्राओं में से 75% अथवा उससे अधिक की उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को यस तथा 75% से कम उपस्थिति वाले छात्र- छात्राओं के सम्मुख नो अंकित करना है। 75% अथवा उससे अधिक की उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को ही विभिन्न लाभुक आधारित योजनाओं का लाभ दिया जाना है।

विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं को उनके परिवार की की 1.5 लाख रुपए कुल वार्षिक आय के अनुसार यश अथवा नो के रूप में चिन्हित कर दिया गया है। चेक लिस्ट को भरने के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक ई- शिक्षाकोष पोर्टल के स्क्रीन पर प्रदर्शित सबमिट बटन को क्लिक कर देंगे एवं प्रविष्टि किए गए आंकड़ों का पोर्टल से प्रिंटआउट निकाल लेंगे।तत्पश्चात विद्यालय द्वारा प्रविष्ट आंकड़े संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के लॉगिन में वेरिफिकेशन हेतु प्रदर्शित हो जाएगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के माध्यम से प्रविष्ट किये गये आंकड़ों का वेरिफाई किया जाएगा।

# दिननगर गाँव में एक युवक पर छुरा से किया जानलेवा हमला, युवक गंभीर रूप से जख़्मी हुआ जमुई रेफर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- चंद्रदीप थाना क्षेत्र के दिननगर गांव में एक युवक को छूरा मारकर किया घायल,युवक बुरी तरह से हुआ जख़्मी जमुई रेफर। घायल युवक की पहचान दिननगर गाँव के साबिर खान के 23 वर्षीय पुत्र फकरुद्दीन खान के रूप मे हुई,



दीननगर गांव गुरुवार की दोपहर मे आपसी विवाद को लेकर गाँव के महताब खान ने छुरा से मो. फखरुद्दीन पर हमला कर दिया। इस दौरान गला, सिर और हाथ पर कई बार वार करके बुरी तरह से घायल कर दिया। जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक आरोपित मो. महताब खान फरार हो गया। उंसके बाद स्वजन द्वारा मो. फखरुद्दीन को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गया। घायल मो. फखरुद्दीन ने बताया कि दो दिन पहले मामूली बात को लेकर मो. महताब से झगड़ा हुआ था लेकिन मामला शांत हो गया था। गुरुवार को गांव में ही फुटबाल मैच शुरू होने वाला था जिसको लेकर वे बैठे थे, तभी दो दिन पहले हुई मारपीट के रंजिश में मो. महताब खान छुरा लेकर अचानक आया और मेरे सर का बाल पकड़ कर गर्दन पर छुरी से चला दिया लेकिन हम जैसे तैसे उसकी छुरी पकड़ कर तोड़ दिया तभी फिर अपने कमर से बड़ा छुरा निकाल कर मेरे सर पर ताबड़ तोड़ वार करदिया जिससे मेरे सर पर तीन चार जगह कट गया, और खून की धारा बहने लगी,और जमीन पर गिरगया, और महताब खान भाग निकला,तभी ग्रामीणों की मदद से आनन फानन मे अलीगंज पीएससी लाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया,गंभीर हालत को देखते हुए घायल की जमुई सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया,सदर अस्पताल में इलाज चल रहा मो. फखरुद्दीन की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# मामूली बात को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट, जिसमें चार लोग हुआ घायल

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई । झाझा मामूली बात को लेकर दो भाइयों के परिवार के बीच जमकर बुधवार की शाम मारपीट हो गया जिसमें दोनो तरफ से कुल चार लोग घायल हो गया। मुकेश ने बताया कि बच्चे के विवाद पर मारपीट उक्त लोगों ने किया। घायल गुनगुन ने बताता की मेरा चाचा मुकेश शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो मुझे और मेरी मां के साथ लाठी, पत्थर से वार करते हुए घायल कर। गुनगुन ने आगे बताया कि अक्सर चाचा और चाची बेवजह हमेशा गाली गलौज किया करता है। मामला नगर क्षेत्र के फांड़ी चौक के पास की है। मारपीट में घायल सभी लोग अपना इलाज करवाने के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल मुकेश ने बताता की मै घर पर अपने बच्चे और पत्नी के साथ खाना खा रहा था कि तभी भाई सूरज कुमार विश्वकर्मा, भतीजा गुंजन कुमार, भतीजी गुनगुन, भाभी अनुपमा देवी लाठी से लैस होकर आया और दरवाजा खटखटाया जिसके बाद दरवाजा खोला तो वे सभी लोग लाठी से मुझे और मेरी पत्नी को मारकर घायल कर दिया। एक तरफ से घायल में मुकेश कुमार तथा उसकी पत्नी डोली देवी के रूप में हुई है जबकि दूसरे तरफ से घायल की पहचान अनुपमा देवी और उसकी बेटी कुमारी गुनगुन के रूप में हुई है।

# बिहार में बरामद शराब विनिष्टीकरण में राज्य के कई जिले पीछे: पुलिस मुख्यालय

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस मुख्यालय ने शराब बंदी कानून अप्रैल 2016 में लागू करने के बाद आठ साल में राज्य भर में बरामद शराब का विनिष्टीकरण का औसतन 96% रहा है वहीं कई जिले ऐसे हैं जहां विनिष्टीकरण का औसतन राज्य के औसत से ज्यादा है सबसे फिसड्डी वाला जिला जमुई है जहां का रजिस्ट्रीकरण सिर्फ 87% है पुलिस मुख्यालय ने विनिष्टीकरण में मुंगेर खगड़िया अरवल मधुबनी वैशाली और समस्तीपुर शराबबंदी के बाद अक्टूबर तक शराब के विनष्टीकरण की बात करें तो राज्य के औसतन 96% से ज्यादा वाले कई जिले हैं 99% विनिस्ट्रीकरण वाले जिले में लखीसराय क्रिया अरवल मधुबनी वैशाली और समस्तीपुर शामिल है 98% शराब विनिष्टीकरण करने वाले जिलों में भागलपुर मुंगेर बांका दरभंगा मुजफ्फरपुर औरंगाबाद शेखपुरा कैमूर रोहतास शामिल है 97% कारण करने वाले जिले नवगछिया कटिहार मधेपुरा मोतिहारी सारण रेल पटना रेल कटिहार नालंदा और रेल जमालपुर आदि शामिल है वहां जमीन और मकान अधिक ग्रहण का प्रस्ताव भी काम शराब मामलों में जप्त किए गए वहां के साथ ही उसे जमीन और मकान के अधिग्रहण का भी प्रस्ताव समय पर नहीं भेजा जा रहा है जहां से शराब जप्त की गई है इसको लेकर भी पुलिस मुख्यालय ने मुंगेर सहित राज्य के सभी जिलों को लिखा है मुख्यालय ने कहा है कि वैसे मामले में अधिग्रहण का प्रस्ताव समय पर देने पर ही उसे पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

# तलवार से वार कर चाचा न दो भतीजा के साथ मारपीट कर किया घायल, एक कि स्थिति बनी नाजुक

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई । झाझा बेटे के साथ कि गई मारपीट के विवाद पर दो सगे भाइयों के साथ उसके चाचा ने मारपीट करते हुए तलवार से वार कर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। मामला थानाक्षेत्र के बैजला गांव का है। घायल की पहचान बहादुर यादव और उसका भाई पिंटु यादव के रूप में हुई है। घटना में बहादुर यादव की स्थिति काफी नाजुक बना हुआ था जिसको लेकर पिंटु के साथ उसके भाई को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। तलवार के हमले में घायल दोनो भाइयों को लोगों ने इलाज के



लिए आनन फानन में रेफरल अस्पताल लाया जहां डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा घायल। दोनो भाइयों का इलाज किया। मारपीट के संदर्भ में घायल दोनो भाइयों की मां सुहागा देवी ने बताया कि मेरा देवर ईश्वर यादव बुधवार को सबसे पहले मेरे पोते के साथ मारपीट किया था उसी बात की शिकायत दोनो बेटे के द्वारा किये जाने पर ईश्वर यादव ने विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध मेरे दोनो बेटों के द्वारा किये जाने पर ईश्वर ने दोनो बेटों के साथ मारपीट करते हुए तलवार से वार कर घायल कर दिया।

# बाल विवाह पर महिलाओं ने ली शपथ -बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। गुरुवार को महिला एवं बाल विकास निगम मुंगेर की ओर से सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के बजरंगबली नगर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या136 बाल विवाह मुक्ति को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई उन्हें कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुंगेर ग्रामीण प्रियदर्शनी ने की बैठक को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ने कहीं की आप लोग अपने बच्चों की शादी कम उम्र में ना करें बेटी की शादी 18 वर्ष से पहले ना करें के लिए आप सभी महिला पुरुष शपथ ली। सही उम्र पर ही अपने बच्चों की शादी करें ताकि बाल विवाह से हमारा समाज मुक्त हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित शालिग्राम प्रसाद डीएमएल, मनोज कुमार मंडल एफ एल एस, पूजा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका सीता कुमारी, रेणु देवी, सहायिका का रिंकू कुमारी सहित क्षेत्र के दर्जनों महिला ने कार्यक्रम में भाग लिए।

# रेलवे में होने वाले यूनियन चुनाव में मतदाता रेलकर्मियों का दिखा उत्साह




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई । झाझा बुधवार से शुरू तीन दिनों चलने वाले यूनियन चुनाव के दूसरे दिन भी रेलकर्मियों के बीच मतदान करने को उत्साहित दिखाई दिया। गुरुवार को भी कई रेलकर्मी चुनाव के निर्धारण किये गए समय 8 बजे मेमुकार शेड में बनाये गए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने अपने मत का प्रयोग किया गया। पहले दिन मतदान के निर्धारित समय 6 बजे तक 1200 मतदाता रेलकर्मियों में से 558 मतदाता रेलकर्मी ने अपना मत का प्रयोग कर लिया था वही मतदान के दूसरे दिन यानि गुरुवार को पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 3 बजे तक कुल 309 मतदाता रेलकर्मियों ने मत का प्रयोग कर चुका था। दूसरे दिन सुबह 10 बजे तक मतदान करने वाले रेलकर्मियों की अच्छी खासी भीड़ मतदान केंद्र पर था लेकिन उसके बाद मतदान की गति धीरे चलने लगा। वही शुक्रवार को रेलवे में यूनियन के चुनाव के लिए मतदान करने का अंतिम दिन है। जिसमे वैसे रेलकर्मी जो बुधवार, गुरुवार को मतदान नही कर सका है वे मतदान कर सकते हैं। अलग अलग यूनियन के सदस्यों ने बताया कि तीन दिन इसलिए मतदान करने की तिथि रखी गई है क्योंकि इसमें कई रनिंग स्टाफ होते हैं जैसे रेलवे चालक, उपचालक, गार्ड, टीसी जो ड्यूटी के काम से बाहर है वे अंतिम दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर सके। बताते चले कि झाझा रेलवे विभाग में रेलवे में मान्यता प्राप्ति को कुल 6 यूनियन चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं और दूसरे दिन भी यूनियन शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य वैसे मतदाता रेलकर्मी जो पहले दिन किसी कारणवश अपना मत नही दिए थे वैसे मतदाता रेलकर्मियों को मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

# गृह मंत्रालय भारत सरकार ने घुसपैठियों पर रिपोर्ट मांगी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार घुसपैठियों पर गंभीर है विशेष शाखा की सूचना के बाद गृही विभाग ने भागलपुर समेत जिले के कई जिलों से बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिपोर्ट तलब की है दरअसल विशेष शाखा ने सरकार को जानकारी दी थी कि भागलपुर समेत कई मुस्लिम बाहुल्य जिलों में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठ किए दशकों से रह रहे हैं यह लोग पुराने मुस्लिम परिवार से निकाह कर यही बस गए हैं सर्वाधिक घुसपैठियों सीमांचल के जिलों में होने की आशंका जताई गई है सीमांचल के अररिया किशनगंज पूर्णिया और कटिहार में अधिक संख्या में होने आशंका जताया जा रहा है हाई रिस्क जोन जिलों में शुमार है बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद भारी संख्या में और प्रवासियों के बांग्लादेश से सटे बिहार झारखंड क्षेत्र में आने की आशंका है भागलपुर मालदा जमालपुर रेलखंड पर है मालदा के में कालियाचक से बांग्लादेश का बॉर्डर नजदीक है इसलिए मालदा से ट्रेन पड़कर कटिहार और बारसोई होते हुए कई जिलों तक घुसपैठियों के पहुंचने की आशंका है बिहार सहित झारखंड के कई जिलों में दशकों से बांग्लादेशियों के पनाह लेने की बात कई मर्तबा सेंट्रल आईबी की रिपोर्ट में आई है रिपोर्ट में यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठी की आबादी झारखंड के आदिवासी इलाकों में तेजी से बढ़ रही है बांग्लादेशी प्रवासी झारखंड बिहार और बंगाल की जनसंख्या की बदल रहे हैं बताया गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठी आते हैं और आदिवासियों से शादी कर लेते हैं गृह विभाग ने प्रमुख जिलों के जिला एवं पुलिस प्रशासन को पत्र भेजकर रिपोर्ट जल्द से जल्द देने को कहा है।

# डाक के एवज में रुपए नही देने पर डाकिया ने दो टुकड़ों में फाड़ दिया लिफाफा

## डाक निरीक्षक ने कहा वरीय पदाधिकारी को सूचना देकर मामले की जांच की जा रही है

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई। झाझा भारतीय डाक को एक ओर सरकार आगे बढाने में जुटे हुए हैं तो वही दूसरी ओर झाझा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में एक डाकिया के द्वारा रुपये उगाही करने का मामला सामने आया है जिसको लेकर पीड़ित के द्वारा डाक अधीक्षक मुंगेर, झाझा डाकघर में डाकिया के खिलाफ शिकायत करते हुए आवेदन दिया है। दरअसल प्रखंड क्षेत्र के करहरा पंचायत के डाकिया राजकुमार के ऊपर करहरा पंचायत के कठौतिया गांव के रहने वाले युवक तालों मुर्मू ने दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि जमुई ट्रांसपोर्ट ऑफिस से बाइक का ओनरबुक डाक के माध्यम से आया जिसको लेकर पंचायत के डाकिया राजकुमार मेरे घर पर 4 दिसम्बर को देने के लिए आया और डाक देने के एवज में 500 रुपए देने की मांग किया जिसके बाद मेरे द्वारा रुपए नही देने पर डाक नही दिया और डाक विभाग झाझा को सूचना देने के बाद गुरुवार को डाकिया द्वारा दुबारा मेरे पास आया और कम से कम 200 रुपए देने को कहा जब रुपए न देने की बात करते हुए डाकिया से मैने कहा कि विभाग आपको वेतन देता है तो फिर क्यों मुझे रुपए मांग रहे हो इसपर डाकिया ने मेरे लिफाफा को दो टुकड़ा में फांड़ दिया।

मामले को लेकर डाक निरीक्षक झाझा अभिषेक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है इसको लेकर डाक विभाग के वरीय पदाधिकारी को सूचना दे दिया गया और मामले की जांच के लिए झाझा डाकघर के कर्मियों को जिम्मेवारी दी गई। डाक निरीक्षक ने कहा की अगर डाकिया दोषी पाया जाता है उसपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# लोजपा आर के प्रदेश प्रधान महासचिव ने दिया त्याग पत्र

बरियारपुर (मुंगेर) लोजपा (आर) प्रदेश प्रधान महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता विनय कुमार गुड्डू ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि उन्होंने 5 दिसंबर को लोक जन शक्ति(आर) के प्राथमिक सदस्य सह प्रदेश प्रधान महा सचिव सह मुख्य प्रवक्ता अति पिछड़ा प्रकोष्ठों लोक जन शक्ति पॉटी (आर) के पद से त्याग पत्र दे दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजु तिवारी मनोज कुमार प्रदेश अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ(आर) एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को प्रतिलिपि प्रेस कर कहा कि जमुई सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा खडगपुर के कार्यकर्ता के साथ दुरभाष पर बात नही करने का आरोप लगाया।इससे कार्यकर्ता मे आक्रोश व्याप्त है।उन्होने कहा कि चिराग पासवान भी मुख्यमंत्री नितिश कुमार के पैर पकड़ने का कार्य कर रहे है।

# मैराथन दौड़ के इस सफल आयोजन में सभी मुंगेर वासियों का रहा सहभागिता : आयुक्त

बरियारपुर (मुंगेर)। स्थापना दिवस के मौके पर मुंगेर में पहली बार फुल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । जिसमें प्रतिभागी 42.195 किलोमीटर की दौड़ पुरी किया।इस दौड़ का आयोजन मुंगेर के हेरु दियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर किया गया ।दौड़ को ले आज अहले सुबह से ही धावक और अधिकारी हेरु दियारा पहुंचे। जहां धावकों के मनोबल को ऊंचा करने और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिय बॉलीवुड अभिनेत्री सह फिट एक्सपर्ट मंदिरा बेदी भी मुंगेर पहुंची ।मंदिरा बेदी ,आयुक्त , डीएम, एसपी दौड़ को हरी झंडी दिखाया ।जिसके बाद फिट मुंगेर हिट मुंगेर के स्लोगन के साथ पिस्टल के फायर होते ही हजारों धावक दौड़ पड़े ।इस दौड़ में प्रथम आने वाले को एक लाख , द्वितीय आने वाले को 50 हजार और उसके बाद 10 - 10 हजार के कई पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा ।मौके पर हेरु दियारा मंच पर कई विभागों के द्वारा कार्यक्रमों का भी आयोजन किया ।मंदिरा बेदी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि मुंगेर जो कि योग नगरी के नाम से जाना जाता है ।यहां से ही फिटनेस , मेंटल हेल्थ फिटनेस की शुरूआत हुई है ।साथ ही युवाओं को ले कहा कि वे अपने फिटनेस को ले हर दिन कुछ न कुछ शारीरिक व्यायाम किया करें। और अंत में उन्होंने ने फिट मुंगेर हिट मुंगेर का नारा दिया ।इससे पूर्व उन्होंने ने मंच से सभी धावकों को संबोधित किया ।वहीं आयुक्त और डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि मुंगेर मैराथन के इस सफल आयोजन में सभी मुंगेर वासियों का सहभागिता है ।बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मेडल लाओ नौकरी पाओ को बल मिलेगा ।

# 6 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज हुआ गिरफ्तार

जमुई । झाझा थानाक्षेत्र के बलियाडीह गांव में घूमघूम कर शराब बेचने के मामले में एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिला कि बलियाडीह गांव के रहने वाला गोला दास घूमघूम कर शराब बेच रहा है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचा तो गोला दास पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किया लेकिन पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज के पास से तीन प्लास्टिक का बोतल भी बरामद हुआ

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में जिला नियोजनालय ने बेरोजगार युवाओं को टूल किट एवं स्टडी किट का किया वितरण



जमुई संवाददाता

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार श्रम संसाधन विभाग, अंतर्गत जिला नियोजनालय द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन 05 दिसम्बर को जिला नियोजनालय में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 17 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टूल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्युनतम पारिवारिक वार्षिक आय रू0 1,80,000 से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 72 अभ्यर्थियों को संबंधित परीक्षा की पुस्तकं स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम में टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण श्रम अधीक्षक, जमुई द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के क्रम में श्रम अधीक्षक, द्वारा टूल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के अभाव को दूर कर उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा तथा वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# कवीके कर्मचारी संघ की कलम बंद एक दिवसीय हड़ताल

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। गुरुवार से गैर आईसीएआर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया के खिलाफ गुरुवार 5 दिसंबर 2024 को कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के सभी वैज्ञानिक एवं कर्मी एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल कर रहे हैं जिसमें देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्र बढ़-चार कर भाग ले रहे हैं। इस कलम बंद हड़ताल का आह्वान नेशनल फोरम ऑफ केवीके व एआईसीआरपी नामक संगठन के द्वारा विभिन्न मांगों के लिए किया गया है। ज्ञात हो कि कृषि विज्ञान केंद्र पूरे देश देश में वर्ष 1974 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,नई दिल्ली और राज्य के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और कुछ प्रदेश के प्रतिष्ठित स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा संचालित किया जा रहा है जो देश की किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर प्रयासरत है। प्रारंभ में वर्ष 1974 में देश के तमिलनाडु प्रांत में पहला कृषि विज्ञान केंद्र का स्थापना हुआ और आज पूरे देश के प्रत्येक जिले में कृषि विज्ञान केंद्र कि स्थापना हो चुकी है। कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कृषि और किसानों के विकास साथी ही किसानों के आए दुगुनी करने में कृषि विज्ञान केंद्र की अहम योगदान को देखते हुए केंद्र सरकार के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि चरणबद्ध तरीके से देश के प्रत्येक जिले में 2 कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना हो। इसी क्रम में देश के कई जिले में और बिहार प्रांत के भी 5 बड़े जिलों में 2-2 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गई। देश के कृषि और कृषि से संबंध उपक्रमों के विकास में कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका सराहनीय रहा जिसका भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों के उच्च अधिकारियों के द्वारा यह स्वीकार किया जाता रहा परंतु देश के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे योजनाओं को गैर योजना में परिवर्तित किया गया परंतु यह विडंबना है कि कृषि और किसानों के विकास, किसानों के आय दुगुनी करने की होती है, लेकिन कृषि विज्ञान केंद्र आज 50 वर्षों से अधिक समय से अपेक्षित रहते हुए योजना से गैर योजना में परिवर्तित नहीं हो पाया। जिसके कारण कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों को मासिक भत्ते के अलावा अन्य भक्तों एवं सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है परंतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा संचालित देश के लगभग 60 कृषि विज्ञान केंद्रो के कर्मियों को भारत सरकार द्वारा देय मासिक वेतन तथा अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है जैसे पेंशन, सेवानिवृत्ति,पदोन्नति और चिकित्सा भत्ता। इसी भेदभाव पूर्ण रवियों को देखते हुए संगठन द्वारा एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल का निर्णय लिया गया। यह न सिर्फ कृषि विज्ञान केंद्र के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया है, बल्कि देश के किसानों के साथ भी एक क्रूर मजाक है। धरना पर बैठे कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान डॉ मुकेश कुमार, डॉ विनोद कुमार ,डॉ अशोक कुमार सहित सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संगठन के मुख्य मांग निम्न प्रकार हैः-

1. देशभर में केवीके के सभी कर्मचारियों के लिए वेतन सामान्य लाना ।

2. एचपीएस सहित एक समान सेवानिवृत्ति उपरांत के लाभ लागू करना ।

3. आरएस परौदा उच्च अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिश के अनुसार केवीके में समान सेवा शर्तों को लागू करना।

4. एसएमएस को वैज्ञानिक/ सहायक प्रोफेसर के रूप में समान रूप से पुनः नामित करना।

5. आईएस परौदा उच्च स्तरीय समिति कि सिफारिशों के अनुसार कर्मचारी/स्टाफ पदों का पुनर्गठन ।

# शिशुआ गांव पहुंचकर सांसद ने पूर्व विधायक गणेश पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया

## पूर्व विधायक स्वर्गीय पासवान के जीवन वृत्त पर परिवार के लोगों ने विस्तारपूर्वक चर्चा कर सांसद को अवगत कराया

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले बिहमा पंचायत के शिशुआ गांव में गुरुवार के दोपहर बाद तारापुर के राजनीति क्षितिज में विधायक के रुप में सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहते अपना एक बेहतर योगदान एवं काम करने वाले पूर्व विधायक रहे स्वर्गीय गणेश पासवान के निधन बाद इनके पैतृक आवास पर जमुई के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर रखे गए तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । गौरतलब है कि पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री पासवान की पुत्रवधू मुंगेर जिला पार्षद उपाध्यक्ष बियूटी विश्वास उनके पुत्र सुदर्शन पासवान सहित परिवार के अन्य परिजनों से मिलकर




इस दुख की घड़ी में सांत्वना दिया । परिवार के लोगों सहित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री पासवान के राजनीतिक जीवन वृत्त पर पंचायत के मुखिया से लेकर विधायक रहने तक का विस्तारपूर्वक चर्चा कर सांसद को अवगत कराया ।सांसद अरुण भारती ने पूर्व विधायक स्वर्गीय पासवान के परिजनों से मिलकर उन्हें हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहने का संकल्प दोहराया ।इसके पूर्व सांसद श्री भारती ने असरगंज प्रखंड क्षेत्र के शाहकुंड मोड़ पर निशांत सिंह बदरखा के द्वारा आयोजित मीना देवी फाउंडेशन फ्री आई चेक अप एवं कंबल वितरण समारोह का भी विधिवत उद्घाटन किया। जहां सौ से अधिक निर्धन गरीब लाचार बेबस लोगों का आंख का मुक्त इलाज एवं ऑपरेशन से लेकर उनके बीच ठंड को दखते हुए कंबल वितरण किया। सांसद के आने की सूचना को लेकर पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने गंगटा मोड़ में उनका जोरदार स्वागत किया । श्रद्धांजलि सभा के मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी युवा लोजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शशि शेखर राणा डॉक्टर सर्वेश दुर्गेश सिंह आई टी सेल के जिलाअध्यक्ष रोहित सिंह नगर अध्यक्ष विशाल आनंद नीतीश कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री पासवान के तैल्य चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।

सम्पादकीय

# संसद में 'इंडिया' विभाजित

संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इस पर स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में सभी दलों में सहमति तो बनी थी, लेकिन वह सहमति कारगर कब होगी? मंगलवार को भी दोनों सदनों में हंगामा हुआ, विपक्ष नारेबाजी करता हुआ अध्यक्ष के आसन तक भी पहुंचा, लिहाजा वह सर्वदलीय सहमति फर्जी लगी। विपक्ष ने संसद से बहिर्गमन तक किया, लेकिन लौट कर कार्यवाही में भी शिरकत की। प्रश्नकाल के दौरान सांसदों ने सवाल भी पूछे। शून्यकाल की भी संभावनाएं जगीं, लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि संसद की कार्यवाही बाधित क्यों की जाए? क्या अदाणी कांड वाकई राष्ट्रीय और संसदीय मुद्दा है, जिस पर कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल हंगामा कर रहे हैं और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे हैं? यदि अदाणी समूह ने कुछ गलत किया है, तो वह अमरीकी अदालत तय करेगी और दंडित करेगी। भारत में यह कांड आपराधिक नहीं है और न ही ऐसा कोई न्यायिक निष्कर्ष सामने आया है। अदाणी कांड पर ही विपक्ष के इंडिया गठबंधन में दरारें उभरी हैं। इंडिया में सर्वसम्मति कभी नहीं रही। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर इंडिया के सहयोगी दलों की जो बैठक हुई थी, उसमें तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग नहीं लिया। वे लगातार मानते रहे हैं कि संसद की कार्यवाही सुचारू चलनी चाहिए। अदाणी ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर संसद की कार्यवाही स्थगित करने को बाध्य होना पड़े। सपा नेता अखिलेश यादव के साथ 37 सांसद लोकसभा में हैं।

उनके लिए संभल क्षेत्र की सांप्रदायिक हिंसा और आम नागरिकों की मौत नरसंहार से कम नहीं है। आखिर हरेक जामा मस्जिद के नीचे हिंदू मंदिर दफन के ऐतिहासिक अतीत को क्यों खोदा जाए? ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसद लोकसभा में हैं। उनके लिए बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, विपक्ष द्वारा शासित राज्य सरकारों के प्रति केंद्र सरकार का सौतेला और भेदभाव वाला रवैया, केंद्र द्वारा पूंजी का अपर्याप्त आवंटन आदि बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर संसद में बहस होनी चाहिए। तृणमूल के लिए अदाणी कांड बेमानी, फिजूल है। सपा और तृणमूल इस राजनीति के भी पक्षधर नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और अदाणी परस्पर पूरक हैं। हालांकि कांग्रेस, आप, राजद, शिवसेना (उद्धव), द्रमुक और वामदलों के सांसदों ने संसद भवन के =मकर द्वार की सीढ़ियों पर विरोध-प्रदर्शन किया, लेकिन सपा और तृणमूल कांग्रेस उसमें शामिल नहीं हुए। सवाल यह है कि क्या संसद में इंडिया गठबंधन विभाजित हो चुका है? क्या इंडिया निर्णायक तौर पर खंड-खंड हो चुका है और अब मोदी सरकार के लिए कड़ी चुनौती नहीं है? चूंकि चुनावों के दौरान इंडिया के कई घटक दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़े, लिहाजा सवाल है कि क्या अब ह्यइंडियाङ्ख भीतरी तौर पर भी एक बंटा हुआ गठबंधन है? संसद की कार्यवाही बेशकीमती है, क्योंकि वह देश के निर्वाचित सांसदों का सबसे बड़ा, महत्वपूर्ण सदन है। संसद में कानून बनाए जाते हैं तथा सांसद अपने क्षेत्र की समस्याओं को आवाज दे सकते हैं। संसद की कार्यवाही स्थगन से कितना पैसा बर्बाद होता है, अब यह उतना संवेदनशील मुद्दा नहीं रहा, क्योंकि इसकी चर्चा बार-बार की जाती है, लेकिन यह चिंतित स्थिति है कि 5 दिन में लोकसभा सिर्फ 69 मिनट और राज्यसभा 94 मिनट ही काम कर पाई। औसतन 4-5 फीसदी ही काम हो पाया। क्या संसद नारों और हंगामे का ही सदन बन गया है? बेशक भाजपा जब विपक्ष में थी, तो उसने भी कई-कई दिन तक संसद नहीं चलने दी थी। क्या अब कांग्रेस नेतृत्व वाला इंडिया भी उसका प्रतिशोध लेगा? यह देशहित में नहीं है। यदि सार रूप में देखें, तो साल भर में 35-40 दिन भी संसद की कार्यवाही नहीं चल पाती है, जबकि अपेक्षाएं की जाती रही हैं कि कमोबेश 65-70 दिन संसद चले। संसद सुचारू रूप से चलनी चाहिए।

# सदन में करवटें बदलतीं आत्माएं

राकेश अचल

आपने यदि गौर किया हो तो आप पाएंगे कि आजकल संसद के दोनों सदनों में पीठासीन प्रमुखों की आत्माएं अचानक करवटें बदलती दिखाई दे रहीं हैं। सदन चलने को लेकर दुनिया भर से मिल रही लानत मलानत के बाद लोकसभा हो या राज्य सभा अब केंद्रीय मंत्रियों को लताड़ मिलती दिखाई दे रही है। लोकसभा में यदि स्पीकर श्री ओम बिरला जी यदि संसदीय कार्यकमंत्री पर बिफरे तो राजयसभा कि सभापति माननीय धनकड़ जी ने सदन कि बाहर एक कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्लास ले ली।

मंगलवार लोकसभा में शून्यकाल शुरू होने से पहले कार्यसूची में तमाम मंत्रियों के नाम से अंकित दस्तावेज संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर स्पीकर ने नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि जिन मंत्रियों के नाम कार्यसूची में हैं, वे सदन में उपस्थित रहें. दरअसल, सदन में प्रश्नकाल खत्म होने के बाद दोपहर 12 बजे कार्यसूची में अंकित जरूरी कागजात संबंधित मंत्रियों की ओर से सदन के पटल पर रखे जाते हैं। हालांकि अगर कोई मंत्री सदन में उपस्थित नहीं रहता तो उनकी तरफ से संसदीय कार्य राज्य मंत्री इन्हें प्रस्तुत करते आये हैं। संसद में बहुत दिनों बाद स्पीकर को बदली हुई मुद्रा में देश ने देखा है। लगता है कि अब उन्हें उनकी आत्मा कचोटने लगी है। अहसास करने लगी है कि वे केवल सत्तापक्ष के लिए ही नहीं बने हैं।

सदन में जरूरी प्रपत्र पेश किए जाने के दौरान वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के नाम पर अंकित एक दस्तावेज को संसदीय कार्य राज्य मंत्री मेघवाल ने रखा. इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सदन में बैठे हैं और उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जाना चाहिए था। इसके बाद गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार अपने नाम से अंकित दस्तावेज सदन के पटल पर रख रहे थे. उन्हें कठिनाई होने पर अन्य मंत्री उनकी मदद करते नजर आए. इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने इन मंत्रियों से कहा, आप एक-दूसरे को मत समझाओ. फिर स्पीकर ने संसदीय राज्य मंत्री मेघवाल से ही संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।

लोकसभा की ही तरह राज्य सभा के बाहर एक समारोह में सभापति जयदीप धनकड़ अचानक किसान आंदोलन का प्रश्न आते ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पिल पड़े। किसान आंदोलन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सीधे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कई सवाल किए। उन्होंने शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा, कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था? और जो वादा किया गया था, वह क्यों नहीं निभाया गया? आपको बता दें कि देश कि किसान एक बार फिर आंदोलित हो रहे हैं।

धनकड़ का रूप विपक्ष के किसी संसद जैसा था। उन्होंने सवाल किया कि - वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? बीते साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है। हम कुछ नहीं कर रहे हैं। धनखड़ ने मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह के में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में शिवराज भी मौजूद थे। हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सवालों का जवाब नहीं दिया। आपको याद होगा कि किसान आंदोलन को लेकर पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजयपाल रहे सत्यपाल मलिक भी आग -बबूला हो चुके हैं और इसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा है, लेकिन धनकड़ को पता है कि अब उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। भाजपा उन्हें राष्ट्रपति तो बनाने से रही।

दुर्भाग्य ये है कि संसद को हंगामे से उबरने के लिए हुई बैठक भी बहुत ज्यादा कामयाब नजर नहीं आयी, क्योंकि मंगलवार को संसद में अडानी का नाम आते ही फिर हंगामा हुआ था। कांग्रेस के गौरव गोगोई द्वारा अडानी और मोदी का नाम लेते ही सत्तापक्ष बिफर गया था और उसने गौरव के शब्दों को सदन की कार्रवाई से निकलवाकर ही चैन की सांस ली थी। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर लोकसभा की कार्रवाई का न सिर्फ बहिष्कार किया ब्लल्कि बैनर लेकर ये संदेश भी दिया की मोदी जी और अडानी जी एक हैं।

## 6 दिसंबर पुण्यतिथि पर विशेष

# समतामूलक एवं शिक्षित राष्ट्र देखना चाहते थे बाबा साहेब

**14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में जन्म लेने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने 1907 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर एल्फिंस्टन कॉलेज में प्रवेश किया। इस स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने वाले अपने समुदाय से वे पहले व्यक्ति थे। 1912 तक बॉम्बे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान में बी.ए. पास की।**






**-रीना रानी-**
(लेखिका समाजसेवा, लेखन एवं अध्यापन कार्य से जुड़ी हैं)

आज भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। बाबा साहेब के विचारों पर हर ओर चर्चा हो रही है। उनके अवदान को याद किया जा रहा है। हो भी क्यों नहीं? भारत में समतामूलक समाज हो और भारत शिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र बने। ऐसा चाहने वाले बाबा साहेब ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को संविधान देकर समृद्ध भारत की नींव रख दी थी। 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में जन्म लेने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने 1907 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर एल्फिंस्टन कॉलेज में प्रवेश किया। इस स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने वाले अपने समुदाय से वे पहले व्यक्ति थे। 1912 तक बॉम्बे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान में बी.ए. पास की । जून 1915 में उन्होंने कला स्नातकोत्तर परीक्षा पास की, जिसमें अर्थशास्त्र प्रमुख विषय था तथा समाजशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र और मानव विज्ञान अन्य विषय के रूप में शामिल थे। उन्होंने स्नातकोत्तर के लिए प्राचीन भारतीय वाणिज्य विषय पर शोध कार्य प्रस्तुत किया। 1916 में अपने दूसरे शोध कार्य के लिए उन्होंने लंदन की राह पकड़ ली और तीसरे शोध कार्य के लिए अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त की।

बाबा साहेब मानवाधिकार की रक्षा के लिए सदैव चिंतित रहते थे। वे दलितों एवं आदिवासियों के मंदिर में प्रवेश, छुआछूत, जातिवाद, ऊँच-नीच जैसी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए कई आंदोलनों के सूत्रधार बने। बेजुबान, शोषित और अशिक्षित लोगों को जगाने के लिए मूक नायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत नामक पांच साप्ताहिक एवं पाक्षिक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया। कमजोर वर्गों के छात्रों को छात्रावासों, रात्रि स्कूलों, ग्रंथालयों तथा शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपने दलित वर्ग को शिक्षा और अध्ययन करने के साथ ही आय अर्जित करने के लिए उनको सक्षम बनाया। सन 1945 में उन्होंने अपनी पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी के माध्यम से मुम्बई में सिद्धार्थ महाविद्यालय तथा औरंगाबाद में मिलिन्द महाविद्यालय की स्थापना की। हिन्दू विधेयक संहिता के द्वारा महिलाओं को तलाक, संपत्ति में उत्तराधिकार आदि का प्रावधान कर उसके कार्यान्वयन के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे।

आर्थिक, वित्तीय और प्रशासनिक योगदान भारत में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना डॉ. अम्बेडकर द्वारा लिखित शोध ग्रंथ रुपए की समस्या-उसका उदभव तथा उपाय और भारतीय चलन व बैंकिंग का इतिहास, ग्रन्थों और हिल्टन यंग कमीशन के समक्ष उनकी साक्ष्य के आधार पर 1935 से हुई। उनके दूसरे शोध ग्रंथ ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास के आधार पर देश में वित्त आयोग की स्थापना हुई। कृषि में सहकारी खेती के द्वारा पैदावार बढाना, सतत विद्युत और जल आपूर्ति करने का उपाय बताया। उन्होंने भारत के विकास हेतु मजबूत तकनीकी संगठन का नेटवर्क ढांचा प्रस्तुत किया। संविधान तथा राष्ट्र निर्माण उन्होंने समता, समानता, बन्धुता एवं मानवता आधारित भारतीय संविधान को 02 वर्ष 11 महीने और 17 दिन के कठिन परिश्रम से तैयार कर 26 नवंबर 1949 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंपकर देश के समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की जीवन पद्वति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया। वर्ष 1951 में महिला सशक्तिकरण का हिन्दू संहिता विधेयक पारित करवाने में प्रयास किया और पारित न होने पर स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दिया। निर्वाचन आयोग, योजना आयोग, वित्त आयोग, महिला पुरुष के लिये समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, बडे आकार के राज्यों को छोटे आकार में संगठित करना, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, मानवाधिकार, काम्पट्रोलर व ऑडीटर जनरल, निर्वाचन आयुक्त तथा राजनीतिक ढांचे को मजबूत बनाने वाली सशक्त, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं विदेश नीति बनाई। प्रजातंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए सरकार के तीनों अंगों न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका को स्वतंत्र और पृथक बनाया तथा समान नागरिक अधिकार के अनुरूप एक व्यक्ति, एक मत और एक मूल्य के तत्व को प्रस्थापित किया। विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की सहभागिता संविधान द्वारा सुनिश्चित की तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की विधायिकता जैसे ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, पंचायत राज इत्यादि में सहभागिता का मार्ग प्रशस्त किया।

आज उन तमाम वैचारिक पहलुओं पर भी गौर करना आवश्यक है, जो बाबा साहेब अम्बेडकर की विचारधारा के मूल धरोहर हैं। बाबा साहेब समतामूलक समाज, शिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र के समर्थक थे। लेकिन, यह विडंबना रही कि तमाम राजनीतिक पार्टियाँ बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम का उपयोग करती रही और सत्ता हासिल करती रही, लेकिन बाबा साहेब के सपनों को साकार करना मुनासिब नहीं समझा और उन्हें समुचित सम्मान भी नहीं दिया। बाबा साहेब को आजादी के चार दशक बाद भाजपा समर्थित वीपी सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत रत्न दिया। वैसे तो देश में ऐसे कई कार्य थे, जिन्हें कई दशक पहले हो जाना चाहिए था। लेकिन, वह नहीं हो सका। बाबा साहेब के योगदान को स्मरणीय बनाने की पटकथा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जी नेतृत्व वाली सरकार ने लिखी। देश की राजधानी नई दिल्ली में डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण भी ऐसे ही कार्यों में शामिल है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसकी व्यवस्था की थी, लेकिन उनके हटते ही यह कार्य ठप हो गया। दस वर्ष तक यूपीए सरकार ने डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक के निर्माण कार्य को यूं ही छोड़ दिया। फिर श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने भव्य डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण पूरा किया। यह, किसी महापुरुष के प्रति बड़ा सम्मान है। इसके पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता झलकती है। अपने किस्म की यह भारत की पहली इमारत है। इसमें आधुनिक संग्रहालय बनाया गया है, जिसके माध्यम से डॉ. अम्बेडकर के जीवन और कार्यों से लोग अवगत होंगे। यह निर्माण तो डॉ. अम्बेडकर के निधन के बाद ही होना चाहिए था, लेकिन यह कार्य तब हुआ जब सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मूलमंत्र पर चलने वाली भाजपा की सरकार बनी।

# हाइब्रिड पॉलिटिकल पार्टी 'आप' यदि कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी?

**पंजाब और दिल्ली की राजनीतिक परिस्थिति भी इसी बात की चुगली करती है।**

**कहना न होगा कि छोटा हिंदुस्तान समझा जाने वाले दिल्ली प्रदेश का विधानसभा चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए काफी अहमियत रखता है। यहां पर पहले कांग्रेस और उसके बाद भाजपा का शासन रहा है। बाद में भी इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच सत्ता की अदला-बदली हुई लेकिन दिल्ली की स्थानीय पार्टी के तौर पर आप के राजनैतिक अभ्युदय ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के समक्ष एक नई राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी।**





**-प्रदीप मिश्र-**
**(लेखक जम्मू-कश्मीर में पत्रकार)**

देश की राजधानी दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होंगे और यहां पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी एक बार फिर पूरे दम-खम से अकेले यह चुनाव लड़ेगी जबकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की भागीदार पार्टी रही है। बताया जाता है कि हाइब्रिड पॉलिटिकल पार्टी आप को डर है कि यदि वह कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी. पंजाब और दिल्ली की राजनीतिक परिस्थिति भी इसी बात की चुगली करती है।
कहना न होगा कि छोटा हिंदुस्तान समझा जाने वाले दिल्ली प्रदेश का विधानसभा चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए काफी अहमियत रखता है। यहां पर पहले कांग्रेस और उसके बाद भाजपा का शासन रहा है। बाद में भी इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच सत्ता की अदला-बदली हुई लेकिन दिल्ली की स्थानीय पार्टी के तौर पर आप के राजनैतिक अभ्युदय ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के समक्ष एक नई राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी, जो अब तलक जारी है। समझा जाता है कि कभी केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के जबड़े से 2013 में उसकी सूबाई सत्ता छीनना और फिर केंद्र में सत्तारूढ़ हुई भाजपा के कसते सियासी शिकंजे के बावजूद 2015 और 2020 में भी यहां की सत्ता को बचाए रखना दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की बहुत बड़ी राजनीतिक सफलता है जिसके लिए उन्हें नाको चने चबाने पड़े। इसके ही खातिर उन्हें तिहाड़ जेल तक जाना पड़ा जहां से फिलवक्त बेल पर वह बाहर हैं। दरअसल, हाइब्रिड पॉलिटिकल पार्टी आप एक अलबेली राजनीतिक पार्टी है जो कई मामलों में भाजपा और कांग्रेस से अलग है तथा क्षेत्रीय दलों से काफी आगे है। कांग्रेस एवं उसकी विरोधी रही जनता पार्टी व जनता दल और भाजपा के अलावा ह्यआपङ्ख एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक के बाद दूसरे राज्य में अपने बलबूते सरकार बनाने में सफल हुई और सफलता पूर्वक उसका संचालन कर रही है। युवा पेशेवरों की यह पार्टी तमाम विवादास्पद मुद्दों में निष्पक्ष अंदाज रखती आई है हालांकि केंद्रीय सत्ता तक पहुंचना अभी भी उसके लिए ह्यनई दिल्ली दूर है जैसा प्रतीत होता है। हालांकि इंडिया गठबंधन की सोहबत और भाजपा के धुर विरोध में आप को भी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति अपनानी पड़ी है। आरक्षण सम्बन्धी दुविधाजनक स्टैंड लेना पड़ा। भ्रष्टाचार के अंध कुएं में गोते लगाने पड़े हैं। शानो शौकत के वास्ते शीश महल (मुख्यमंत्री का आवास) तक बनवाने पड़े। वहीं, जनता को रिश्वत स्वरूप मुफ्त बिजली-पानी देने की उसकी शुरूआत और शिक्षा-स्वास्थ्य सम्बन्धी जनसुविधा आज सभी पार्टियों के एजेंडे में शामिल हो चुका है। इसे भारतीय ाजनीति में रेवड़ी कल्चर कहा जाता है जिसकी शुरूआत आप ने की है। कांग्रेस/भाजपा आदि तो इस मामले में अब आप से भी दो कदम आगे बढ़ चुके हैं। देखा जाए तो 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं जिसमें अपनी भरोसेमंद सहयोगी मंत्री रहीं आतिशी मलेर्ना को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाया जाना भी शामिल है। वहीं, हाल ही में उन्होंने दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा की है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। शायद यह हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप के प्रति कांग्रेस की ओर से दिखाई गई राजनीतिक बेरुखी का असर और प्रतिक्रिया स्वरूप करारा जवाब है क्योंकि तब भी कांग्रेस-आप का गठबंधन टूट गया था। फलसफा यह निकला कि कांग्रेस हरियाणा की सत्ता में आ नहीं पाई और वहां पर अपने बलबूते चुनाव लड़ी आप का खाता तक नहीं खुला, जबकि यह आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का गृह प्रदेश भी है। हालांकि यह बात सभी जानते हैं कि गठबंधन में रहते हुए भी आप ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस से अपने वर्चस्व वाले एक प्रान्त दिल्ली में गठबंधन तो दूसरे प्रान्त पंजाब में दोस्ताना संघर्ष किया। इस दौरान आप पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से मात्र 3 सीटें ही जीत पाई जबकि कांग्रेस को 7 सीटें मिलीं। यही बात आप को अखर गई। वहीं, दिल्ली में भी उसने लोकसभा की 7 सीटों में से 3 सीटें कांग्रेस को दी थी लेकिन दोनों पार्टियां यहां जीरो पर आउट हो गईं क्योंकि यहां भी सियासी तालमेल नदारद दिखा था। परिणाम यह हुआ कि सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत गई, जो पहले भी सभी सीटों पर काबिज थी।
ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में मुकाबले को त्रिकोणीय बना पाएगी कांग्रेस क्योंकि जहां जहां भी त्रिकोणीय मुकाबले की नौबत आती है तो अक्सर सत्ता पक्ष फायदे में रहता है। आप के लिए यह स्थिति यहां भी फायदेमंद हो सकती है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की लगभग सभी संभावनाएं समाप्त हो गई हैं, यह तय हो चुका है कि दोनों पार्टियां चुनावी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी होंगी। ऐसे में आप से ज्यादा कांग्रेस का चुनावी सफर मुश्किल नजर आ रहा है। वहीं, गठबंधन में फूट की खबर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। जैसे ही दिल्ली विधान सभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन के दो अहम दलों, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की ओर से साफ संकेत मिला कि इस बार दोनों पार्टियां चुनावी रण में एक-दूसरे के सामने खड़ी होंगी तो सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस को लेकर चलने लगी क्योंकि जो कांग्रेस कुछ वक्त पहले तक अरविंद केजरीवाल के खातिर बीजेपी से लड़ रही थी, अब वहीं कांग्रेस आखिर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल के खिलाफ कैसे मोर्चा खोलेगी, यक्ष प्रश्न है? हालांकि मौजूदा सियासत में विचारों का उलट फेर एक आम सी बात हो गई हैं। चूंकि दिल्ली की जनता सूझबूझ वाली है, ऐसे में कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी।

# भारतीय संविधान में कलात्मकता

**गजेंद्र सिंह शेखावत**
***केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार***

हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है। यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है: मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ।

संविधान की शुरूआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है। संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दशार्या गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।

संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिजाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दशार्ता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से पेरुमलदा कहा जाता था। संविधान का भाग श्क् जो प्रथम अनुसूची के भाग अ में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दशार्ता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिजाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं। भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति ने डॉ विजया वैजयंती को अर्थपाल के पद पर किया नियुक्त

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपतति ने गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा में अर्थपाल के पद पर महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ विजया वैजयंती को नियुक्त किया है। बता दें कि श्री अभिषेक चतुवेर्दी के परिवारिक कारणों से त्यागपत्र देने के बाद इस पद पर पहली बार किसी महिला अधिकारी को नियुक्त किया गया है। पद ग्रहण के बाद डॉ विजया ने कहा कि महाविद्यालय का समुचित वित्तीय प्रबंधन ही उनकी प्राथमिकता होगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में माननीय कुलपति के इस निर्णय और नियुक्ति की सराहना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने डॉ विजया को शुभकामनाएं दी है। इस नियुक्ति पर सभी महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### इसुआपुर में जदयू की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

इसुआपुर, प्रातः किरण संवाददाता। प्रखंड जदयू कार्यालय पर गुरुवार को जदयू कार्यकताओं की बैठक पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 8 दिसंबर को छपरा में होने वाले जदयू के जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के तरैया विधानसभा प्रभारी गुलाम गौस राइन ने बताया कि जिला सम्मेलन राम जयपाल कालेज छपरा के प्रांगण में होगा। जिसमें इसुआपुर प्रखंड से लगभग एक हजार कार्यकताओं की मौजूदगी की बात कही। बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद छविनाथ सिंह, छात्र नेता रणवीर सिंह, पूर्व मुखिया राजकिशोर सिंह , श्याम प्रसाद, किशोर कुश-ावाहा, सत्येंद्र प्रसाद ,नेयाज अंसारी, सुनील ओझा, अशोक मांझी, वीरेंद्र राम, गोविंद शर्मा व अन्य थे।

### प्रदेश में जगह दिए जाने पर अल्पसंख्यक समुदाय ने जताया आभार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा । बिहार जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने सारण के अल्पसंख्यक प्रक-ोष्ठ के जिला अध्यक्ष रह चुके जहांगीर आलम मुन्ना को प्रदेश में जगह देते हुए इन्हें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार के महासचिव मनोनीत किया है ' जबकि सद्दाम हुसैन को भी प्रदेश के अल्पसंख्यक कमेटी में जगह देते हुए इन्हें भी सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है ' इनके प्रदेश में मनोनयन से जिला में अल्पसंख्यक कमेटी को मजबूती मिलेगी ' इनके मनोनयन किए जाने पर जिला के अल्पसंख्यकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार जताया है ' मुबारकबाद देने वालों में जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, जिला उपाध्यक्ष काजिम रजा रिजवी, मीडिया प्रभारी फिरोज आलम, फैयाज आलम, रहीम राईन, शकीला बानो , अशरफ अली खान, अमजद अली एवं आसि-फ खान आदि प्रमुख है

### देशी शराब के साथ बाइक व धंधे बाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र एकमा चट्टी के समीप से गुप्त सुचना के आधार पर एक मोटरसाइकिल सहित सवार एक व्यक्ति व प्लास्टिक कि बोरी रखा 25 लीटर देसी शराब के साथ धंधे बाज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान मांझी थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव निवासी गोरख राम के पुत्र मन्नु कुमार राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### चोरी की बाईक के साथ एक गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मुख्य बजार पर पुलिस ने गस्ती के क्रम मे एक बिना नंबर प्लेट के साथ चोरी की बाईक के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले मे स अ नि दीपक कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया है कि सहाजितपुर पर रात्रि गस्ती मे पुलिस टीम थी तभी बजार की तरफ से एक बिना नंबर प्लेट के नजिबा निवासी संजीव कुमार सिंह उर्फ काली नामक व्यक्ति बाईक ले कर आ रहा था,जिसे पुलिस ने रोकने का इशा-रा किया पर वह पुलिस को अनदेखी कर भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया,जिसने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नही किया,जाँच मे बाईक चोरी की बाईक साबित हुई ,जिसका बाइक जप्त करते गिरफ्तार कर लिया गया।

# विधि मंडल में हो रही गड़बड़ी को लेकर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा । जिला विधि मंडल छपरा के अधिवक्ताओं ने अपने मान सम्मान को लेकर शशि भूषण त्रिपाठी तथा शत्रुघ्न प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एकदिवसीय धरना विधि मंडल परिसर में दिया। जिसमें अधिवक्ताओं के मान सम्मान तथा सभी अधिवक्ताओं के बकाया राशि का भुगतान करने और नियमित अधिवक्ताओं को अनियमित करके उन लोगों के रोकी गई राशि का भुगतान करने के संबंध में तथा कार्य समिति एवं आम सभा के द्वारा जो फैसला नहीं लिए गए हैं। वैसे कार्यों पर रोक लगाने को लेकर तथा हेरिटेज बिल्डिंग को धरोहर के रूप में बचाने के प्रयास को लेकर तथा मॉडल रूल्स के तहत आय व्यय का लेखा-जोखा सार्वजनिक करने और उसमें विधि मंडल के फॉर्म की संख्या सहित प्रत्येक दिन प्रकाशित करने के संबंध में तथा माननीय बार काउंसिल पटना के आदेशों के अवहेलना को रोकने एवं मॉडल रूल्स को पूर्णतः लागू करने को लेकर तथा युवा अधिवक्ताओं को 5 साल तक पांच हजार रुपए मासिक स्टाइपेंड देने की मांग के संबंध में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। मंच का संचालन अधिवक्ता अभय कुमार मिश्रा ने किया उन्होंने कहा कि छपरा विधि मंडल के वर्तमान महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह द्वारा छपरा विधि मंडल में मनमानी की जा रही है और अधिवक्ताओं को जो उनके हक की राशि है। उसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। नियमित और अनियमित अधिवक्ता करके अधिवक्ताओं को बांटने का काम किया जा रहा है और जो सचमुच में अनियमित अधिवक्ता है। उन्हें नियमित करके उन्हें भुगतान दिया जा रहा है। पूर्व महामंत्री प्रत्याशी शशि भूषण त्रिपाठी ने कहा कि छपरा विधि मंडल में एक नियम एक कानून चलना चाहिए और जो सभी अधिवक्ताओं पर लागू होना चाहिए।जब विधि मंडल में 1800 से ऊपर अधिवक्ता रजिस्टर्ड है और वह छपरा विधि मंडल में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं तो उन सभी के साथ भेदभाव क्यों। जब उन्हें मत देने का अधिकार है तो छपरा विधि मंडल से सुविधा मिलने का भी अधिकार प्राप्त है। अधिवक्ता क्यों नहीं इनकम टैक्स का कार्य करता हो या नोटरी हो या न्याय मित्र हो पहले वह एक अधिवक्ता है। उसमें बांटने का काम नहीं होना चाहिए।

पूर्व उपाध्यक्ष विधि मंडल शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने भी अधिवक्ताओं के ज्वलंत मुद्दों पर अपना विचार रखा। एक दिवसीय धरना में दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। छपरा विधि मंडल के वर्तमान कार्य समिति सदस्य मंटू कुमार सिंह ने कहा कि छपरा विधि मंडल में काफी अनियमितता बरती जा रही है ।दो साल से ऊपर हो गया विधि मंडल का ऑडिट नहीं कराया गया है। जिससे कोई हिसाब किताब का पता नहीं चलता है। महामंत्री द्वारा मनमानी रूप से पहले योजना को लागू कर दिया जाता है और बाद में आमसभा की कागजी बैठक करके उस योजना को दर्शा दिया जाता है। जिससे आम अधिवक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। धरना प्रदर्शन में अधिवक्ता कृष्ण बल्लभ पांडे प्रिया रंजन सिंह राजेश सिंह अविनाश सिंह सरोज कुमारी अमरेंद्र कुमार सिंह आदि थे।

# स्वरोजगार के लिए नौ अभ्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया टूल किट

- प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए 21 अभ्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध करायी गयी स्टडी किट
- जिला नियोजन कार्यालय में टूल किट, स्टडी किट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता



बेतिया( घनश्याम )। श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में टुल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-05.12.2024 को किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 09 (नौ) अभ्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टुल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्युनतम पारिवारिक वार्षिक आय रू0 1,80,000.00 से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 21 (इक्कीस) अभ्यार्थियों को संबंधित परीक्षा की पुस्तकें स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध करायी गई।कार्यक्रम में टुल किट एवं स्टडी किट का वितरण जिला नियोजन पदाधिकारी, मुकुंद माधव द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के क्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा टुल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के अभाव को दूर कर उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा तथा वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टुल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## मुख्यमंत्री की महिला संवाद यात्रा की तैयारियां जोरो पर 5 आदिवासी महिलाओं का संवाद के लिए हुआ चयन

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा। बिहार में अगले साल यानी 2025 के अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्ता में वापसी के लिए नीतीश कुमार ने फुलप्रूफ प्लान तैयार किया है। 15 दिसंबर से वे (नीतीश कुमार) महिला संवाद यात्रा पर निकलने वाले हैं।यात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण के बगहा से होगी।संवाद के लिए पांच आदिवासी महिलाओं का चयन भी कर लिया गया है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी 15वीं यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस यात्रा को ह्यमहिला संवाद यात्राह्ल नाम दिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री महिलाओं से संवाद करेंगे और इलाके के विकास पर चर्चा करेंगे। संवाद के लिए हेमा कुमारी, मीता कुमारी समेत 5 आदिवासी महिलाओं का चयन किया गया है।संवाद में शामिल महिलाएं इलाके की विकास में आड़े आ रही समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगी।महिला संवाद के लिए चुनीं गई मीता देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पश्चिमी चंपारण से यात्रा का शुभारंभ करना दशार्ता है कि वो हमें भूले नहीं हैं। यह जिला उनके दिल में बसता है। उनके विकास कार्यों और अन्य योजनाओं की ही देन है कि आज महिलाएं पुरुषों के कंधा से कंधा मिलाकर चल रहीं हैं।सीएम नीतीश कुमार ने इसके पहले वाल्मीकिनगर से सटे संत पुर सोहरिया पंचायत से अपनी यात्रा की शुरूआत की।

## पर्यटक स्थल पर विशालकाय मगरमच्छ को टहलते देख लोगों में मची अफरातफरी

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज के कंट्रोलरूप के सामने मरीन ड्राइव मार्ग पर विशालकाय मगरमच्छ को टहलते देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई।तत्काल लोगों ने वन विभाग को सूचित किया। रेंजर शिवकुमार राम ने बताया कि जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मगरमच्छ को काबू में करने का प्रयास शुरू किया गया लेकिन मगरमच्छ के विशालकाय होने की वजह से रेस्क्यू में काफी मुश्किलें आई।बहरहाल उसे काबू में कर गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य त्रिहुत नहर में सुरक्षित छोड़ दिया गया। रेंजर ने आगे बताया कि मगरमच्छ जाड़ों के दिनों में फितरतन धूप सेकने के लिए पानी से निकलकर किनारे सूखे स्थान पर पहुंचते है।बताया जा रहा है कि मगरमच्छ गंडक नदी से निकलकर 25 फिट ऊंचे बांध पर रेंगते हुए पहुंच गया।जिस जगह मगरमच्छ टहल रहा था उस जगह पर पर्यटकों की अमूमन भीड़ लगी रहती है।

गनीमत यह रही कि घटना का समय सुबह का था जिस वजह से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ क्योंकि सुबह के वक़्त लोगों की भीड़ न के बराबर होती है। बतातें चलें कि एशिया में दूसरी बड़ी मगरमच्छ की संख्या गंडक नदी में पाई जाती है।सबसे ज्यादा संख्या चंबल नदी में पाई जाती है। चुनांचे पूरा रेस्क्यू क्रम रेंजर शिवकुमार राम के नेतृत्व में किया गया।रेस्क्यू टीम मे वनपाल आशीष कुमार और शंकर यादव समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## व्यवसायिक कोर्स हेतु आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर । जयप्रकाश विश्वविद्यालय में स्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं रोजगारोन्मुखी सर्टिफिकेट कोर्स की पढ़ाई को लेकर अभ्यर्थी 10 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया विगत 19 अक्टूबर से चल रही है। साथ- साथ इन कोर्सेज में नामांकन भी चल रहा है। माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई जी ने बताया कि इन प्रोफेशनल कोर्सेज में पढ़ाई कर छात्र-छात्राएं अपने कैरियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बीसीए की पढ़ाई पूरी कर छात्र-छात्रा तुरंत अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं चूंकि जॉब मार्केट में इसकी काफी डिमांड है। उसी तरह टैली का छह माह का सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद छात्र-छात्रा सीए फर्म सहित अन्य कई स्थानों पर आसानी से 25-30 हजार की नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा काफी प्रयासों के बाद इन कोर्सेज की हर जगह से मान्यता प्राप्त की गई है और ग्रामीण परिवेश वाले इस इलाके के छात्र-छात्राओं के लिए इनमें एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है ताकि वे अपने घर के नजदीक ही अच्छे प्रोफेशनल कोर्सेज की पढ़ाई कर अपना कैरियर बना सकें। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है ताकि हर छात्र-छात्रा तक इसकी जानकारी पहुंच सके। विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्सेज के निदेशक प्रो. अजीत तिवारी ने कहा कि प्रोस्पेक्टस, फी, स्ट्रक्चर सहित सारी जानकारी विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है जहां से जानकारी प्राप्त की जा सकती है ' उन्होंने कहा कि राजभवन सचिवालय एवं राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा विभिन्न वैधानिक निकाय से अनुमोदित रोजगार पूरक सर्टिफिकेट की पढ़ाई शुरू होने से स्थानीय छात्र-छात्राओं को काफी फायदा होगा ' उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन में व्यक्तिगत शैक्षणिक जानकारी के साथ ही 10वीं और 12वीं कक्षा का प्रमाण पत्र यथा आरक्षण वाले छात्रों के लिए आय एवं जाति प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा, जबकि सामान्य वर्गों के छात्रों के लिए इंटरमीडिएट के अंकों के आधार व सरकार द्वारा अनुमोदित आरक्षण के नियमों का पालन होगा ' उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ महाविद्यालय में बेहतर सुविधा और माहौल बने,इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है, आने वाले दिनों में इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा ' कई तरह के एजुकेशन सिस्टम, स्किल डेवलपमेंट से संबंधित पाठ्यक्रम के लिए लगातार पहल की जा रही है, और सफलता भी मिल रही है ' इन कोर्सेज में टैली, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, फूड टेक्नोलॉजी, वूमेन एंड जेंडर स्टडीज, योगा, ह्यूमन राइट, इंटरनेशनल रिलेशंस एंड डिप्लोमेसी, इंडियन नॉलेज सिस्टम तथा सर्टिफिकेट इन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी शामिल हैं ' जबकि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई जेपीयू से संबंधता प्राप्त कॉलेजों में होगी । जिसमें सारण,सिवान एवं गोपालगंज के 11 कॉलेज शामिल है ' व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन, बैचलर ऑफ इंडस्ट्रियल फीस एंड फिशरीज, बैचलर इन एनवायरमेंटल साइंस सहित अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं ।

## घने कोहरे का कहर, बाइक और बस की आमने सामने भिड़ंत, बाइक सवार शिक्षक हुआ घायल

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा में घने कोहरा के कारण बस और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हुई है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गईं। इस भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोग आंशिक रूप से जख़्मी हुए हैं वहीं बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हैं।

घटना नगर थाना क्षेत्र के छोटकीपट्टी बड़गांव और चौतरवा के बीच बेलवा डुमरी स्थित एनएच 727 मुख्य सड़क की बताई गई है।दरअसल बगहा के तरफ से बस जा रही थी और चौतरवा के तरफ से बाइक सवार शिक्षक आ रहें थे इसी बीच घने कोहरा के कारण बस और बाइक में जोरदार भिड़ंत हों गईं।

लिहाजा स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से 112 की पुलिस टीम को फौरन सूचित किया गया, मौके पर पहुंची 112 पुलिस टीम नें एंबुलेंस बुलाकर घायल बाइक सवार शिक्षक को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया।गंभीर रूप से जख़्मी बाइक सवार की पहचान सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के पडरौना जिला निवासी विजय कुमार राय के रूप में की गई है जो सरकारी शिक्षक के तौर पर बेलवा चखनी स्थित स्कूल में हेड मास्टर के तौर पर तैनात है और स्कूल जाने के लिए अपने घर से आ रहे थे इस दौरान हादसे का शिकार हो गए ।

इधर अनुमंडल अस्पताल बगहा के चिकित्सा पदाधिकारी तारिक नदीम ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शिक्षक कों नाजुक स्थिति में जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया है।

## मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर सघन जांच शुरू



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वाल्मीकिनगर परिक्षेत्र में सम्भावित दौरे के मद्देनजर इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर है। वहीं इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर एसएसबी ने जांच को सख्त करते हुए डॉग स्क्वायड का भी सहयोग ले रही है। इंडो नेपाल सीमा पर वाहनों समेत पैदल राहगीरों के भी जांच की जा रही है।एसएसबी सूत्रों की माने तो इंडो नेपाल सीमा स्थित वांछितों पर एसएसबी जवानों के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है।एसएसबी के जवानों के द्वारा सीमाई क्षेत्रों में नियमित गश्ती को बढ़ा दिया गया है। बतादें की वाल्मीकिनगर क्षेत्र से नेपाल की लगने वाली सीमा संवेदनशील मानी जाती है।इस क्षेत्र के कुछ सीमा भाग भूगोलिक विषमताओं से भरा हुआ है।जहां सीमा की सुरक्षा चुनौती भरा होता है।

बतातें चलें कि गंडक नदी भारत नेपाल के इस क्षेत्र को दो भागों में बांटती हुई बीचोबीच बहती है।जहां अंतर्राष्ट्रीय तस्करों के गिरोह,सीमा क्षेत्र से सटे वीटीआर वन संपदा के तस्करी की मौके की फिराक में लगे रहते है।बिहार ड्राई प्रदेश है इसलिए एसएसबी के जवानों के द्वारा अलर्ट मोड पर सघन जांच करते हुए शराब,नारकोटिक्स,असले हथियार,देश विरोधी गतिविधियों पर बराबर नजर रखी जा रही है।

# सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- भेल्दी थानान्तर्गत कुल 55 किग्रा गाँजा बरामद कर 01 तस्कर को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भेल्दी थाना पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भेल्दी के नौशाद आलम अपने घर के पीछे बने झोपड़ी में जमीन के अंदर प्लास्टिक के ड्रम में गाँजा जैसा मादक पदार्थ छुपा कर रखा है। उक्त सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए ग्राम भेल्दी स्थित नौशाद आलम के घर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में 55 किग्रा0 (11 पैकेट) गांजा बरामद कर 01 अभियुक्त नौशाद आलम, पिता मो० मुस्तफा, साकिन भेल्दी, थाना मेल्दी, जिला सारण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से उक्त गाँजे के बारे में पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि गाँजे को मोतीहारी से बेचने के लिए लाये हैं। इस संबंध में भेल्दी थाना कांड सं0-374/24, दिनांक-04.12.2024 धारा 20 (बी) (८) (सी) / 29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। इस कांड में संलिप्त तस्करों / कारोबारियों के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

1. नौशाद आलम, पिता मो० मुस्तफा, साकिन भेल्दी, थाना भेल्दी, जिला- सारण।

### जब्त व बरामद सामानों की विवरणी

1. गाँजा 55 किग्रा०

### टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी

पुअनि ओम प्रकाश अपर-थानाध्यक्ष भेल्दी थाना, सअनि मृत्युंजय कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे ।

## दस सदस्य प्री सर्वे टीम पहुंची वीटीआर, पशु पक्षियों की की जाएगी गणना

बगहा। वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना में जैव विविधता और अनुकूल वातावरण के कारण विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों सहित कीड़े मकोड़े निवास करते हैं। इस वन क्षेत्र में अनेक प्रकार के जीव जंतु पाए जाते हैं। जिनकी गणना के उद्देश्य से 10 सदस्य टीम गुरुवार से टाइगर रिजर्व में गंडक नदी के क्षेत्र में वाल्मीकिनगर से 30 किलोमीटर तक पक्षियों की गणना करेगी। गंडक बाराज से लेकर लगभग 30 किलोमीटर तक का सर्वे इस 10 सदस्य टीम के द्वारा किया जाना है।

यह सर्वे एकदिवसीय है। इसमें गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों के साथ प्रवासी पक्षियों पर भी नजर रखी जाएगी। अमूमन जनवरी महीने में पक्षियों की गणना की जाती है, यह प्री सर्वे किया जा रहा है ।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ करेंगे मास्टर कोच जनसंख्या स्थिरीकरण संबंधी प्रयासों को मिलेगी मजबूती

- उच्च प्रजनन दर को नियंत्रित करने में होंगे मददगार
- मास्टर कोच एक निर्धारित एजेंडा पर काम करेंगे

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जिले में परिवार नियोजन व परिवार कल्याण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी व उपयोगी बनाने को लेकर स्वास्थ विभाग जरूरी पहल कर रहा है।ताकि जनसंख्या स्थिरीकरण संबंधी प्रयासों को मजबूती प्रदान करते हुए जिले में मातृ-शिशु मृत्यु संबंधी मामलों को नियंत्रित किया जा सके। जिले में महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी, प्रसव पूर्ण नियोजन सेवाओं के साथ-साथ नियोजन के अस्थाई साधनों से संबंधित सेवाएं योग्य लाभार्थियों तक सहजता पूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश से परिवार नियोजन सलाहकार को मास्टर कोच बनाया गया है।वहीं जहां पर काउंसलर नहीं है वहां बीसीएम सहयोग करेंगे। इसको लेकर जिला स्वास्थ्य समिति में पीएसआई संस्था के सहयोग से बैठक आयोजित की गयी। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने कहा कि चिह्नित मास्टर कोच जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम की मजबूती के लिये जिम्मेदार होंगे। इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। विभाग की इस विशेष पहल से जिले में बंध्याकरण के साथ- साथ पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी, माला एन, छाया, कंडोम की उपयोगिता में बढ़ोतरी होगी। जो जिले के उच्च प्रजनन दर को नियंत्रित करने में मददगार होगा। सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया इसमें अपना जरूरी सहयोग देगा।

उन्होने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में फिक्स डे सर्विस का रिपोटिंग और प्लानिंग सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक सप्ताह इसकी रिपोटिंग गुगल फार्मेट में भेजना सुनिश्चित करें। इस मौके पर डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, पीरामल के प्रोग्राम लीड डॉ. रविश्वर, पीएसआई के एफपीसी राजीव श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेशचंद्र कुमार ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ किया जाये। खासकर जिस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत चयनित किया गया है, वहां परिवार नियोजन से संबंधित सभी कमियों को दूर कर बेहतर करने में मदद करें। यह भी कहा कि इन सेंटरों में स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी परिवार नियोजन सेवाएं प्राप्त हो सकें। यह कदम जिले के प्रत्येक क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम की पहुंच को सुनिश्चित करने में मदद करेगा और जनसंख्या स्थिरीकरण के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगा।

### परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की पहल करेंगे:

पीसएसआई के परिवार नियोजन समन्वयक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मास्टर कोच विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन सेवाओं से संबंधित कमियों को चिह्नित करते हुए तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से इसे दूर करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में जरूरी तकनीकी मदद उपलब्ध कराते हुए इसका नियमित अनुश्रवण करेंगे। संबंधित प्रतिवेदन जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराएंगे। मास्टर कोच एक निर्धारित एजेंडा पर काम करेंगे। उनकी मदद से परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से कई नए पहल किये जायेंगे। ताकि कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके। मास्टर कोच समिति के सदस्य आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में बाधक तथ्यों को चिह्नित कर इसे दूर करने का प्रयास करेंगे। विभागीय स्तर से इसका उचित समाधान तलाशा जायेगा। सप्लाई चैन मैनेजमेंट को प्रभावी बनाते हुए स्वास्थ्य केंद्रों पर ससमय परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की पहल करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण किया गया

प्रात किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास)। पदाधिकारी, श्रम न्यायालय, डालमियानगर, रीपूसूदन मिश्रा सहायक श्रमायुक्त श्रम कार्यालय, प्रदीप कुमार प्राचार्य आई०टी०आई० डेहरी, सुबोध कुमार, सहायक निदेशक (नियोजन) अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के कम में सुबोध कुमार, सहायक निदेशक (नियोजन), अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर के द्वारा टूल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के अभाव को दूर कर उन्हे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा तथा वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगें ।साथ ही सभी कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा।

### गौशाला में लगी आग, झूलसने से गाय की मौत

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के चिकसिल गांव में सचितनंद सिंह के गौशाला बुधवार की रात अचानक आग लग गई।जिससे पूरा गौशाला जल गया और उसमें एक गाय की झूलसने से मौत हो गई।सच्चितानंद सिंह ने बताया कि अप्रैल 2024 को काराकाट मेला से 45000 रूपया पर गाय खरीदा था। बुधवार की रात 12 बजे अचानक शोर गुल हुआ जिसको सुन बाहर निकला तो देखा की मेरे गाय की गौशाला में आग लगी हुई है। जिसे देख दौड़ कर गौशाल पहुंचा तो देखा की मेरी गाय और गौशाला पूरी तरह जल कर खाक हो गया है। बताया की गया 4 महीने की गर्भ अवस्था में थी। उन्होंने अधिकारियों से अपने मवेशी का मुआवजा देने व आर्थिक मदद की गुहार लगाया है। पशुपालक एक गरीब व्यक्ति किसान है, पशुपालन करके और दूध बेचकर अपना परिवार का पालन पोषण करते थे। अंचलाधिकारी के निर्देश पर काराकाट पशु चिकित्सक डा.राकेश कुमार, डा.श्यामदेव कुमार, वैक्सीनेटर रतन कुमार गुरुवार मौके पर पहुंच मृत गाय की पोस्टमार्टम किये। पशु चिकित्सक ने बताया कि जांच प्रतिवेदन बहुत जल्द अग्रसारित किया जाएगा। अंचलाधिकारी काराकाट ने बताया कि पशुपालक को मुआवजा दिलाने के लिए पहल किया जा रहा है।

### बैंक के आगे खड़ी बाइक चोर लेकर हुए फरार

संझौली(रोहतास)। संझौली में बाइक चोरी की घटना पर लगाम नही लग पा रहा है। गुरुवार को करीब 2 बजे संझौली बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सामने से एक बाइक की चोरी हो गई। चोरों ने ग्राम कैथी निवासी आनंद कुमार की बाइक चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित आनंद ने बताया कि बैंक के आगे बाइक खड़ी कर बैंक में राशि निकासी के लिए गया था। थोड़ी देर बाद जब बैंक से वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। जिसके बाद बाइक की काफी खोजबीन की गयी लेकिन कुछ भी पता नही चला। बाइक चोरी को लेकर पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगायी है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आवेदक के द्वारा दिये गये आवेदन पर जांच की जा रही है। उधर दूसरी तरफ क्षेत्र में आये दिन हो रही वाहनों की चोरी होने से आम लोगों दहशत में है।

### वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में किया गया

आरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा ब्लॉक रोड, आरा स्थित एश्ट/ श्ढअळ वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान इवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इवीएम/वीवीपैट मैनुअल के अनुसार इवीएम/वीवीपैट का भंडारण, रख-रखाव और सुरक्षा के संबंध में सभी निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने इवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस के प्रभारी पदाधिकारी और प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

# पैक्स चुनाव नतीजे के बाद दो पक्षों में खूनी झड़प

## एक शख्स को मारी गई गोली

प्रात किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र में पैक्स चुनाव की परिणाम की घोषणा के बाद दो पक्षों में मारपीट और गोली चलने की मामला प्रकाश में आया हैं। बीते बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे गम्हारियां गांव में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले और गोलीबारी की घटना हुई। दोनों पक्षों से कई लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लगने की बात बताया जा रहा है। घटना थाना क्षेत्र के गम्हारियां गांव की है।

जहां लाल बिहारी सिंह के 25 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार को गोली लगने की बात बताई जा रही है। जिसे बिक्रमगंज के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल धर्मेंद्र की स्थिति नाजुक बताया जा रहा है, इलाज जारी है। गोली चलने की घटना से पूरे गांव के लोग दहशत में है। घटना की संबंध में बताया गया की पैक्स परिणाम के बाद बुधवार की शाम से ही दोनों परिवारों में कई बार रुक रुक कर झड़प हो रही थी जहां सूचना पर पहुंच पुलिस ने दोनों को समझा बुझा कर संत करा दी। लेकिन अचानक देर रात दोनो परिवारों में फिर एक बार झड़प हो गई।

झड़प इतना बढ़ गया की देखते ही देखते गोली तक चल गई। जिसमे एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। युवक की पेट में गोली लगी है जिससे उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंचे बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय व थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच हंगामे को संत करते हुए मामले में आरोपित पैक्स अध्यक्ष को हिरासत में लिया।

इस मामले में गम्हारियां गांव निवासी स्वर्गीय रामनरेश सिंह के पुत्र लाल बिहारी सिंह ने नंदजित सिंह सहित नौ लोगों को आरोपी बनाया है। नंदजित सिंह और मनोज सिंह दोनो एक दूसरे की विरुद्ध पैक्स की चुनाव में उतरे थे।

नंदजित सिंह को पैक्स चुनाव में ये तीसरी बार जीत हासिल हुई है। जिसके बाद शाम से ही मनोज सिंह और नंदजित सिंह के परिजनों में एक हिंसक झड़प हो गई और मारपीट सहित गोली चल गई। जिसमे एक को गोली लगने व मारपीट में दोनों पक्ष से दर्जनों लोग घायल हो गए। डीएसपी ने बताया की मामले में आरोपित गम्हारियां गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष नंदजित सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रहा है। डीएसपी ने कहा की पुलिस रातभर बाकी की धरपकड़ के लिए जगह जगह छापेमारी की है। बहुत जल्द सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## छः पैक्स में हुआ, चुनाव चार को मिला मौका, दो की हुई छुट्टी

## शोभनाथ गुप्ता 1220 वोट से तीसरी बार जीत दर्ज की तो मनोज कुमार ने 1135 वोट से दिया कड़ी टक्कर, प्रदीप कुमार की भी हुई करारी हार

### जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थक हुए खुश, हारने वाले दिखे निराश

प्रातः किरण संवाददाता



राजपुर(रोहतास)। राजपुर प्रखंड क्षेत्र में पांचवें चरण के पैक्स चुनाव को लेकर गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना सम्पन्न हो गया। जहां 6 पैक्सों के लिए बुधवार की सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। जो कि गुरुवार की दोपहर 4 बजे तक संपन्न हो गया। वही जीत के समर्थक खुश हो गए, वही हार वाले प्रत्याशी काफी निराश दिखे। बुधवार की सुबह पहले राउंड में पड़रिया पंचायत की मतगणना शुरू हुई। जिसमें 6 घंटे तक चली मतगणना में पड़रिया पैक्स से संतोष कुमार सिंह चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए विजयी रहे। वही दूसरी राउंड में बराव पंचायत से पांचवी बार बाबूचंद सिंह ने 233 मत से निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार दुबे को पराजित किया। जहां बाबूचंद सिंह को 908, मनोज कुमार दुबे को 678 मत प्राप्त हुए। तीसरी राउंड में राजनडीह पंचायत की पहली बार महिला प्रभा देवी ने 368 मत से निकटतम प्रतिद्वंदी रामजीत राय को पराजित किया। प्रभा देवी को 771 व रामजीत राय को 403 मत प्राप्त हुए।

मध्य रात्रि को चौथा राउंड में राजपुर पंचायत में शोभनाथ कुमार को 1220 मत, मनोज कुमार को 1135 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार तीसरा बार शोभनाथ कुमार को 85 मतों से विजयी घोषित किया गया।वही दूसरे तरफ गुरुवार की सुबह पांचवा राउंड में रोतवा पंचायत से श्रीकांत चौधरी ने 64 मतों से निकटतम प्रतिद्वंदी अरुण कुमार को पराजित कर चौथी बार विजय प्राप्त किए। जिसमें श्रीकांत चौधरी को 663 व अरुण कुमार को 599 मत प्राप्त हुए। अंतिम राउंड में सियावक पंचायत से कुमार रितेश को 481मत जबकि जितेंद्र कुमार को 351 मत प्राप्त हुए। जहां 130 मतों से रितेश कुमार ने निकटतम प्रतिद्वंदी को पराजित कर दिया। निवार्ची पदाधिकारी सह बीड-ीओ रवि राज ने बताया कि मतगणना की सारी प्रक्रिया तीसरी आंख की निगरानी में निष्पक्ष कराया गया है।

## काराकाट प्रखंड के 17 पचायतों में पांच नये और 12 पुराने चेहरों पर किसानों ने जताया भरोसा

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के रामरूप उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार की देर रात पैक्स चुनाव के अंतिम चरण की मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। जानकारी देते हुए आरओ सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड में कुल 17 पंचायतों में से 16 पंचायत में ही पैक्स चुनाव कराया गया। जिसमें एक ग्राम पंचायत सिकरिया में अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रत्याशियों में अमरथा पैक्स से लाल मोहर सिंह को 987 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी नरेंद्र सिंह को 615 मत मिले, काराकाट से ओम प्रकाश सिंह को 759 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश कुमार सिंह को 315 मत प्राप्त हुए। किरहीं से नए प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को 626 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी रंजन कुमार को 559 मत मिले। गम्हरियां से नंदजीत सिंह को 775 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी मनोज कुमार सिंह को 715 मत हासिल हुए। चिकसिल से कमलेश चौधरी को 1163 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी राहुल कुमार सिंह को 259 मत, दनवार से नये प्रत्याशी मनीष कुमार सिंह को 617 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी पैक्स अध्यक्ष पद पर रहे चुके जयपाल सिंह को 484 मत, देव से रविंद्र कुमार सिंह को 463 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी मनोज कुमार पांडेय को 219 मत, बाराडीह से नये प्रत्याशी सौरभ कांत सागर को 654 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी अजय कुमार सिंह को 591 मत, सोनवर्षा से अरुण कुमार मिश्रा को 409 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी कमला सिंह को 327 मत, सकला से नये प्रत्याशी नीरज पांडेय को 328 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजीव रंजन को 322 मत, बेनसागर से नये प्रत्याशी रंगलाल सिंह को 918 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रमोद कुमार सिंह को 563 मत, मोथा से कामेश्वर सिंह को 604 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी अभिषेक कुमार को 469 मत, मुंजी से प्रमोद कुमार सिंह को 886 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी हरेंद्र कुमार सिंह को 432 मत, बुढ़वल से मिथलेश कुमार सिंह को 516 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी भरथ सिंह यादव को 274 मत, धनहरा से तेज नारायण सिंह को 501 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी कृष्ण बिहारी सिंह को 276 मत एवं जयश्री पंचायत से गिरिजा देवी को 582 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी पूजा देवी को 482 मत प्राप्त हुए। वही सिकरियां पैक्स से संजय कुमार सिंह अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। श्री कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव में निर्वाचित सभी पंचायतों के प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा गया।

उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की काफी सराहनीय भूमिका रही। साथ ही साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की भी काफी सराहनीय भूमिका रही। जहां सीओ डॉ रितेश कुमार, थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, एसआई रमन सिंह, संजय कुमार ठाकुर, संजय कुमार यादव, दया शंकर साह, रविंद्र कुमार यादव, भरथ साहनी, महिला एसआई नूपुर कुमारी, रफीक अंसारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मी एवं पुलिस बल तैनात थे।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण भारत सरकार 2024 के तहत कक्षा छह:के विद्यार्थियों का किया गया परीक्षा आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। उदवंतनगर प्रखंड के अंतर्गत में सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर विद्यालय में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण भारत सरकार 2024 के तहत कक्षा षष्ठ के भैया बहनों का परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा षष्ठ के सभी भैया बहनों की उपस्थिति रही। यह सर्वेक्षण प्रतिवर्ष भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा पूरे देश में आयोजित होता है।सभी विद्यालय के बीच यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण संभव नहीं है इसलिए जिले के कुछ चुनिंदा विद्यालय में यह परीक्षा आयोजित कर उस विद्यालय के भैया बहनों का पठन-पाठन का सर्वेक्षण होता है इस अवसर पर भोजपुर जिले के टीम से आए हुए ऑब्जर्वर चंदन सिंह, अमरजीत कुमार प्रमुख थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने आगत अतिथियों से दीप प्रज्वलित कराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। चंदन सिंह ने परीक्षा के मुख्य बिंदु भैया बहनों के सामने रखी और कहा कि यह परीक्षा नहीं है इससे भयभीत नहीं होना है। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस परीक्षा को देने से बच्चों में परीक्षा के प्रति डर खत्म एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा और आगे किसी भी परीक्षा को वह आसानी से दे सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया बहने अचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास): बकायेदार उपभोक्ताओं एवं विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान तहत नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत श्याम नगर के सुमित्रा देवी पति चन्दन साह के घरेलू परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इनके परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापित है, जिसका उपभोक्ता संख्या 102456629 है। उक्त उपभोक्ता द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर से पहले मेन सर्विस तार में कटिंग करके एवं बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल द्वारा बताया गया कि उक्त मीटर प्रीपेड मोड में विच्छेदित प्रदर्शित हो रहा था। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 29864 दंडित राशि लगायी गयी है। विदित हो कि पूर्व से उक्त उपभोक्ता पर विद्युत विपत्र के मद में बकाया राशि 36546 तथा दंडित राशि 29864 दोनों को समायोजित करने के पश्चात विद्युत विभाग को 66410 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा बताया गया कि बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जांच की जा रही है। जांच में स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है

## बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में दुल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय, आरा, भोजपुर कार्यालय द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में दुल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन डी०एम० कार्यालय के सभागार में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 22 अभ्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टुल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ हीं नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्युनतम पारिवारिक वार्षिक आय रू0 1,80,000.00 से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 14 अभ्यार्थियों को संबंधित परीक्षा की पुस्तकें स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध करायी गई।

कार्यक्रम में टुल किट एवं स्टडी किट का वितरण महोदय, जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के क्रम जिला पदाधिकारी द्वारा दुल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार जुड़ कर बेहतर आजिविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया। प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तको के आभाव में आर्थिम रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढ़ग से नही कर पाते। स्टडी किट पुस्तक के आभाव को दूर कर उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदत करेगा तथा वें सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप जिला योजना पदाधिकारी, सहायक कोषागार पदाधिकारी एवं उद्योग महाप्रबंधक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कौशल प्रबंधक श्री संजय कुमार, जिला कौशल प्रबंधक श्री राकेश कुमार, श्री आलोक कुमार कौशल विशेषज्ञ, श्रीमति इन्दू सिन्हा उ०व०लि०, श्रीमति अमृता कुमारी सिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुश्री अनुपम कुमारी, नि०व०लि० एवं सभी कर्मी का सराहनीय योगदान रहा।

## वाहन चेकिंग में फोनलेन से विदेशी शराब और आपत्तिजनक सामानों के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। गजराजगंज ओपी थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान दिनांक-05.12.2024 को पर्या० करीब 03:50 बजे गजराजगंज ओ०पी० के रात्रि गश्ती पार्टी द्वारा फोरलेन बक्सर की ओर से आ रही डिजायर कार को पुलिस रोकने का इशारा किया गाडी रूकने के बजाय और तेजी से भागने लगा। गश्ती पार्टी द्वारा पुलिस वाहन से पीछा करके गाडी को अपने नियंत्रण में लेकर 02 अभियुक्त को 02 मोबाईल एवं चोरी के 01 डिजायर कार में 581.4 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में गजराजगंज (उदवंतनगर) थाना कांड सं० 534/24, दिनाक 04.12.2024, धारा-317(5)/3(5) मा०न्या०सं० एवं ३० (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम-2018 दर्ज किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- 1

सिपक कुमार चौधरी, संतय चौधरी, सा०-नौरंगा, थाना-बैरिया, जिला-बलिया, (उ०प्र०) 2. मनोज ठाकुर पिता-जीतन ठाकुर, सा०-नौरंगा, थाना-बैरिया, जिला-बलिया, (उ०प्र०) बरामद चोरी का डिजायर कार- मोबाईल-बरामद किया गया अभियुक्त से पूछताछ कर जेल भेज दिया।

# इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज में वेतनमान को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज में गुरुवार को बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में वेतनमान के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिस हस्ताक्षर अभियान में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक को शामिल कराया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान को इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज बिक्रमगंज में शुरूआत की गई।

हस्ताक्षर अभियान पुरे बिहार में चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी उक्त कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार सिंह ने दी। महासंघ के प्रदेश सचिव डॉ रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य भर में हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए रोहतास जिला के सभी संबद्ध कॉलेज में जाकर सफल बनाने में लगे हैं। जिस अभियान के तहत 5 लाख हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेजा जाएगा। मौके पर उक्त कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार सिंह, प्रो डॉ रविंद्र कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ अयोध्या प्रसाद सिंह, डॉ शांति प्रकाश सिंह, डॉ बिपिन बिहारी सिंह, डॉ उमेश कुमार सिंह, तेज नारायण सिंह, प्रो चितरंजन राय, रामाकांत सिंह, राहुल सिंह, सोनू सिंह, अंशु, रिंकी, किरण कुमारी, पुष्पा सिंह, किसलय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## जगदीशपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत दवा के पंचायत सरकार भवन में महिला सभा का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर जगदीशपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत दवा के पंचायत सरकार भवन में महिला सभा का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता कुसुम लता मुखिया ग्राम पंचायत दम ने किया ग्राम सभा में महिलाओं के द्वारा अनेकों अनेकों मुद्दा उठाया गया जिस पर बारी-बारी से चर्चा हुई सबसे पहले पंचायत में शौचालय विभिन्न घर को पूर्ण करने पर चर्चा किया गया जिसमें लगभग जिसमें लगभग 700 शौचालय विहीन घर को इसी वित्तीय वर्ष में शौचालय निर्माण करा कर पूर्ण करने पर सहमति बनी पंचायत में लगभग अभी 1100 परिवार को घर की आवश्यकता है जिसको प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ा जाएगा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी प्राप्त करने हेतु एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए स्वास्थ्य वीर लगाने पर विचार विमर्श किया गया एवं दहेज प्रथा भ्रूण हत्या बाल विवाह एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता के लिए भी जनवरी में 2025 में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा विधवा एवं विकलांग महिलाओं को यथाशीघ्र पेंशन बनाने के लिए भी सभी पेपर कागजात के बारे में जानकारी दिया गया एवं राशन से वंचित परिवार को भी राशन से जोड़ने के लिए कैंप के माध्यम से हराम लेकर के सभी परिवार को राशन मुहैया कराने की चर्चा की गई और सभी घर के बच्चे स्कूल जाएं इस पर भी चर्चा हुई कि किसी का भी परिवार अपने बच्चों के प्रति सजग रहते हुए सबको स्कूल भेजें और सभी टीकाकरणों पर भी ध्यान दिया जाएगा इस कार्यक्रम में काफी महिलाओं ने वेंचार के हिस्सा लिया खास करके जीविका दीदी एवं जीविका के कम अनीता देवी शमीमा खातून ललिता देवी मनोरमा देवी माला देवी पुष्पा देवी एवं सविता देवी ने सभी महिलाओं को एकत्रित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## नासरीगंज प्रखंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास): नासरीगंज नगर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बने वज्र ग्रह में बुधवार को देर रात्रि तक हुए शेष बचे पांच पंचायतों का परिणाम निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ मो. नौशाद आलम सिद्दीकी ने मतगणना के बाद उद्घोषणा किया। डिहरी पंचायत के अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ कन्हैया सिंह को 1075 मत प्रप्त हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विनोद कुमार को 757 मतों से पराजित कर दूसरी बार अध्यक्ष बने, परसियां से प्रदीप कुमार ने 1045 मत प्राप्त किया उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनुभव कुमार को 264 मतों से पराजित कर जीत की हैट्रिक बनाई, पवनी से नीरज कुमार ने 880 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कामेश्वर सिंह को कांटे की टक्कर महज तीन मतों से मात देकर पहली बार पवनी पैक्स अध्यक्ष बने, पडूरी से ओमप्रकाश पांडेय ने 672 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश कुमार को 460 मतों से पराजित कर तीसरी बार विजयी हुए और धनाव पैक्स से नवयुवक प्रत्याशी खादिम हुसैन उर्फ छोटू खान ने 458 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय यादव को 66 मतों से पराजित कर पहली बार युवावस्था में पैक्स अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रकार देर रात्रि तक मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्षों के समर्थक देर रात तक विद्यालय परिसर के बाहर ठंढ में भी जमे रहे और अपने अपने जीते अध्यक्ष पद के सम्मान में जश्न मनाते रहे। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि सभी 11 पंचायतों नवनिर्वाचित अध्यक्ष को मतगणना स्थल पर ही प्रमाण पत्र दे दिया गया और सभी पंचायत के जीते सदस्यगण को प्रखण्ड कार्यालय पर प्रमाण पत्र दिया गया। बीडीओ ने बताया कि पैक्स चुनाव की सभी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न करा ली गई है।

वहीं जीते प्रत्याशी खुशी मनाते दिखे तो हारे प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। कहीं खुशी तो कहीं गम का नजारा साफ झलकता दिखा। प्रखण्ड के 11 पंचायतों में 8 में पुराने अध्यक्षों ने ही कब्जा जमाया तो तीन पर पोखराहां, धनाव और पवनी पर नये चेहरे ने जीत का डंका बजाया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत सुलहनीय वादों के निस्तारण का है सशक्त माध्यम : जिला जज

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राज कुमार द्वारा जिले के विभिन्न समाचार पत्रो, प्रिट मिडिया, इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गयाजिसम् दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाले इस वर्ष का चैथा और अन्तिम राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्राधिकार के द्वारा किये किये गये कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभिन्न संवाददाताओं को उपलब्ध कराया गया। जिला जज ने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को वर्ष 2024 का चैथा तथा हमारे कार्यकाल का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है जिसके लिए न्यायालयों से सम्बन्धित सुलहनीय वादों में अबतक की गयी कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा सभी संवाददाताओं को उपलब्ध कराया गया। जिला जज द्वारा बताया कि दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालय में लम्बित सभी तरह के सुलहनीय वादों से सम्बन्धित नोटिस को पुलिस के माध्यम से पक्षकार को हस्तगत कराया गया है साथ ही तामिला प्रतिवेदन पर प्राप्त मोबाईल संख्या के आधार पर कार्यालय द्वारा उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन उपस्थित रहने हेतु भी सूचित किया गया है। जिला जज द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित सभी राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बन्धित विविध गतिविधियों में बृहत प्रचार-प्रसार में सभी पत्रकारो का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्ति पर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही साथ 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है और आगे भी होता रहेगा, ऐसा सभी संवाददाताओं से अपेक्षा की गयी है। जिला जज द्वारा सभी विभागों द्वारा अपने विभाग अन्तर्गत लम्बित सुलहनीय वादों की सूची उपलब्ध कराने हेतु दिये गये निर्देश से संवाददाताओं को अवगत कराया गया। जिला जज ने बताया कि सभी सम्बन्धित विभागों, न्यायालय तथा सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक का आयोजन किया गया है। मीडिया द्वारा किये जाने वाले सार्थक सहयोग के प्रतिफल के रूप में राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन इसका साकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। प्रेस कान्फ्रेस में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री सत्यभूषण आर्या ने संवाददाताओं को बताया कि परिवारिक मामलों में इस जिला को अब्बल बनाने की प्रक्रिया जारी रहेगी और इसके लिए कई वादों का चयन किया गया है।वादों के सम्बन्ध में प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 2035 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लम्बित है चिन्हित किया गया है तथा 60 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किये जाने तथा 5000 नोटिस निर्गत किये जाने तथा तथा 600 वादों का निस्तारण का लक्ष्य से सम्बन्धित ब्यौरा संवाददाताओं का उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अन्तर्गत 3500 से अधिक बैंक ऋण सम्बन्धी मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है जिसमें 100 से अधिक ऋण वादों का निस्तारण हेतु सहमति प्राप्त हो गया है तथा 1500 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे सम्बन्धित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। साथ ही साथ प्रेस वार्ता के समय बताया गया कि न्यायालय स्तर से बड़े पैमाने पर नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की गयी है जिससे कि न्यायालय में लम्बित सभी तरह के सुलहनीय मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण संभव हो सकेगा।

बिजली चोरी से सम्बन्धित मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण से सम्बन्धित संवाददाताओं द्वारा पूछे गये प्रश्न पर जिला जज द्वारा कहा गया कि ऐसे मामलों को गया में राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन ही निस्तारण किया जायेगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि ऐसे मामलें के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन गया में स्थापित बेंच के समक्ष पक्षकार उपस्थित रहें। जिला जज द्वारा यह भी बताया कि बीमा कम्पनी से सम्बन्धित मामलों को गया जिला में बने विशेष ट्रिब्युनल के माध्यम से निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी। संवाददाता सम्मेलन में जिला जज, प्रधान न्यायाधीश एवं सचिव द्वारा जिले वासियों से संयुक्त रूप से आह्वान किया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा-से ज्यादा लाभ उठायें। इस अवसर पर सभी संवाददाताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत के वृहत प्रचार-प्रसार में अपनी भूमिका को पुरी तरह से निर्वह्न करने का भरोसा दिया गया और कहा गया कि पूर्व में भी हमलोगो का सहयोग मिला है और यह निरंतर जारी रहेगा।

# जिलाधिकारी ने सरकार की संचालित जन कल्याणकारी एवं जन सरोकार से जुड़ी योजनाओं का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज नगर प्रखंड अंतर्गत राज्य सरकार की संचालित जन कल्याणकारी एवं जन सरोकारों से जुड़ी योजनाएं, जो आम जनों तक उपलब्ध कराई जा रही है, उन योजनाओं का आज गांव गांव में जाकर निरीक्षण किया है एवं अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। गया एयरपोर्ट के समीप धनसिर पंचायत के चौरहर गाँव के निरीक्षण में दौरान वह सीधे मध्य विद्यालय चौरहर पहुच कर बच्चो से रूबरू हुए और पठन पाठन से संबंधित जानकारी भी लिए गए हैं। बच्चो को मिलने वाले भोजन पोशाक इत्यादि की जानकारी भी लिया है। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय भवन जर्जर एव कमजोर रहने पर डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गया को इस विद्यालय के बच्चो के लिये नया भवन निर्माण करवाने का निर्देश डीएम ने दिया है। आंगनवाड़ी केंद्र निरीक्षण के क्रम में जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र देखते ही डीएम ने नया आंगनवाड़ी केंद्र भवन निर्माण करवाने का आदेश दिया है। चौरहर गाँव में नाला का पानी सड़क पर बहते देख, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर को नया नाला एव सोख्ता निर्माण करवाने का आदेश दिया है। कोरमा पंचयात के छटूबाग गाँव निरीक्षण कर क्रम में नाली गली कार्य, जहां भी छुटे हुए हैं, उसको तेजी से पूर्ण करवाने का आदेश दिया है साथ ही जिस टोला में नल जल बंद पाया गया है।उन टोलों में तेजी से नल जल का अच्छा से सर्वेक्षण करवाते हुए ठीक, मरामती करवाने का आदेश कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी को दिया है। कोरमा पंचयात कर बलना गांव का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के क्रम में आम ग्रामीणों की मांग थी कि शहर की 1 बड़ा नाला जो गया टाउन होते हुए कंडी होते हुए हाड़ीपुर को जाती है।

काफी समय से ग्रामीणों की मांग थी कि यह 3 किलोमीटर लंबा नाला जो कच्चा है, उसको व्यवस्थित कराया जाए, जिससे सड़क पर पानी का फैलाव नहीं हो सके। चुकी या क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र में पड़ता है बावजूद जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नगर आयुक्त गया नगर निगम को निर्देश दिया है कि इस नाला निर्माण हेतु अच्छे तरीके से सर्वेक्षण करवाते हुए एस्टीमेट एवं डायग्राम तयार करावे ताकि नाला निर्माण तेजी से करवाया जा सके।इस निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर मौजूद थे।

# केन्द्रीय मंत्री द्वारा मुबारकपुर में चादरपोशी किया गया , देश के खुशिहाली के लिए की गई प्रार्थना



प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया सांसद सह केंद्र मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी के तरफ से उर्स हाफिजे मिल्लत ह्यमुबारकपुर आजमगढ़,उत्तरप्रदेशह्न में चादरपोशी की गई और बिहार एवं देश में अमन चैन,खुशहाली एवं आपसी भाईचारा के लिए दुआ की गई है। इस मौके पर कन्या विवाह विकास सोसाइटी संस्था के सहायक सचिव सह झारखंड प्रभारी हसीबुल्लाह अंसारी मौलाना उमर नूरानी ने आगामी माह हो रहे 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह के लिए एवं समाज को दहेज प्रथा से मुक्त करने के लिए दुआ भी मांगी है।कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने आगामी 1 मार्च 2025 को 251 बहनों की सामूहिक शादी का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि बाल विवाह, भ्रूण हत्या और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की गई है। इसके साथ ही, सोसाइटी द्वारा गढ़वा के दानरो नदी स्थित छठ घाट पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए जरूरतमंद कन्याओं का जल्द से जल्द निबंधन कराने की अपील की गई है।

# पत्नी हत्यारोपी को आजीवन कारावास

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दो धनंजय कुमार मिश्रा ने गोह थाना कांड संख्या -10/19, एस टी आर -188/19 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र काराधिन हत्यारोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभियुक्त लालबहादुर चौधरी गम्हरी गोह को भादंवि धारा -302 में आजीवन कारावास की सजा और पच्चीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगी और भादंवि धारा -201 में सश्रम पांच साल की सजा और दस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगी। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पवन चौधरी भेलवा बाराचट्टी गया ने 11 जनवरी 2019 को प्राथमिकी गोह थाना में दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि बहन रिंकु देवी की शादी अभियुक्त से 2013 में हुई थी अभियुक्त ने गलत नियत से षड्यंत्र कर बहन को रात्रि में तलवार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया,हाथ काटा और किरोसीन तेल से जलाकर मार दिया लाश को छिपा दिया। पवन चौधरी को घटना की सूचना गम्हरी ग्राम के ग्रामीणो से मिला तो घटना स्थल पर पहुंचकर घटना सत्यता जानकर न्याय के लिए थाना में आवेदन दिया तब से अभियुक्त जेल में बंद हैं। अधिवक्ता ने आगे बताया कि बचाव पक्ष से कोई अधिवक्ता नहीं होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद द्वारा निशुल्क अधिवक्ता पैरवी के लिए मुहैया कराई गई थी,उप परामर्शदाता एल. ए. डी. सी. एस.अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बचाव पक्ष रखते हुए कम से कम सजा की मांग न्यायालय से की , अभियोजन की ओर से देवेन्द्र कुमार शर्मा ने जघन्य कृत्य के लिए फांसी की सजा की मांग की, दोनों पक्षों के सुनने के पश्चात न्यायधीश ने सजा सुनाई और कहा कि मृतका के दोनों नाबालिग बच्चों के उचित प्रतिकर के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद को लेटर लिखा जाए।

# बेलागंज में सड़क निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री को लिखी पत्रः मनोरमा



गया।बेलागंज के विधायिका मनोरमा देवी ने बेलागंज में सड़क निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखी है। विधायिका मनोरमा देवी का कहना है कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है।टिकारी-पंचानपुर मुख्य मार्ग से जाहिर बीघा, बेल्हाड़ी, भवनपुर रोड होते हुए कोयरी बीघा, महादलित टोला होते हुए कोटेश्वर नाथ धाम, बेला-पनारी रोड से अग्नि रैली, शिवरामपुर से धनवा होते हुए साकिन बीघा, दलेलचक से भीखाचक भलूआ 2, निहालपुर, नियामतपुर होते हुए पटना-गया मुख्य मार्ग और नगर प्रखंड के घूटिया-कठौतिया मोड़ से पहाड़पुर होते हुए भोला बीघा, दाहा बिगहा तक पथ का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाए। विधायिका मनोरमा देवी का कहना है कि बेलागंज से किया हुआ हर वादा निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसंपर्क के दौरान हमें कई ऐसे क्षेत्रों में जाने का अवसर मिला था। जहाँ सड़कों के नाम पर सिर्फ कीचड़ और गड्ढ़े थे। उसी समय हमनें वादा किया था, जैसे ही मौका मिलेगा, सड़कों का निर्माण करवाएंगे। इन सड़कों का निर्माण सिर्फ एक शुरूआत है, हमारा लक्ष्य है बेलागंज की हर एक सड़क नाली-गली पक्के एवं साफ सुथरे होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री द्वारा दो दिवसीय प्रमंडलीय स्तरीय नियोजन मेला आयोजन शुक्रवार को उद्घान

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बिहार कौशल विकास द्वारा संचालित संकल्प योजना द्वारा शुक्रवार एवं शनिवार को दो दिवसीय प्रमंडलीय स्तरीय नियोजन मेला आयोजित किया जा रहा है।गया के राजकीय पोलीटेक्निक मैदान में आयोजित किया जाएगा, इसमें दसवीं पास एव उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उच्च तकनीक, व्यवसायिक, गैर तकनीकी रोजगार के लिए सुनहरा अवसर दिया जा रहा है इसमें 40 कम्पनी,नियोजक भाग लें रहे हैं । इसमें दो हजार से भी ज्यादा रिक्तियां है , जिसमें बैंकिंग, मैनिफैक्चरिंग, टेक्निकल, सुरक्षा,सेल्स मार्केटिंग आदी क्षेत्रों में रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे । नियोजक मेला का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री द्वारा किया जाएगा शुक्रवार को,इस नियोजन मेला का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक होगा।इस चयन हेतु आने वाले उम्मीदवारों को एन सी एस पोट्रल पर निबंधन अनिवार्य है। इस जाब केम्पस कि सारी प्रक्रिया निः शुल्क है।

### जनता के दरबार रहेगा स्थगित

गया। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाली जनता दरबार कल दिनांक 06 दिसंबर 2024 शुक्रवार को माननीय मंत्री उद्योग विभाग एव पर्यटन विभाग सह गया जिला का प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा द्वारा बैठक आयोजित रहने के कारण कल जिला पदाधिकारी गया का जनता दरबार को स्थगित किया गया है।आमजनों से अपील है कि कल जनता दरबार को स्थगित किया गया है, कृपा जनता दरवार में न आवे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा निः शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया जिसका नाम मेरी उड़ान गया जी मे खोला गया है जिसमें महिलाओं को सिलाई,कढाई, मेंहदी, सौंदर्य प्रसाधन ब्यूटीशियन ,योग्यायासन,आदी का निः शुल्क प्रशिक्षण किया जाएगा जिसमें आगे चलकर महिला आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार को भरण-पोषण कर सके इसकी जानकारी संयोजक मधु शर्मा,इदु प्रजापति,नीलम मिश्रा,ममता गिरि, स्मारिका वर्मा ने बताया है। मेरी उड़ान प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया जायेगा।

# डीएम ने जिला प्रखंडों में राईस मिलों की क्षमता, भण्डारण का भौतिक सत्यापन करवाने के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया।प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि०, पटना के निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया जिला अन्तर्गत प्रखंडों में क्रियान्वित राईस मिलों के वास्तविक मिलींग क्षमता,भण्डारण का भौतिक सत्यापन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करवाने के लिये जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी को भेज कर जांच करवायी जा रही है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 नवम्बर से प्रारंभ है। विदित हो कि अधिप्राप्ति के क्रम में धान की मिलिंग प्रारंभ करने एवं उसे भारत सरकार के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु योग्य मिलों का जिला टास्क फोर्स के माध्यम से चयन एवं सहकारी अभिकरणों के साथ उनकी सम्बद्धता ससमय सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। निगम मुख्यालय स्तर से एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के स्तर से समाचार पन्नों के माध्यम से मिलिंग कार्य हेतु इच्छुक मिलरों से अधिप्राप्ति पोर्टल ïरॅं ॑१. ð.ल्ल्यू.ल्ल पर आनलाईन निबंधन कराने हेतु प्रकाशित सूचना के आलोक में मिलरों के द्वारा आनलाइन निबंधन कराया जा रहा है जिसकी जाँच जिला स्तर पर जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी द्वारा जांच करवाया जा रहा है।अधिप्राप्ति कार्य हेतु अधिप्राप्ति पोर्टल पर निबंधन कराने वाले मिलों की जाँच के क्रम में गठित तीन सदस्यीय टीम के द्वारा पोर्टल पर मिलरों के द्वारा स्वयं दर्ज की गयी प्रविष्टियों की जाँच गहनता से की जानी है और संलग्न विहित प्रपत्र में प्रमाणीकरण करते हुए उसे पोट्रल पर अपलोड किया जाना है। तदोपरान्त जिला टास्क फोर्स की आहूत बैठक में मिलों के चयन के समय तीन सदस्यीय समिति के जाँच प्रतिवेदन एवं विगत खरीफ विपणन मौसम में मिलों के द्वारा किये गए मिलिंग कार्य की गति एवं गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। गया जिला अन्तर्गत प्रखंडों में क्रियान्वित राईस मिलों की जाँच करने हेतु प्रखंडवार निम्न प्रकार संयुक्त रूप में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। ढिबर पैक्स राइस मिल, टनकुप्पा को जांच हेतु वरीय उप समाहर्ता अंशु कुमारी को भेजा गया है। शिवम राइस मिल, कोशिला टोला कावरविघा, बोधगया को जांच हेतु वरीय उप समाहर्ता राजीव रंजन को भेजा गया है। एसएस किसान राइस मिल, अरओ, वजीरगंज एव शारदा राइस मिल, कनेर डीह, वजीरगंज तथा नवादा पैक्स राइस मिल, सकरदास नवादा की जांच हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर श्री दिलीप कुमार ध्वज को भेजा गया है। वैभवी एग्रोटेक राइस मिल, बल्थर्वा बाकेबाजार की जांच हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शेरघाटी प्रभाकर कुमार को भेजा गया है।साक्षी राइस मिल, शेखबीघा आमस की जांच हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता शेरघाटी रंजीत कुमार रंजन को भेजा गयाहै।नीलम एग्रो फूड प्रोडक्ट प्राइवेट, वर्मा, गुरारू की जांच हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी टिकारी श्री विश्वजीत कुमार को भेजा गया है। डीएम ने सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड में अवस्थित राईस मिलों की जाँचकर दिनांक 05.12.2024 को संध्या 05:00 बजे तक जाँच प्रतिवेदन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, गया को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाये ।इसके साथ ही जिला पदाधिकारी को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही जाँच के क्रम में तत्संबंधी जी औ टेनिग फोटोग्राफ भी हर हाल में लेना सुनिश्चित करेंगे।

# 8 दिसंबर को पारस में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन




- विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं पर देगी निःशुल्क परामर्श
- कई तरह की जांचों पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना में रविवार (8 दिसंबर) को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा और इसमें स्वास्थ्य संबंधी कई सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

कैंप में पंजीकरण और परामर्श पूरी तरह से निःशुल्क होगा। इसके अलावा डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए रक्त जांच और अन्य अतिरिक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। इसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ जैसे- श्वास से संबंधित रोग, हृदय रोग, न्यूरो रोग,हड्डी रोग, नेत्र रोग, आंतरिक चिकित्सा, आहार विज्ञान और सामान्य सर्जरी के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से पीएफटी, ईसीजी, टीएमटी/इको और रक्त जांच जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पारस एचएमआरआई की यह पहल मरीजों को उनके स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने और जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी। हास्पिटल परिसर में लगातार तीन वर्षो से हमलोग आमजन के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगा रहे हैं इस का उद्देश्य है कि हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

शिविर के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक लोग 08035358740 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महिलाओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करेगा एराइज वुमेन्स सेविंग्स अकाउंट




पटना। महिलाओं की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से एक्सिस बैंक ने एराइज वुमेन्स सेविंग्स अकाउंट लांच किया है, जो महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवा लाभ भी प्रदान करता है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और चीफ एक्जिक्युटिव ऑफिसर सुश्री अरुंधति भट्टाचार्य ने एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा की उपस्थिति में उक्त अकाउंट को लांच किया।

एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा कि वर्तमान वित्तीय परिदृश्य में हम जानते हैं कि अब सभी के लिए एक ही उपाय नहीं है और अब समय आ गया है कि महिलाओं के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और अवसरों पर विशेष फोकस किया जाए। एराइज बचत खाते को इन फासलों को दूर करने और महिलाओं को उनकी शक्ति और क्षमता तक पहुंचने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सिर्फ एक बचत खाता नहीं है बल्कि यह महिलाओं की वास्तविक, रोजमर्रा की जरूरतों का जवाब है।

यह बचत खाता महिलाओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराता है। इन सेवाओं में डेडिकेटेड महिला वित्तीय विशेषज्ञ, स्टॉक की कस्टमाइज्ड बास्केट और उनके स्वास्थ्य, जीवनशैली और परिवार का समर्थन करने के लिए डिजाइन किए गए अनेक प्रकार के फायदे शामिल हैं।

# शब्दवीणा के मंच पर प्रो. और डॉ रश्मि प्रियदर्शनी के पाँचवें, छठे एवं सातवें काव्य-संग्रहों का लोकार्पण होगा आठ को

प्रातः किरण संवाददाता




गया। राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के मंच पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रश्मि प्रियदर्शनी के पाँचवें, छठे, एवं सातवें काव्य-संग्रह क्रमशः अरिहंत, कहाँ गये वे दृश्य मनोहर एवं है हमें जाना कहाँ का लोकार्पण रविवार, अर्थात 8 दिसंबर, 2024 को प्रातः 11.30 बजे से विष्णुपद मार्ग में अवस्थित शगुन गेस्ट हाउस में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम आयोजक-सह-संयोजक डॉ. रश्मि ने बतलाया कि पाँच सत्रों में विभाजित इस पुस्तक लोकार्पण समारोह एवं शब्दवीणा संगीत अनुष्ठान-सह-कवि सम्मेलन में शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति, प्रादेशिक एवं शब्दवीणा बिहार प्रदेश समिति अंतर्गत गया, नवादा, पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, नालंदा आदि विभिन्न शब्दवीणा जिला समितियों के पदाधिकारी, रचनाकार एवं गणमान्य अतिथिगण भाग लेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शब्दवीणा केन्द्रीय फेसबुक पेज से किया जायेगा, जिसके माध्यम से देश भर में शब्दवीणा की विभिन्न प्रदेश एवं जिला इकाइयों के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं साहित्यानुरागी श्रोता लोकार्पण समारोह, संगीत अनुष्ठान एवं कवि सम्मेलन का आनंद ले सकेंगे। इससे पूर्व 11 दिसंबर, 2022 को हिन्दी साहित्य में स्वर्ण पदक प्राप्त डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के प्रथम काव्य संग्रह ह्यकविता बसंत बन जाती है, द्वितीय काव्य-संग्रह नये गीत हम गायेंगे एवं तृतीय काव्य संग्रह नव्य मुक्तक माला का, तथा हिन्दी पखवाड़ा के तहत 10 सितंबर, 2023 को चौथे काव्य संग्रह उस पार क्षितिज के जाना है का लोकार्पण गणमान्य साहित्यकारों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं प्रोफेसरों की गरिमामयी उपस्थिति में हो चुका है।

## नागरिकों ने सदर अस्पताल के चिकित्सक अभिषेक सिंह को किया सम्मानित

औरंगाबाद : शहर के नागरिकों ने गुरुवार को सदर अस्पताल के चिकित्सक अभिषेक कुमार सिंह को उनके द्वारा मरीजों के इलाज के दौरान कई उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। इमरजेंसी वार्ड में जाकर चिकित्सक को शाल, बुके एवं गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया और उनके अच्छे कार्य के लिए शुभकामना दी। सदस्यों ने कहा कि चिकित्सक अस्पताल में आए वैसे कई मरीज जिसका कोई नहीं उसका न सिर्फ इलाज किया बल्कि अपने पाकेट से खर्च कर दवा उपलब्ध कराई। साथ ही कई गंभीर मरीज को यही समुचित इलाज देकर निजी नर्सिंग होम के शोषण से बचाया। सदस्यों ने कहा कि ऐसे चिकित्सक की ही वजह से प्रति मरीजों का विश्वास बढ़ा है।

# केयाल पैक्स गोदाम पर नवनिर्वाचित प्रबंध समिति की बैठक संपन्न




करपी । प्रखंड के केयाल ग्राम में पैक्स गोदाम के प्रांगण में नवनिर्वाचित पैक्स कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र महतो ने किया। कार्यकारिणी के कुल 11 सदस्यों में 7 सदस्यों ने इस बैठक में भाग लिया ।सर्वप्रथम नवनिर्वाचित सदस्यों को अध्यक्ष के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।उसके उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।बैठक में प्रस्ताव के माध्यम से उपस्थित सदस्यों ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला जिसमें पैक्स प्रबंधक गजेंद्र शर्मा का अनुपस्थित रहना ज्यादा चर्चा का विषय रहा। उपस्थित सदस्यों ने उनकी अनुपस्थिति पर चिंता प्रकट की। कार्यकारिणी समिति की बैठक की जानकारी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी करपी को भी दी गई थी लेकिन किसी कारणवस बीसीओ करपी भी इस बैठक में अनुपस्थित रहे ।बाद में बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अध्यक्ष को यथाशीघ्र किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए अधिकृत किया एवं यथाशीघ्र से धान खरीद शुरू करने का भी आग्रह किया ।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक को अगली

# वार्ड पार्षदों ने दी अधिकारी की मनमानी खिलाफ कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल और तालाबंदी की चेतावनी

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) कुर्था नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद रविंद्र कुमार प्रसाद ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा है कि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कहा जाता है कि सामान्य बोर्ड एवं सशक्त बोर्ड की बैठक मेरे ढंग से संचालित होगा मैं अपने स्तर से कार्यालय के कर्मी रखी हुई हूं एवं बोर्ड के लिए गए निर्णय को नहीं मानेंगे अपने तरीके से मनमाने ढंग से कार्य करने चाहती है कार्यपालक पदाधिकारी उन्होंने कहा कि उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों का फोन तक रिसीव नहीं करती है गुरुवार 5 दिसंबर को समय 3:00 बजे जब हम लोगों को सूचना मिली कि कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय आई हुई है इसके बाद उपमुख्य पार्षद रविंद्र कुमार प्रसाद, वार्ड पार्षद शैलेश कुमार, संजू कुमारी, नगीना राम, सीमा देवी, राजेश यादव, रजनी कुमारी, सोहनी देवी, नीतीश कुमार, सबला देवी मौके पर नगर पंचायत कार्यालय पहुंची तो पहुंचने के पश्चात उपमुख्य पार्षद के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को कहा गया कि विकास कार्य हेतु कुछ बात करनी है इसके बाद उप मुख्य पार्षद को बिना कोई जवाब देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी भाग निकली उन्होंने कहा कि अगर कार्यपालक पदाधिकारी का इस तरह का रवैया रहा तो हम लोग अनिश्चितकालीन कार्यालय के सामने धरना एवं भूख हड़ताल करेंगे ।

साथ ही इसके बावजूद भी नहीं मानी तो नगर पंचायत के विकास के सवाल पर हमलोग बीवस होकर कार्यालय में तालाबंदी भी करेंगे साथ ही उपमुख्य पार्षद ने कहा कि कार्यालय के लेखपाल भी छुट्टी पर जाते हैं तो अटेंडेंस रजिस्टर अपने साथ लेकर जाते हैं और बगैर किसी को बताएं चले जाते हैं।

पूछने पर कहा जाता है कि अटेंडेंस रजिस्टर साथ लेकर चले गए हैं और तो और अपने कार्यालय में भी ताला मार कर जाते हैं कुल मिलाकर कहा जाए तो नगर पंचायत कार्यालय में अधिकारी व कर्मी उपमुख्य पार्षद व वार्ड पार्षदों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाते हैं जिसके वजह से कुर्था नगर पंचायत के विकास के कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर के गंगाई गांव में लाखों के सामान की चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर ।थाना क्षेत्र के गंगोई गांव के स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की पत्नी गीता कुवंर ने इसुआपुर थाना में एफआईआर दर्ज करवाया है। जिसमें कहा है कि मैं घर में अकेली रहती हूं। मेरा एक पुत्र बिहार पुलिस में कार्यरत है, जो पटना में रहता है तथा एक पुत्र बलोतरा राजस्थान में रहता है। मैं सोमवार को अपने मायके शादी समारोह में शामिल होने गई थी। वहां से वापस दो दिन बाद अपने घर आई तो मेन गेट का ताला खोलकर अंदर जाने पर देखा कि सारा रूम का दरवाजा टूटा हुआ है। वहीं दोनों रूम में रखें अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोना, चांदी तथा हीरे के जेवरात जिसमें चार मंगलसूत्र, सोने का चैन, दो कंगन चार जोड़ा, कान के छः जोड़ा ,18 पीस चांदी का सिक्का,20 पीस पायल तथा सोने चांदी हीरे का जेवरात जिसका कीमत लगभग 35 से 40 लाख का था। अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि जिले से डॉग स्क्वायड की टीम के द्वारा जांच कराई गई है। लेकिन कोई स्टीक सबूत प्राप्त नहीं हो सका है। वहीं उन्होंने बताया कि इसकी प्रत्येक बिंदु से जांच की जाएगी तथा अभियुक्त जल्द पुलिस गिरफ्त में होगा। जांच टीम में एस आई संजय कुमार शर्मा,सुधांशु कुमार, उमेश प्रसाद, पीटीसी सुधांशु कुमार के साथ पुलिस बल थी।

### बेलागंज को गया मेट्रो से जोड़ने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बोधगया को 21 जून 2024 को मेट्रो परियोजना की ऐतिहासिक सौगात मिली, जो बोधगया-गया-चाकन्द रसलपुर तक प्रस्तावित है। यह क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम है।

जो विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सोमवार को हमने बिहार सरकार और हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस परियोजना में बेलागंज को भी शामिल किया जाए।

# महिला एवं बाल विकास निगम के बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन ने विद्यालय में एक चलाया गया जागरूकता अभियान

## स्कूल के बच्चों को पेंटिंग एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ संदेश दिया

प्रातः किरण संवाददात




छपरा कार्यालय। महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग के निर्देश के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, सारण के सहयोग से विद्यालय में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान बाल विवाह, महिला हिंसा और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ था। जिसका उद्देश्य इन सामाजिक समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को पेंटिंग एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ संदेश दिया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान,पॉक्सो एक्ट, लिंग हिंसा,1098/112, बाल मजदूरी,दत्तक ग्रहण ,परवरिश योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जिला के विभिन्न स्कूलों में प्रचार प्रसार किया गया।

उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और भविष्य पर नकारात्मक असर डालता है। समन्वयक, सुपरवाइजर, परामर्शी द्वारा महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की पूरी जानकारी दी गई। बच्चों एवं महिला के संबंध में कोई भी जानकारी या किसी भी समस्या के बारे में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल कर सकते हैं। यह नंबर 24*7 संचालित है। कार्यक्रम में नीरज कुमार सिंह,आकाश कुमार, मनीष कुमार, अभय कुमार,रितेश कुमार, रितिक कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जागरूकता अभियान समाज में बाल विवाह, महिला हिंसा और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और लोगों में इन मुद्दों को लेकर संवेदनशीलता बढ़ाई।

### पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की सभी विभागीय कार्यान्वित योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिलाधिकारी, मधेपुरा श्री तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य) की सभी विभागीय कार्यान्वित योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। उक्त बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ सभी मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा कम में पाया गया कि मधेपुरा जिले को वर्ष 2023-24 में सभी वर्गों के कुल 77.5 हे0 का लक्ष्य प्राप्त है, इसमें 19.12 हे0 में कार्य पूर्ण है। 69.20 हे0 में कायार्देश निर्गत है। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया वर्ष 2023-24 में कुल 6 हे० का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके आलोक में कुल 5.80 हे० कायार्देश निर्गत है ।

# आग लगने से मुर्गा फॉर्म जलकर हुआ खाक लाखों की संपति जलकर हुई राख



प्रातः किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर कल्याण पंचायत स्थित गोसी अमनौर गांव के पुरवारी गाछी में आग लगने से मुर्गा फर्म जलकर खाक हो गया।घटना गुरुवार के बीते रात्रि की है।लाखो की लागत से बॉस व फुसनुमा के बना मुगार्फार्म रात्रि में लह लह जल रहा था।आग की लाफ देख ग्रामीणों ने हो हल्ला किया।लोग लोटा बाल्टी लेकर दौरे आग पर काबू पाने की कोशिश की गई तबतक आग पूर्ण रूप से फैल चुका था।सबकुछ जलकर खाक हो गई।पीड़ित फार्म स्वामी गोसी अमनौर निवासी साहब महतो ने बताया कि रात्रि में हमलोगों के पड़ोस में लड़की की शादी थी।हमलोग उसी में लगे हुए थे।तभी यहां के कुछ लोगो ने आगलगी की सूचना दिया।आनन फानन में पहुँच पुलिस को फोन किया कोई नही उठाया।सब कुछ जलकर खाक हो गया।उन्होंने कहा गांव में लोगो से कर्ज लेकर फार्म खोला था।पैसा के अभाव में चूजा नही छोरा टेम्पू चलकर जीविकापार्जन करता हूं।अज्ञात लोगो ने दुश्मनी से आग लगा दिया होगा।आगलगी से उपस्कर बर्तन समेत लाखो रुपये की सामग्री जलने की बात कही।पीड़ित ने थाना में एक लिखित शिकायत करने की बात कही।

# जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए महानगर के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंकी : राजु वर्णवाल

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।जी.बी रोड,रमना स्थित समर्पण भवन में जदयू जिलाध्यक्ष महानगर गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अध्यक्षता में पार्टी की 53 वार्ड अध्यक्षों और सचिवों के साथ एक बैठक आहूत की गई है ।इस बैठक के दौरान आगामी 07 दिसंबर को गया के भुसुंडा मैदान में आयोजित होने वाले जिला कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता पर विस्तार से चर्चा की गई है ।इस बैठक को संबोधित करते हुए बरनवाल ने कहा कि गया शहर के 53 वार्डों से हजारों कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे, साथ ही उन्होंने जदयू वार्ड अध्यक्षों और सचिवों से सम्मेलन की तैयारी में जोर-शोर से जुटने का आह्वान किया है। इस दौरान कार्यकताओं को कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रत्येक वार्डो तक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया गया हू।

इस जिला सम्मेलन में मंत्री बिहार सरकार अशोक चौधरी भगवान सिंह कुशवाहा, रीना देवी, माननीय मंत्री सुमित सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह जी के नेतृत्व में भूसंडा ग्राउंड मानपुर में होना है। जदयू महानगर गया की ओर से बरनवाल ने गर्म जोशी के साथ बताया कि 7 दिसंबर को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नेताओं व कार्यकताओं ने ताकत झोंक दी है ।मगध प्रभारी अरुण कुशवाहा ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाना सभी कार्यकताओं की जिम्मेवारी है। जन-जन के नेता सीएम नीतीश ने जो बिहार में विकास किया है वो अद्वितीय है। पूरे देश में आज बिहार हर क्षेत्र में अग्रणी है। बरनवाल ने कहा कि पार्टी के आदेश पर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। बिहार की विकास योजनाओं का अनुसरण कई प्रदेश की सरकार कर रही है।

इस बैठक में नंदकिशोर कुशवाहा, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव , नगर के प्रभारी अरमान गुड्डू , प्रभात रंजन,नीरज वर्मा,बबलू बाबा, गोपाल प्रसाद, लालजी प्रसाद, सुनील शर्मा अधिवक्ता, फिरोजा खातून, राजू कुमार, बबन चंद्रवंशी, अर्जुन राम, संजू कुमार, अनुज वर्मा, सुबोध प्रसाद बरनवाल, विश्वनाथ प्रसाद बरनवाल, अमर दास,श्रीकांत प्रसाद,अजय सिंह, मोहम्मद शाकिर,रामबली प्रसाद बिंद, महेंद्र शर्मा, राजकुमार साह, नरेश दांगी सहित सैकड़ो जदयू के वरिष्ठ नेतागणों और कार्यकताओं की मौजूदगी रही हू।

# रेलवे में यूनियन के लिए हुए दो दिवसीय चुनाव हुआ संपन्न



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय रेल मे यूनियन के मान्यता के लिए हुए दो दिवसीय चुनाव आज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। आरा मे हुए चुनाव मे कुल 763 मे कल पहले दिन के मतदान मे 421 और आज शाम 5 बजे तक लगभग 200 रेलकर्मी ने भाग लिया!

इस चुनाव मे छः (06) पार्टी ने भाग लिया! इसके पूर्व 2007 और 2013 के चुनाव मे एक मात्र ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को मान्यता मिली थी। यूनियन के प्रचार मे यूनियन के कार्यकर्ता अपने अपने कैंप बनाकर प्रचार करते दिखे। ये चुनाव देशभर मे एकसाथ 04,05,06 हो रहा है जिसमे ट्रेन के ड्राईवर के लिए 06 दिसम्बर निर्धारित है. आरा स्टेशन पर सभी दलों ने अपना अपना प्रतिनिधियों के साथ तैनात दिखे। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय, शाखामंत्री नीरज कुमार सिंह, आर के सिंह, बिंध्याचल शर्मा, अशोक कुमार,राजेश कुमार सिंह, एस बी राय, प्रवीण कुमार, संजय दुबे, बिभोर उपाध्याय, बिरेंद्र यादव , समसाम अख्तर के साथ कई साथी उपस्थित थे. इस मौके पर मनोज कुमार पांडेय ने कहा की इस बार पुनःतीसरी बार सिंगल यूनियन के रूप मे ईसीआरकेयू जीतेगा

# प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का उदाकिशुनगंज स्टेडियम में आज से होगा भव्य शुभारंभ



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। क्रिकेट जगत में जिले के उदाकिशुनगंज अनुमंडल एक बड़ी शुरूआत करने जा रहा है। उदाकिशुनगंज में आज से आईपीएल की तर्ज. पर क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने जा रहा है। ज्ञात हो कि उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसबीजेएस हाई स्कूल के स्टेडियम खेल मैदान में शुक्रवार से डॉ. भीम राव आंबेडकर के पुण्य तिथि के अवसर पर उदाकिशुनगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का आयोजन किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्णिया सासंद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव होंगे। उक्त आशय की जानकारी आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट कमिटी के सचिव शाकिब अयाज ने दी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से क्रिकेट टूनार्मेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा।

टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच अमन एलेवन फारबिसगंज बनाम अनस एलेवन मुजफ्फरपुर के बीच मैच का आगाज होगा। कमिटी के संचालक नीतीश राणा ने बताया कि आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट मैच में कुल 8 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच में विजेता टीम को 81 हजार रुपया व ट्राफी प्रदान किया जाएगा। वहीं उप विजेता टीम को 51 हजार रुपया व ट्राफी दिया जाएगा। मौके पर उदाकिशुनगंज प्रीमियर लीग कमिटी के अध्यक्ष दुर्गा यादव, सचिव शाकिब अयाज, संचालक नीतीश राणा, कोषाध्यक्ष बरूण कुमार, वार्ड पार्षद संजय मार्शल, आर्मी एकेडमी के संचालक रवि राय सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# आईजी विकास वैभव ने मंदिर में की पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय।गुरुवार को सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पहुंचने पर लेट्स इंस्पायर बिहार के संयोजक आईजी विकास भैभव ने मंदिर मे पूजा अर्चना और रुद्रभिषेक किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की मंदिर मे पूजा अर्चना सुशीलचंद्र शास्त्री भूटकून बाबा बमबम बाबा राहुल बाबा पवन बाबा सदानंद बाबा ने मन्त्रोंउच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने अंग वस्त्र बुके और मंदिर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मंदिर सचिव विजयलाला मंदिर उप सचिव पप्पू सिंह ग्रामीण कार्य विभाग रऊड विनय कुमार हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ना सुप्रिया जैई अरुण कुमार शिवशंकर सिंह समाजसेवी संजीव चौधरी सोनल जी सुमंत तिवारी तीरलोकी साह सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर आईजी विकास भैभव ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और बेवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर मे हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है सोनपुर मेला मे बाबा हरिहरनाथ पर लाखो लोगो ने जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किया और सुख शांति की कामना की ज्ञात हो की बाबा हरिहरनाथ मंदिर पूरा देश पहला ऐसा मंदिर है जहाँ हरी और हर दोनों है इस मंदिर मे देश और विदेश के लोग भी पूजा करने बराबर आते रहते है स्वागत से आईजी साहब काफी खुश हुए और कहा की मंदिर मे आने के बाद बहुत अच्छा लगता है और मन को शांति मिलती है

### बंगलादेश हमले वहां के धार्मिक सहिष्णुता के ताने-बाने को नुकसान :मनिष

गया ।गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान के किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और यातनाओं के खिलाफ आयोजित प्रतिरोध महा धरना ऐतिहासिक गांधी मैदान के बाहरी परिसर में भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की है ।यह मारमत मानवाधिकारों के हनन और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आयोजित किया गया है। डॉ. मनीष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले न केवल वहां के धार्मिक सहिष्णुता के ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि मानवता के मूलभूत सिद्धांतों पर भी प्रहार कर रहे हैं ।प्रतिरोध धरना में उपस्थित लोगों ने इन घटनाओं पर गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीर चर्चा का विषय बननी चाहिए। डॉ. मनीष ने कहा कि भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उनके धार्मिक अधिकारों की रक्षा की जा सके। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा उन्होंने गांधीजी के विचारों को याद करते हुए कहा कि अहिंसा और न्याय की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर उन्होंने यह भी अपील की कि सभी समुदायों को मिलकर ऐसे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, ताकि दुनिया में शांति और समानता का माहौल बन सके। इस आयोजन ने सामाजिक एकजुटता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है । आज के धरना में भाजपा जिला राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता अजय कुमार तनी डॉ अनुज कुमार,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर सुनील बंबईया सारिका वर्मा इंदु प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए हैं।

### टूल किट एवं स्टडी किट का किया गया वितरण

मधेपुरा । श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत जिला नियोजनालय, मधेपुरा कार्यालय द्वारा मधेपुरा जिला के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने हेतु टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक-05.12.2024 (गुरुवार) को जिला नियोजनालय (संयुक्त श्रम भवन) मधेपुरा में किया गया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत जिला नियोजनालय, मधेपुरा में ठउर ढङ्ग१३’ पर निबंधित एवं मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल-18 (अठारह) अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टूल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही नियोजन सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्यूनतम पारिवारिक वार्षिक आय रू0 1,80,000 से कम है।

# बेडमिंटन खिलाडी को पीटने वाले एडीएम के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से नाराज युवा राजद ने जलाया एडीएम का पुतला




प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । मधेपुरा मे बेडमिंटन खिलाडी को पीटने वाले एडीएम के विरुद्ध सड़क पर उतरे युवा राजद कार्यकर्ता एडीएम का जलाया पुतला। बता दें कि एडीएम शिशिर कुमार मिश्रा पर कार्रवाई में विलम्ब होने से नाराज युवा राजद सड़क पर उत्तर कर एडीएम के विरुद्ध मौर्चा खोल दिया है गुरुवार को युवा राजद कार्यकताओं ने बस स्टेण्ड स्थित बिपी मंडल चौक पर एडीएम शिशिर कुमार मिश्रा का पुतला दहन किया साथ हीं मधेपुरा डीएम तरणजोत सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि डीएम एडीएम को बचा रहे है और जिला प्रशासन इस मामले को जानबूझ कर दबाने का प्रयास कर रहे हैं अगर बदमिजाज एडीएम कर कार्रवाई नहीं हुई तो युवा राजद आम पब्लिक के साथ चक्का जाम करेगा और सरकार के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन भी करेगा। इस कार्यक्रम के मौके पर युवा राजद के जिला अध्यक्ष मंजेश कुमार ने कहा कि मधेपुरा के तानाशाह एडीएम को शीघ्र निलंबित करे सरकार, अगर एडीएम के विरुद्ध जल्द कार्रवाई नहीं कि गयी तो राजद चरण बद्ध आंदोलन को बाध्य होगा जरूरत पड़ी तो पुरे जिले चक्का जाम भी किया जाएगा। दरअसल उन्होंने कहा कि विगत दिनों इंडोर स्टेडियम में मधेपुरा के तानाशाह एडीएम द्वारा जिस प्रकार से खिलाड़ियों के साथ दौड़ा दौड़ा कर मारपीट की और बदसलूकी की गयी यह लोकतंत्र की तोहिन है।

# आइसा का एसबीएएन महाविद्यालय में अनिश्चितकालीन घेराबंदी का दूसरे दिन प्राचार्य से वार्ता के बाद हुआ समापन

## एसबीएएन महाविद्यालय के सवाल पर 10 को मगध विश्वविद्यालय का घेराव करेगा आइसा

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) एसबीएएन कॉलेज डरहेटा लारी में छात्रों का दूसरा दिन भी धरना जारी रहा,धरना को संबोधित करते हुए आइसा राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि कॉलेज प्रशासन द्वारा नामांकन प्रक्रिया में जो अनियमितता दिखी है, प्राचार्य मेघन प्रसाद ने अवैध वसूली व मनमानी कर प्रथम और द्वितीय मेरिट लिस्ट में चयनित बच्चों का नामांकन स्पोट कोटा में बिना अप्लाई किए हुए नामांकन करने का आरोप पर उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो। छात्रों के नामांकित विषयों में फेर बदल की जा रही है। सैकड़ो छात्रों का भविष्य अंधकारमय में है। इसलिए जब तक सभी बच्चों का नामांकन, रजिस्ट्रेशन, व लिए गए चयनित विषयों की पुष्टी नही की जाती है। सत्र 2024-28 के आंतरिक परीक्षा को रद्द किया जाए। प्राचार्य द्वारा दिखाए गए आफिसियल दस्तावेज से आंदोलनकारी नेता असंतुष्ट है। कॉलेज प्रशासन का भ्रष्टाचार गरीब-दलित को उच्च शिक्षा से वंचित कर रहा है। ऐसे कई समस्या है जो छात्रों के जीवन को प्रभावित कर रहा है, प्राचार्य के धांधली के खिलाफ व वंचित एससी-एसटी छात्राएं सहित अन्य वर्गों की छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करने को लेकर आइसा दस दिसम्बर को मगध विश्वविद्यायल का घेराव करेगी।

राज्य सचिव सबीर कुमार व भाकपा-माले कुर्था के प्रखंड सचिव अवधेश यादव सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार व राज्यपाल के सरगना में मगध विवि. के कुलपति महोदय ने उच्च शिक्षण संस्थानों की तस्वीर बदलना चाहते है। गरीब-दलित वर्ग के सैकड़ो छात्रों से मनमानी रकम लेकर उनको नामांकन से वंचित रखा है,छात्राओं की सभी समस्याएं से कुलपति महोदय के संज्ञान में दिया गया था। लेकिन छात्रों के प्रति असंवेदनशील है कॉलेज प्रशासन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है जो इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,इसको लेकर अगला घेराव मगध विश्वविद्यालय के घेराव तथा बिहार सरकार एवं राजपाल के पास जायेंगे,और छात्रों का हक दिलवाकर रहेंगे ।जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा प्रतिनिधि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी परमानंद पासवान ने सारी विंदू पर बात करने के बाद प्राचार्य के द्वारा सही गलत होने पर ऊपर लिखने की बात बोले,आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडन प्राचार्य से मिले,जिसमें प्रीति कुमारी,शबीर कुमार,अवधेश यादव,जिला परिषद महेश यादव,रंजना कुमारी आदि थे।

# अशिवनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली और रोड-सह-रेल निरीक्षण वाहन का जायजा लिया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना नई दिल्ली। रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अशिवनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली और रोड-सह-रेल निरीक्षण वाहन (आरसीआरआईवी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) श्री नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा तथा रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे व आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

श्री अशिवनी वैष्णव ने घोषणा की कि व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए सभी रेलवे जोनों में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव में सुधार के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। माननीय मंत्री ने ट्रैक रखरखाव के लिए ट्रैकमैन एवं अन्य रेलकर्मियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस और आरसीआरआईवी के उपयोग से अब ट्रैकमैन के पास रियल टाइम डेटा तक पहुंच होगी, इससे उनका काम आसान, सुरक्षित और अधिक कुशल हो जाएगा।

### पृष्ठभूमिः इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम

इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम (क्ळटर) एक ऐसा सिस्टम है, जो ट्रैक रिकॉर्डिंग कार (ळफ्छ) पर लगाया जाता है। यह 20-200 किमी/घंटे की गति सीमा में ट्रैक के पैरामीटर्स को रिकॉर्ड और मॉनिटर करने की क्षमता रखता है। क्ळटर विभिन्न तकनीकों को जोड़कर रेलवे ट्रैक के पैरामीटर्स की मॉनिटरिंग और माप करता है, जिससे रेल संचालन सुरक्षित और कुशल बनता है। इस सिस्टम में निम्नलिखित उपकरण शामिल हैं:

यह सिस्टम इन उपकरणों से डेटा इकट्ठा करने, उसका विश्लेषण करने और प्रोसेस करने के लिए डेटा एनालिटिक्स और एकीकृत सॉफ़्टवेयर का उपयोग करता है।

भारतीय रेलवे के ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम के साथ जोड़ा गया है, ताकि प्रत्येक ट्रैक रिकॉर्डिंग रन की रिपोर्ट पोर्टल पर उपलब्ध हो। 2022-23 और 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे पर 03 क्ळटर शुरू किए गए हैं। जो भारतीय रेलवे की ट्रैक लंबाई के 2.54 लाख किमी वार्षिक दायित्व के लिए अनिवार्य ट्रैक रिकॉर्डिंग के लिए आवश्यक हैं। यह सिस्टम अधिकारियों के लिए बेहद सहायक है क्योंकि यह खराब जगहों की तत्काल ट्रैक देखभाल के लिए रियल टाइम अलर्ट रटर और ईमेल प्रदान करता है। ट्रैक जियोमेट्री मापन प्रणाली- यह बिना संपर्क वाले लेजर सेंसर और हाई-स्पीड कैमरों की मदद से जड़त्वीय सिद्धांत का उपयोग करके गेज, कैंट, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर संरेखण जैसे ट्रैक जियोमेट्री पैरामीटर्स का मापन करता है।

समग्र रेल प्रोफाइल और वियर मापन प्रणाली- यह बिना संपर्क वाले लेजर सेंसर और हाई-स्पीड कैमरों की मदद से पूरे रेल प्रोफाइल और वियर का मापन करके रेल की स्थिति की निगरानी करता है। ट्रैक कंपोनेंट कंडीशन मॉनिटरिंग- यह वीडियो निरीक्षण के माध्यम से ट्रैक घटकों (जैसे रेल, स्लीपर, फास्टनिंग, बैलास्ट) में दोषों की पहचान करता है। यह लूज/मिसिंग ट्रैक फिटिंग्स की पहचान के लिए लाइन स्कैन कैमरों और मशीन लर्निंग का उपयोग करता है। एक्सेलेरेशन मापन- एक्सेलेरोमीटर के माध्यम से एक्सल बॉक्स और कोच फ्लोर स्तरों पर एक्सेलेरेशन का मापन करता है, जिससे राइड क्वालिटी और खराब स्थानों की पहचान की जाती है।

रियर विंडो वीडियो रिकॉर्डिंग- हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों की मदद से ट्रैक की स्थिति और आसपास के वातावरण की निगरानी करता है, जिससे ट्रैक डिफेक्ट्स और एसेट्स का संबंध स्थापित किया जा सके।

रेल-सह-रोड निरीक्षण वाहन (फ्ठफ्क्र) को टाटा योद्धा मॉडल से संशोधित किया गया है, जिसमें पीछे की तरफ दो लोहे के पहिये (750 मिमी व्यास) और आगे की तरफ 2 लोहे के पहिये (250 मिमी व्यास) हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें 3 कैमरे हैं जो ट्रैक को रिकॉर्ड करेंगे, जिसका

# मेगन स्कट ने उड़ाई भारत की नींद

## पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने दी हरमनप्रीत की टीम को मात



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहले वनडे में पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबानों ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 0-1 से बढ़त बना ली है। अब भारत की नजर दूसरे वनडे पर होगी, जो आठ दिसंबर को ब्रिसबेन में ही खेला जाएगा। बता दें कि, गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 34.2 ओवर में 10 विकेट पर 100 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाए और 202 गेंदों के शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत शानदार हुई। पहले विकेट के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल के बीच 48 रन की साझेदारी हुई। रेणुका सिंह ने सातवें ओवर में फीबी को अपना शिकार बनाया। वह 29 गेंदों में 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। वहीं, दाएं हाथ की बल्लेबाज जॉर्जिया 46 रन बनाकर नाबाद रहीं। इन दोनों के अलावा मेजबान टीम की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। एलिस पेरी एक, बेथ मूनी एक, एनाबेल सदरलैंड छह, एश्ले गार्डनर आठ और ताहलिया मैक्ग्रा ने चार रन बनाए। कप्तान मैक्ग्रा नाबाद रहीं। भारत के लिए रेणुका सिंह ने तीन और प्रिया मिश्रा ने दो विकेट चटकाए।

**भारत की पारी** – इस मैच में भारत का बल्लेबाजी क्रम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। टीम को शुरुआती झटके स्कट ने ही दिए। उन्होंने पहले स्मृति मंधाना (8) को बेथ मूनी के हाथों कैच कराया। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया पूनिया को एश्ले गार्डनर से कैच आउट कराया। वह सिर्फ तीन रन ही बना सकीं। इस मुकाबले में जेमिमा रोड्रिग्स ने भारत की तरफ से सर्वाधिक 23 रनों की पारी खेली। उनके अलावा हरलीन देओल ने 19 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 17 रन बनाए। ऋचा घोष 14 रन बनाकर आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीप्ति शर्मा ने एक, साइमा ठाकोर ने चार, तितास साधु ने दो रन बनाए। वहीं, प्रिया मिश्रा अपना खाता भी नहीं खोल पाईं जबकि रेणुका बिना कोई रन बनाए नाबाद रहीं। मेजबानों के लिए स्कट ने पांच विकेट लिए जबकि किम गार्थ, एश्ले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और एलाना किंग को एक-एक सफलता मिली।

# एडिलेड में भारत-आस्ट्रेलिया आज से दूसरा टेस्ट मैच

## पिंक बॉल से टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत

**एडिलेड (एजेंसी)।** पहले टेस्ट में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम शुक्रवार से एडिलेड में दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुलाबी गेंद से अपने रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम पर भी निगाह टिकी रहेगी और वह मध्यक्रम में उतरेंगे।

हेड टू हेड
कुल टेस्ट - 108
भारत - 33 जीत
ऑस्ट्रेलिया - 45 जीत
ड्रॉ - 29
टाई - एक

पिच रिपोर्ट

एडिलेड ओवल की पिच संतुलित मुकाबले का वादा करती है। परंपरागत रूप से अपनी खुरदरी, चटाई जैसी घास और कम मिट्टी की सामग्री के लिए जानी जाने वाली यह पिच मैच के शुरुआती दौर में तेज गेंदबाजों को सहायता प्रदान करती है जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, पिच आमतौर पर सपाट हो जाती है, जिससे बल्लेबाजों को अधिक स्वतंत्र रूप से रन बनाने की अनुमति मिलती है यदि वे टिक सकें।

स्पिन से भी भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर बाद के चरणों में क्योंकि सूखी सतह टर्न और ग्रिप में सहायक होती है। भारत रोशनी के नीचे की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए अपने गेंदबाजों पर निर्भर करेगा जबकि यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के फॉर्म से मजबूत उनके बल्लेबाज ठोस साझेदारी बनाने का लक्ष्य रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया मिशेल स्टार्क की अगुआई में अपने दुर्जेय तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन विभाग में हमेशा भरोसेमंद नाथन लियोन के साथ परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगा।



**मौसम** – शुक्रवार को दोनों टीमों के लिए बादल छाए रह सकते हैं। 6 दिसंबर को दोपहर 1 बजे एडिलेड टाइम (सुबह 8 बजे आईएसटी) पर आंधी आने की संभावना है। हालांकि टॉस के समय, दोपहर 2 बजे एडिलेड टाइम यानी सुबह 9 बजे आईएसटी तक मौसम साफ होने की उम्मीद है। पांच दिनों (6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक) में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

**एडिलेड ओवल में टॉस जीतने वाली टीम जीतती है** – ऐतिहासिक रूप से एडिलेड ओवल में टॉस जीतने वाली टीमों के लिए मिश्रित परिणाम देखे गए हैं। यहां खेले गए 6 दिन/रात टेस्ट में से टॉस जीतने वाली टीम केवल तीन बार विजयी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने इस प्रतिष्ठित स्थल पर 6 दिन/रात टेस्ट में से तीन जीते हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग 11** – पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

**भारतीय संभावित 11** – यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुबमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज

**रोहित के बल्लेबाजी क्रम पर रहेगी नजरें** – पहले टेस्ट में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुलाबी गेंद से अपने रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम पर भी निगाह टिकी रहेगी और वह मध्यक्रम में उतर सकते हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन के लिए निजी कारणों से पहले टेस्ट मैच में नहीं खेलने वाले रोहित और चोट से उबर कर वापसी करने वाले शुभमन गिल के लिए बल्लेबाजी क्रम में जगह तय करना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट मैच में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

यह पहला अवसर नहीं है जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अच्छा प्रदर्शन किया हो। इससे पहले वह पिछले दो अवसरों पर भी ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर श्रृंखला में हरा चुका है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से लबरेज है।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होना लगभग तय है। अगर कैनबरा में खेले गए अभ्यास मैच को संकेत माने तो फिर रोहित मध्य क्रम में उतर सकते हैं ताकि अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल पारी का आगाज कर सकें। रोहित ने 2019 से सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभानी शुरू की थी जिससे उनके टेस्ट करियर को नई दिशा मिली लेकिन वह टीम हित में यहां महत्वपूर्ण फैसला कर सकते हैं।

रोहित का बल्लेबाजी क्रम कुछ भी हो, वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और गिल अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे। अंगूठे की चोट से उबर कर वापसी करने वाले गिल अभ्यास मैच में अच्छी लय में दिख रहे थे।

# प्रमुख भारतीय क्रिकेटर जो धोनी से नहीं करते बात, एक ने तो हाल ही में किया खुलासा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक एमएस धोनी का खिलाड़ी और कप्तान दोनों के रूप में शानदार करियर रहा है। अपने शांत स्वभाव और मजबूत नेतृत्व के लिए जाने जाने वाले धोनी के अपने साथियों के साथ रिश्ते आम तौर पर अच्छे रहे हैं, लेकिन यह देखा गया है कि कुछ भारतीय क्रिकेटर पेशेवर मतभेदों के कारण उनसे बात नहीं करते हैं। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने हाल ही में खुलासा किया कि वह अब धोनी से बात नहीं करते हैं। हरभजन के साथ ही कई अन्य क्रिकेटर भी हैं जो धोनी से बात नहीं करते।

**गौतम गंभीर** – इस अटकलबाजी से अक्सर जुड़ा एक प्रमुख नाम गौतम गंभीर है। 2007 और 2011 में भारत की विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विस्फोटक बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से धोनी की आलोचना की है, खासकर उनकी कप्तानी के आखिरी चरणों के दौरान लिए गए फैसलों को लेकर। गंभीर की तीखी राय ने तनावपूर्ण संबंधों की अटकलों को हवा दी है।

गंभीर के लिए विवाद का एक और मुद्दा यह है कि धोनी को अक्सर भारत की 2011 विश्व कप जीत सुनिश्चित करने वाले प्रतिष्ठित छक्के का श्रेय दिया जाता है। कथित तौर पर इससे गंभीर नाराज हैं, उनका दृढ़ विश्वास है कि जीत व्यक्तिगत प्रतिभा के बजाय सामूहिक टीम प्रयास थी।

गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया में 2012 सीबी सीरीज के दौरान धोनी द्वारा शुरू की गई विवादास्पद रोटेशन नीति पर अपनी नाराजगी के बारे में भी आगे रहे हैं। नीति का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में 2015 विश्व कप के लिए दीर्घकालिक योजना के हिस्से के रूप में रोहित शर्मा सहित युवा प्रतिभाओं के लिए जगह बनाने के लिए गंभीर, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को रोटेट करना था। गंभीर ने इस दृष्टिकोण की आलोचना की, क्योंकि इसने टीम के संतुलन को बिगाड़ दिया और अनुभवी खिलाड़ियों को दरकिनार कर दिया।



**युवराज सिंह** – भारत के सबसे महान ऑलराउंडरों में से एक युवराज सिंह के बारे में भी माना जाता है कि उनका धोनी के साथ मतभेद था। भारत की 2011 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद युवराज को लगा कि कैंसर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के दौरान उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। पिछले साल रिलीज हुए रणवीर इलाहाबादिया पॉडकास्ट के दौरान युवराज ने खुलासा किया कि धोनी के साथ उनकी दोस्ती मुख्य रूप से क्रिकेट की वजह से थी, क्योंकि उनकी अलग-अलग जीवनशैली का मतलब था कि वे अन्यथा दोस्त नहीं बन सकते थे। उनके तनावपूर्ण संबंधों में महत्वपूर्ण कारक युवराज के पिता योगराज सिंह थे, जो अक्सर सार्वजनिक रूप से धोनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करते रहते हैं।

**हरभजन सिंह** – 103 टेस्ट मैचों में 417 विकेट लेकर भारत के सबसे महान ऑफ स्पिनरों में से एक हरभजन सिंह ने धोनी की कप्तानी में अपार सफलता हासिल की, जिसमें 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ उनका कार्यकाल शामिल है। हालांकि हरभजन ने हाल ही में खुलासा किया कि वह 10 साल से धोनी से बात नहीं कर रहे हैं। हालांकि अनुभवी स्पिनर ने अपने मतभेदों के पीछे के कारणों पर गहराई से चर्चा नहीं की, लेकिन उन्होंने उल्लेख किया कि सीएसके के साथ अपने समय के दौरान उनकी बातचीत मैदान तक ही सीमित थी।

पूर्व ऑफ स्पिनर ने यह भी खुलासा किया कि धोनी उनके कॉल का जवाब नहीं देते हैं, जो दोनों के बीच संवाद की कमी का संकेत देता है। उनकी साझा सफलताओं के बावजूद हरभजन की टिप्पणियों से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनके रिश्ते में दूरियां बढ़ी हैं। इन अटकलों ने सुर्खियां बटोरी हैं, लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इनमें से किसी भी खिलाड़ी ने पूरी तरह से दुश्मनी की पुष्टि नहीं की है और इस तरह की गतिशीलता अक्सर प्रतिस्पर्धी खेलों का हिस्सा होती है।

# पंजाब के सलामी बल्लेबाज ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगाया सबसे तेज शतक



**राजकोट (एजेंसी)।** पंजाब के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ रिकार्ड 28 गेंद में शतक जड़ा। इसी के साथ वह विल पटेल के साथ सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए हरनूर सिंह के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अभिषेक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और 11 छक्के लगाए। पंजाब ने अभिषेक की इस आक्रामक पारी की बदौलत 9.3 ओवर में ही तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। पंजाब की यह ग्रुप ए में सात मैचों में से पांचवीं जीत है और नॉकआउट में जाने के लिए उसने इस जीत के साथ अपने नेट रन रेट में भी बढ़ाया है।

28 गेंद में लगाया गया यह शतक अब विश्व में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज शतक है। सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इस्तोनिया के साहिल चौहान के नाम है। साहिल चौहान ने इस वर्ष जून में साइप्रस के खिलाफ 27 गेंद में शतक लगाया था। इससे पहले मेघालय ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 142 रन का स्कोर खड़ा किया था। मेघालय के अर्पित भटेवरा ने सर्वाधिक (31) रन बनाये। योगेश तिवारी (20), लैरी संगमा (21), जसकीरत सिंह (15), इबितलांग थाबाह (17) और एरियन संगमा (13)रन बनाकर आउट हुए।

## जूनियर एशिया कप 2024

# भारत के नाम, अराइजीत हुंदल के 4 गोल, पाकिस्तान फाइनल में हारा

**मस्कट (एजेंसी)।** अराइजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर खिताब की हैट्रिक बनाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का 5वां खिताब है। इससे पहले भारत ने 2004, 2008, 2015 और 2023 में यह खिताब जीता था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया गया। हुंदल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में 3 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा। भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने 2 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल किया। इससे पहले जापान ने मलेशिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पाकिस्तान ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली।

# मैं हाथ उठाकर बोल सकता हूं बुमराह अभी तीनों फार्मेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है : रिकी पोंटिंग

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की 'सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज' के रूप में सराहना की है। पिछले हफ्ते बुमराह की कप्तानी में भारत ने पर्थ के मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट में 295 रनों की जीत हासिल की थी। बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर रोक दिया था। फ्रंट-लाइन पेसर मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति में बुमराह ने सिराज, हर्षित राणा और नितीश रेड्डी के साथ शानदार गेंदबाजी की।



बहरहाल, पोंटिंग ने कहा कि कप्तान के लिए खड़ा होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि उसने सभी को दिखाया कि वह खेल के सभी प्रारूपों में स्पष्ट रूप से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज क्यों है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को फायदा हुआ क्योंकि भारत 150 रन पर आउट हो गया। लेकिन इसके बाद बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को तोड़ दिया, जिससे उनका स्कोर 19/3 हो गया, नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा और स्टीवन स्मिथ सभी पहले सात ओवरों के अंदर उनके शिकार बन गए।

पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे उन्होंने टेस्ट में खुद को हर दूसरे खिलाड़ी से अलग दिखाया। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने वहां क्या किया, न केवल पहली पारी में बल्कि पूरे खेल में? उनकी गति, उनकी निरंतरता, गेंद को हिलाने की उनकी क्षमता, लगातार स्टंप्स को चुनौती देने और स्टंप्स को हिट करने की उनकी क्षमता, यह उनके और बाकी गेंदबाजों के बीच का अंतर था। जब पोंटिंग से बुमराह के कद के बारे में उनकी राय पूछी गई तो वह भड़क गए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह निश्चित तौर पर भारत के महानतम तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले के कई महान खिलाड़ियों ने तीनों प्रारूपों में उतना नहीं खेला जितना उन्होंने खेला है।

पोंटिंग ने कहा कि मैं अपना हाथ ऊपर उठाकर कह सकता हूं कि टी20 क्रिकेट, वनडे क्रिकेट और टेस्ट मैच क्रिकेट में वह अभी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं। पोंटिंग ने कहा कि यह सब विकेट के बारे में नहीं है। यह लंबे समय तक उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के बारे में है। हमने दूसरे दिन देखा जब उसे सही परिस्थितियां मिलती हैं, वह कितना अच्छा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर वह वैसे ही चलते रहे जैसे वह हैं, तो बहुत सारे लोग वही कहेंगे जो ग्लेन मैक्सवेल ने कहा था।

## शिखर धवन जन्मदिन विशेष

# करियर के आंकड़े और गब्बर नाम के पीछे की कहानी जानें

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आज 5 दिसंबर 2024 को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। 2000 के दशक के अंत में अपने स्टाइलिश स्ट्रोकप्ले और प्रभावशाली प्रदर्शन से प्रमुखता हासिल करने वाले धवन ने जल्द ही भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बना ली। 2010 में एक यादगार शुरुआत के बाद उन्होंने 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में चमक बिखेरी। आइए इस खास अवसर पर स्टार क्रिकेटर के करियर और आंकड़ों पर नजर डालते हैं-



उन्होंने सभी प्रारूपों में 269 मैचों में मेन इन ब्लू का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 24 शतकों के साथ 10,867 रन बनाए। धवन ने भारत के साथ 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती। शिखर धवन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी शानदार करियर का लुत्फ उठाया। भारतीय ओपनर ने इस फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट में 222 से ज़्यादा मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 35.26 की औसत से 6769 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में 51 अर्धशतक और दो शतक बनाए हैं।

**गब्बर नाम कैसे पड़ा** – शिखर धवन के 'गब्बर' निकनेम की उत्पत्ति अपने शानदार क्रिकेट करियर में बेहतरीन पारियों की वजह से हुई। उन्होंने निकनेम के पीछे की कहानी का खुलासा किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, %मैं रणजी ट्रॉफी में खेल रहा था और सिली पॉइंट पर बैठा था। जब दूसरी टीम बड़ी साझेदारी करती है, तो खिलाड़ी नीचे बैठ जाते हैं। जब मैं बैठा होता था, तो मैं चिल्लाता था, 'बहुत याराना है साला' और हर कोई हंसने लगता था। हमारे कोच (विजय) ने यहीं से मेरा नाम गब्बर रख दिया। वहां से यह नाम इतना मशहूर हो गया कि अब दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसक मुझे गब्बर ही कहते हैं।

शिखर धवन का रिटायरमेंट के बाद का जीवन

शिखर धवन ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय जर्सी पहनी थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दो साल की अनुपस्थिति के बाद धवन ने आधिकारिक तौर पर 2024 में अपने रिटायरमेंट की घोषणा की। संन्यास के बाद वह कई गतिविधियों में शामिल रहे हैं। वह लीजेंड्स क्रिकेट लीग (एलएलसी) में शामिल हुए जहां उन्होंने गुजरात ग्रेट्स का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने हाल ही में नेपाल प्रीमियर लीग में कर्णाली याक्स स्टार के रूप में अपनी शुरुआत की।

क्रिकेट के अलावा शिखर धवन वन ग्रुप के साथ व्यावसाय में शामिल हैं। वह साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स नामक दिल्ली प्रीमियर लीग टीम के मालिक हैं। धवन ने फिटनेस सेंटर, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट लाइन और वेलनेस ब्रांड की एक श्रृंखला में निवेश किया है। वह भविष्य में कमेंट्री पर भी विचार कर रहे हैं।

# भानु पनिया की तूफानी पारी से बड़ौदा ने रचा इतिहास, बनाए 349 रन

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बनाया सबसे बड़ा स्कोर, ठोके 51 गेंद में नाबाद 134 रन



**बड़ौदी (एजेंसी)।** बड़ौदा ने गुरुवार को टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाते हुए इतिहास रच दिया है। इंदौर में सिक्किम के खिलाफ 20 ओवर में 5 विकेट पर 349 रन बनाते हुए बड़ौदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 300 से अधिक स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गई। जिम्बाब्वे ने इस प्रारूप में सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड बनाया, जब उसने इस साल अक्टूबर में गाम्बिया के खिलाफ 344 रन बनाए थे। पिछले सीजन के उप-विजेता बल्लेबाज भानु पनिया ने मात्र 42 गेंदों पर शतक पूरा किया जबकि कुल 51 गेंदें खेलते हुए 134 रन बनाकर नाबाद रहे। अभिमन्यु सिंह, विष्णु सोलंकी और शिवालिक शर्मा ने भी अर्धशतक जड़े। टूर्नामेंट में पहले राउंड में खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया। टूर्नामेंट में पिछला सर्वोच्च टीम स्कोर पंजाब के नाम था, जिसने पिछले संस्करण में आंध्र के खिलाफ 275 रन बनाए थे।

### टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च टीम स्कोर

बड़ौदा 349/5 बनाम सिक्किम - 2024
जिम्बाब्वे 344/4 बनाम गाम्बिया - 2024
नेपाल 314/3 बनाम मंगोलिया - 2023
भारत 297/6 बनाम बांग्लादेश - 2024

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रांस के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार, सरकार गिरी

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस में फ्रांस अनबोड पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव को अधिकतर सांसदों का समर्थन प्राप्त होने के बाद सरकार गिर गयी। स्थानीय मीडिया की बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, कुल 331 प्रतिनिधियों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि इसे स्वीकृत माने जाने के लिए करीब 288 मतों की आवश्यकता थी।

### सीरिया की सेना ने पिछले दिन 120 आतंकवादियों को मार गिराया: रूसी सेना

मास्को, एजेंसी। सीरिया के सशस्त्र बलों ने रूस के सशस्त्र बलों की सहायता से पिछले दिन 120 आतंकवादियों को मार गिराया और 24 वाहनों को नष्ट कर दिया। रूसी सशस्त्र बलों के मुख्य सैन्य राजनीतिक निदेशालय के उप प्रमुख ओलेग इग्नास्युक ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा है, सीरिया और रूस की सेना ने पिछले दिन, सभा स्थलों, चौकियों, आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और बम हमले किये। इसमें 120 आतंकवादी मारे गये और 24 वाहन, एक टैंक तथा एक गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिया गया।

### ईरान में लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट की मौत

तेहरान (ईरान), एजेंसी। ईरान का एक लड़ाकू विमान बुधवार को देश के दक्षिणी हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने पायलटों की पहचान कर्नल हामिद रजा रंजबार और कर्नल मनौचेहर पीरजादे के रूप में की है। उसने बताया कि विमान की मरम्मत के बाद पायलट परीक्षण उड़ान पर थे। यह दुर्घटना राजधानी तेहरान से लगभग 770 किलोमीटर दक्षिण में फिरोजाबाद शहर के पास हुई। रिपोर्ट में विमान के प्रकार या दुर्घटना के कारण के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया। ईरान की वायु सेना के पास 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले खरीदे गए अमेरिका निर्मित कई सैन्य विमान हैं। टॉमकैट एफ-14 अमेरिका निर्मित विमान है, ईरान के पास रूस निर्मित मिग और सुखोई विमान भी हैं। दशकों से पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण देश को विमान के स्पेयर पार्ट्स (खराब हुए पुर्जों की जगह नए पुर्जे) प्राप्त करना और पुराने विमानों का रखरखाव करना मुश्किल हो रहा है।

### कम से कम आठ अमेरिकी दूरसंचार कंपनियां, कई देश चीन के हैकिंग अभियान से प्रभावित: व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। कम से कम आठ अमेरिकी दूरसंचार कंपनियां और कई देश चीन के हैकिंग अभियान से प्रभावित हुए हैं। व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐनी न्यूबर्गर ने व्यापक चीनी हैकिंग अभियान के बारे में नए विवरण पेश किए। विवरण के अनुसार, चीन के इस हैकिंग अभियान के कारण बीजिंग में अधिकारियों को अज्ञात संख्या में अमेरिकियों के निजी संदेशों और फोन पर होने वाली बातचीत तक पहुंच प्राप्त हुई थी। न्यूबर्गर ने हैकिंग के इस मामले का खुलासा संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और साइबर सुरक्षा एवं अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी द्वारा हैकिंग और उससे जुड़े लोगों को जड़ से उखाड़ने तथा भविष्य में इसी प्रकार की साइबर जासूसी को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी करने के एक दिन बाद किया। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने आगाह किया कि प्रभावित दूरसंचार कंपनियों और देशों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

### अमेरिकी सांसदों ने प्रति देश परिवार-आधारित आव्रजन सीमा बढ़ाने के लिए विधेयक पेश किया

वाशिंगटन,। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटरों ने बुधवार को एक विधेयक पेश किया जिसका उद्देश्य अप्रवासी परिवारों को फिर से एकजुट करना तथा प्रति देश परिवार-आधारित आव्रजन सीमा को बढ़ाना है, जिससे भारत और चीन जैसे एकल देश में जाने के लिए अधिक वीजा की अनुमति मिल सके। सीनेट न्यायिक समिति की सदस्य सीनेटर माजी के. हिरोनो और टैमी डकवर्थ द्वारा प्रस्तुत रियूनाइटिंग फैमिलीज एक्ट देश की आव्रजन प्रणाली में परिवारों को एकजुट करेगा, परिवार आधारित आव्रजन संबंधी लंबित मामलों को कम करेगा तथा कानूनों को अद्यतन करेगा, ताकि यह पता चल सके कि परिवार किस प्रकार अमेरिका में प्रवास करते हैं। विधेयक में सीनेटर हिरोनो का फिलिपीनो वेटेरन्स फैमिली रीयूनिफिकेशन एक्ट भी शामिल है।

## अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के मामूली संकेत, लेकिन सुधार अब भी मुश्किल : विश्व बैंक

प्रात: किरण/ एजेंसी




काबुल। विश्व बैंक ने कहा है कि दो वर्षों के गंभीर संकुचन के बाद अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के मामूली संकेत दिख रहे हैं, लेकिन सुधार अब भी मुश्किल है।वित्तीय संस्था ने बुधवार देर रात दी अद्यतन जानकारी में बताया, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 2.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि निजी खपत की वजह से है। आंशिक सुधार खाद्य कीमतों में गिरावट के साथ धीरे-धीरे घरेलू कल्याण में सुधार करने में मदद करता है। अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने से पहले काफी हद तक विदेशी सहायता पर निर्भर थी और भ्रष्टाचार व्याप्त था। तालिबान के सत्ता की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद अर्थव्यवस्था चरमरा गई क्योंकि अरबों डॉलर के अंतरराष्ट्रीय कोष फ्रीज हो गए। बड़ी संख्या में कौशल वाले अफगानिस्तान के नागरिक देश छोड़कर भाग गए और अपना पैसा अपने साथ ले गए। अफगानिस्तान के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर फारिस हदाद-जर्वोस ने कहा कि दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं के लिए घरेलू निजी क्षेत्र की पर्याप्त क्षमता का दोहन करना और समग्र कारोबारी माहौल में सुधार करना आवश्यक है। हदाद-जर्वोस ने कहा, इसके लिए निवेश बढ़ाना, छोटे व्यवसायों को वित्त तक पहुंच प्रदान करना और शिक्षित तथा कुशल महिला उद्यमियों को समर्थन देना जरूरी है, ताकि उनके व्यवसाय फल-फूल सकें। उन्होंने कहा, इसके बिना देश में लंबे समय तक स्थिरता का जोखिम बना रहेगा और सतत विकास की संभावनाएं सीमित रहेंगी। तालिबान के शैक्षणिक संस्थानों को महिलाओं तथा लड़कियों को चिकित्सकीय प्रशिक्षण देना बंद करने का आदेश देने संबंधी मीडिया खबरों के कुछ दिन बाद विश्व बैंक की यह रिपोर्ट आई है। हालांकि तालिबान ने न तो आदेश की पुष्टि की है और न ही खबरों पर कोई प्रतिक्रिया दी है। संयुक्त राष्ट्र की बच्चों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूनिसेफ की प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कथित प्रतिबंधों से बहुत चिंतित हैं। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि यूनिसेफ इन भिन्न-भिन्न विवरणों की सत्यता का पता लगा रहा है तथा इस मुद्दे के समाधान के लिए प्रयासों का स्वागत करता है। यदि इस प्रतिबंध की पुष्टि हो जाती है, तो हजारों महिलाओं की चिकित्सा शिक्षा तत्काल रुक जाएगी। महिलाओं तथा लड़कियों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने आगाह करते हुए कहा, इससे न केवल महिलाओं की समाज में योगदान देने और आय अर्जित करने की क्षमता सीमित हो जाएगी, बल्कि अफगानिस्तान की आबादी के स्वास्थ्य पर भी इसके दूरगामी परिणाम होंगे। लोगों का जीवन भी खतरे में आ जाएगा।

# ट्रंप ने पूर्व सहयोगी पीटर नवारो को ट्रेड एडवाइजर किया नियुक्त

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हार्वर्ड से प्रशिक्षित अर्थशास्त्री नवारो ने ट्रंप के पहले प्रशासन में काम किया था, जहां उन्होंने नव निर्मित राष्ट्रीय व्यापार परिषद और फिर व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ ट्रेड एंड मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का संचालन किया था। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, मेरे पहले कार्यकाल के दौरान, मेरे दो पवित्र नियमों, बाय अमेरिकन, हायर अमेरिकन को लागू करने में पीटर से अधिक प्रभावी या दृढ़ निश्चयी कोई नहीं था।

प्रात: किरण/ एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके पूर्व सहयोगी पीटर नवारो उनके शासन में व्यापार एवं विनिर्माण के लिए वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हार्वर्ड से प्रशिक्षित अर्थशास्त्री नवारो ने ट्रंप के पहले प्रशासन में काम किया था, जहां उन्होंने नव निर्मित राष्ट्रीय व्यापार परिषद और फिर व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ ट्रेड एंड मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का संचालन किया था। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, मेरे पहले कार्यकाल के दौरान, मेरे दो पवित्र नियमों, बाय अमेरिकन, हायर अमेरिकन को लागू करने में पीटर से अधिक प्रभावी या दृढ़ निश्चयी कोई नहीं था। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कट्टर सहयोगी नवारो को चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी, जब एक संघीय जूरी ने उन्हें 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल (संसद परिसर) हमले की जांच करने वाली कांग्रेस समिति द्वारा जारी किए गए सम्मन का पालन करने में विफल रहने का दोषी पाया था। जुलाई में रिहा होने के तुरंत बाद, उन्होंने रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में भाषण दिया था। ट्रंप ने अपनी घोषणा में कहा था कि नवारो के साथ डीप स्टेट, या जो भी आप इसे कहना चाहें, द्वारा बहुत बुरा व्यवहार किया गया। बुधवार को, ट्रंप ने घोषणा की कि एडम बोहलर, वर्तमान में हेल्थकेयर निवेश फर्म रूबिकॉन फाउंडर्स के सीईओ, बंधक मामलों के लिए उनके विशेष दूत होंगे।ट्रंप ने दो निजी अंतरिक्ष उड़ानों का नेतृत्व करने वाले शिफ्ट4 के सीईओ जेरेड इसाकमैन को नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के अगले प्रशासक के रूप में और अमेरिकी सेना के अनुभवी और उद्यम पूंजीपति डैनियल पी. ड्रिस्कॉल को सेना सचिव के रूप में नामित किया है।

## दक्षिण कोरिया मार्शल लॉ विवाद : रक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार, रिटायर्ड आर्मी जनरल लेंगे उनकी जगह

प्रात: किरण/ एजेंसी

सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल ने रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। देश में मार्शल लॉ लागू होने में उनकी कथित भूमिका को लेकर बढ़ते विवाद के बीच यह इस्तीफा हुआ है।बता दें राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देश में मंगलवार रात मॉर्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा। मार्शल लॉ कुछ ही घंटे तक लागू रहा। आरोप है कि किम ने कथित तौर पर मार्शल लॉ घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। उनके इस्तीफे की मांग विपक्षी ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से भी गई।

यून के चीफ ऑफ स्टाफ चुंग जिन-सुक ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राष्ट्रपति ने किम के उत्तराधिकारी के रूप में चोई ब्युंग-हुक को नामित किया, जो एक रिटायर्ड फोर स्टार आर्मी जनरल हैं और वर्तमान में सऊदी अरब में दक्षिण कोरिया के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

इससे पहले दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने बुधवार को माफी मांगी और इस्तीफे की पेशकश की। किम ने एक बयान में कहा, मैंने इमरजेंसी मार्शल लॉ की वजह से पैदा हुई उथल-पुथल की जिम्मेदारी लेते हुए राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। यून की मार्शल लॉ की घोषणा का न सिर्फ विपक्षी पार्टियों ने बल्कि उनकी अपनी सत्ताधारी दल पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) ने भी विरोध किया। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक राष्ट्रपति यून सुक-योल पीपुल्स पावर की लोकप्रियता रेटिंग लगातार कम हो रही है। उनकी पत्नी भी कुछ कथित घोटालों और विवादों से जुड़ी रही हैं।

## 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' ने गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया, इजराइल का इनकार

प्रात: किरण/ एजेंसी

काहिरा। मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली अंतराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था ह्यएमनेस्टी इंटरनेशनलह्व ने इजराइल पर हमास के साथ युद्ध के दौरान गाजा पट्टी में नरसंहार करने का आरोप लगाया है, हालांकि इजराइल ने इन आरोपों से इनकार किया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि इजराइल ने घातक हमले करके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को नष्ट किया है तथा भोजन, दवा और अन्य आवश्यक सहायता की आपूर्ति को रोककर जानबूझकर फलस्तीनियों को तबाह करने की कोशिश की है। मानवाधिकार समूह ने बृहस्पतिवार को पश्चिम एशिया के सदर्भ में एक रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया कि इस तरह की कार्रवाइयों को सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले या नागरिक क्षेत्रों में आतंकवादियों की मौजूदगी की दलील देकर उचित नहीं ठहराया जा सकता। इजराइल पर हमास के हमले के कारण युद्ध भड़क उठा।एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अमेरिका एवं सहयोगियों से इजराइल को हथियारों की खेप की आपूति रोकने का आह्वान किया।एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने रिपोर्ट में कहा, हमारे निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चेतावनी हैं। यह नरसंहार है। इसे अब रोकना होगा। इजराइल ने अपने खिलाफ नरसंहार के आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है।इजराइल ने ऐसे आरोपों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती दी है और इसने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके पूर्व रक्षा मंत्री ने गाजा में युद्ध अपराध किए थे। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, निंदनीय और कट्टरपंथी संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक बार फिर एक मनगढ़ंत रिपोर्ट पेश की है जो पूरी तरह से गलत और झूठ पर आधारित है।इजराइल ने हमास पर युद्ध को भड़काने वाले हमले में नरसंहार करने का आरोप लगाया और कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार खुद का बचाव कर रहा है।

## सीरिया में रूसी नौसैनिक अड्डे पर कब्जा कर सकते हैं HTS विद्रोही

# पुतिन ने तेज की मिसाइलों की बारिश, युद्धपोत हटा रहे

प्रात: किरण/ एजेंसी



- यूक्रेन के बाद अब सीरिया में रूसी सेना को जोरदार लड़ाई में लड़ना पड़ रहा है
- हयात तहरीर अल शाम के विद्रोही रणनीतिक शहर हामा की ओर बढ़ रहे हैं
- एचटीएस के निशाने पर टार्टस है जहां पर रूस की सेना ने अड्डा बना रखा है

दमिश्क। यूक्रेन के बाद अब सीरिया में रूसी सेना को जोरदार लड़ाई में लड़ना पड़ रहा है। अलेप्पो पर कब्जा करने के बाद हयात तहरीर अल शाम यानि एचटीएस के विद्रोही रणनीतिक शहर हामा की ओर बढ़ रहे हैं। इसके बाद एचटीएस विद्रोहियों के निशाने पर टार्टस है जहां पर रूस की सेना ने अपना नौसैनिक अड्डा बना रखा है। इस बड़े खतरे को देखते हुए अब रूसी सेना ने सीरिया के अंदर से ही इस नौसैनिक बेस से मिसाइलों की बारिश शुरू कर दी है। वहीं सीरिया की सेना भी विद्रोहियों को पीछे ढकेलने के लिए जवाबी हमले कर रही है। तुर्की समर्थति विद्रोही कभी भी खमेइमिम एयरबेस पर कब्जा कर सकते हैं। इस एयरबेस को साल 2015 में सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद ने रूस को दे दिया था।

इसके बाद सीरिया के गृहयुद्ध में असद सरकार को रूस की मदद से बढ़त मिल गई थी। हामा सीरिया का चौथा सबसे बड़ा शहर है। बुधवार को रूसी सेना ने जोरदार हवाई हमला बोला और इसके बाद सीरिया की सेना ने विद्रोहियों को 10 किमी पीछे ढकेल दिया। सीरिया की राजधानी दमिश्क की सुरक्षा के लिए हामा पर असद सेना का कब्जा जरूरी है। यही नहीं हामा ही तटीय शहरों टार्टस और लटाकिया का प्रवेश द्वार है। हामा में रूसी सेना का नौसैनिक बेस मौजूद है। एचटीएस के अलावा इस लड़ाई में उसे तुर्की के समर्थन वाले सीरियाई मलिशियि सीरियन नेशनल आर्मी का भी साथ मिला हुआ है।

**रूस के लिए क्यों अहम है सीरियाई नेवल बेस:** इस बीच संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गैर पेडेर्सन ने कहा कि हजारों की तादाद में आम नागरिक इस लड़ाई की वजह से विस्थापित हुए हैं। रूसी नौसेना के इस बेस पर जब से खतरा मंडराया है, रूस ऐक्शन में आ गया है। उसने बचाव के कदम के तहत अपने 5 युद्धपोतों और एक किलो क्लास की सबमरीन को यहां से निकाल लिया है। दो दिसंबर को टार्टस से येलन्या युद्धपोत रवाना हुआ। इस हमले के बाद पुतिन के करीबी राष्ट्रपति असद बैकफुट पर हैं। वहीं वद्रिोहियों की नजर अब राजधानी दमिश्क पर है।

विश्लेषकों का कहना है कि अगर रूस सीरयिा से अपने युद्धपोतों को हटा रहा है तो इसका मतलब है कि वह सीरियाई सरकार की ज्यादा मदद नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि सीरिया में खराब होते हालात की वजह से रूस को यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। टार्टस नेवल बेस रूस के लिए बहुत अहम था। रूसी सेना इस नेवल बेस पर साल 1971 से अपना कब्जा बनाए हुए है। साल 2012 में सीरिया में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद इस नेवल बेस का महत्व काफी बढ़ गया। यह रूस का वदिश में सबसे बड़ा नौसेनिक बेस है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद नाटो को जवाब देने के लिए भी रूस इस नेवल बेस का इस्तेमाल कर रहा था।

**गृहयुद्ध** सीरियाई राष्ट्रपति असद ने विद्रोहियों के हमले के लिए अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को दोषी ठहराया है।

# सीरिया में फिर क्यों शुरू हुआ गृहयुद्ध, हमास-हिजबुल्ला के साथ इस्त्राइली जंग से क्या संबंध?

नई दिल्ली, एजेंसी



सीरिया में विद्रोही गुटों ने अचानक हमला करके चौंका दिया। इन विद्रोहियों ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलप्पो से सेना को खदेड़ दिया है। इससे देश में 13 साल से चल रहे गृहयुद्ध में एक नया दौर शुरू हो गया है, जिसके बारे में कहा जा रहा था कि यह खत्म हो गया है। जानकारों ने सीरिया की ताजा स्थिति को हमास-हिजबुल्ला के साथ 14 महीने से जारी इस्त्राइली जंग से जोड़ा है। सीरिया फिर गृह युद्ध में फंस गया है। यहां राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोही गुटों ने जंग छेड़ दी है। यह 2016 के बाद सबसे बड़ा हमला है। बीते हफ्ते कट्टरपंथी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और अन्य गुटों ने अलप्पो, इदलिब और हामा शहरों का रुख किया, जिससे संघर्ष बढ़ गया। हिंसक टकराव में सैकड़ों आम नागरिक हताहत हुए हैं, हजारों लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर हुए हैं और अहम बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। सीरिया में जारी संघर्ष का असर इसकी सीमा से परे भी है जिसमें अमेरिका, इस्त्राइल, ईरान और तुर्किये सहित अन्य बाहरी पक्ष भी शामिल हैं। सीरियाई राष्ट्रपति असद ने विद्रोहियों के हमले के लिए अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को दोषी ठहराया है। नए संघर्ष ने पश्चिम एशिया में एक और हिंसक मोर्चे के खुलने की आशंका को बढ़ा दिया है, वह भी ऐसे समय में जब अमेरिका समर्थित इस्त्राइल, गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला से लड़ रहा है।

पहले जानते हैं कि सीरिया में क्या हो रहा है?

कट्टरपंथी समूह हयात तहरीर अल-शाम ने पिछले हफ्ते सीरिया में अचानक और सफल आक्रमण करके चौंका दिया। हयात तहरीर अल-शाम या एचटीएस लंबे समय से देश का सबसे मजबूत विद्रोही गुट माना जाता रहा है। इन विद्रोहियों ने 26 नवंबर को अचानक अलप्पो के उत्तर और उत्तर-पश्चिम के इलाकों से हमला किया। वहीं 29-30 नवंबर को वे शहर में घुस आए और सेना को वहां से खदेड़ दिया। अब एचटीएस के हजारों लड़ाकों ने एक प्रमुख शहर अलप्पो पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही एक रणनीतिक राजमार्ग को काट दिया है और देश के एक हिस्से से बशर अल-असद की सेना को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा है। इस टकराव से देश में 13 साल से चल रहे गृहयुद्ध में एक नया दौर शुरू हो गया है जिसके बारे में कई लोगों का मानना था कि यह खत्म हो गया है। यह 2016 के बाद पहली बार है जब अलप्पो शहर का नियंत्रण सरकार से छिन गया है। आठ साल पहले रूस और ईरान समर्थित सैन्य बलों ने अलप्पो के पूर्वी जिलों पर कब्जा करने वाले विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। विद्रोहियों ने अब अलप्पो के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में अपना नियंत्रण जारी रखा है और हामा प्रांत के इलाकों पर भी कब्जा कर लिया है। हालिया हमला कुछ वर्षों में संघर्ष की बढ़ती गंभीर स्थिति को बताता है। 2011 में असद सरकार के खिलाफ अरब स्प्रिंग विद्रोह से शुरू हुए में युद्ध में करीब पांच लाख लोगों की मौत हो चुकी है। गृह युद्ध से 2.3 करोड़ की आबादी वाले देश से करीब 68 लाख लोगों को अपने घरों से मजबूर बेघर होना पड़ा है और लाखों लोग विदेश में शरणार्थी बन गए हैं। इस हमले की शुरूआत हयात तहरीर अल-शाम ने की थी। हयात तहरीर अल-शाम का अर्थ है ग्रेटर सीरिया की मुक्ति के लिए आंदोलन। इसने उत्तर-पश्चिमी सीरियाई प्रांत इदलिब को नियंत्रित किया है। अबू मोहम्मद अल-गोलानी के नेतृत्व वाली एचटीएस लंबे समय से इदलिब में प्रमुख ताकत रहा है। तहरीर अल-शाम को पहले जबात नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था। दरअसल, एचटीएस को अल-कायदा ने बनाया था ताकि यह सीरिया के गृहयुद्ध खत्म होने के बाद यहां की स्थिति का फायदा उठा सके।



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हो रही है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 06 दिसम्बर, 2024 को बिहार गृह रक्षा वाहिनी के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बिहटा, पटना में किया जा रहा है।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी पुलिस बल व स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एक दक्ष बल की भाँति समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर रहा है। आपदा–प्रबंधन एवं आवश्यक सेवाओं को बनाये रखने में इस संगठन की महती भूमिका रही है। अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु इसे अनेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है।

गृह रक्षा वाहिनी में स्वच्छ नामांकन होने से विभाग में नये रक्त का संचार हुआ है। दूसरी ओर, गृहरक्षकों के प्रशिक्षण सेना के प्रशिक्षकों की देख–रेख में होने के कारण प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार आया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन अपने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा में इसी प्रकार तत्पर रहेगा।

मैं गृह रक्षा वाहिनी संगठन के **78वें स्थापना दिवस** के अवसर पर इसके सदस्यों को हार्दिक शुभकामना एवं बधाई देता हूँ।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.-014125 (Home)D. 2024-25

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555